राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

11 फॉक्स ने डनहिल लिंक्स चैंपियनशिप जीतने के बाद वार्न श्रद्धांजलि दी

एस जयशंकर 5 से 11 अक्टूबर तक न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया.... 12

वर्ष : 13 | अंक : 139 | पटना, मंगलवार, 04 अक्टूबर, 2022 | आश्विन शुक्ल नवमी, विक्रम संवत् 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# मुख्यमंत्री ने मां भगवती शीतला माता, बड़ी पटनदेवी एवं छोटी पटनदेवी की पूजा अर्चना की

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को नवरात्रा पर्व की महाअष्टमी के दिन अगमकुआँ स्थित शीतला माता मंदिर जाकर मां शीतला देवी, पटना सिटी स्थित बड़ी पटनदेवी मंदिर एवं छोटी पटनदेवी मंदिर जाकर पूजा अर्चना की। पुरोहितों ने मंत्रोचार के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विधिवत पूजा करायी। मुख्यमंत्री ने मां शीतला देवी, मां बड़ी पटनदेवी एवं मां छोटी पटनदेवी से राज्य की सुख, शांति, समृद्धि एवं प्रगति की कामना की।

**● राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए की कामना**

मुख्यमंत्री ने मारूफगंज स्थित श्री श्री बड़ी देवी जी तथा श्री श्री दलहट्टा देवी जाकर मां भगवती दुर्गा की भी पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मारूफगंज मारवाड़ी सेवा समिति द्वारा अंगवस्त्र, पाग एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। पूजा अर्चना के दौरान वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद सिंह उर्फ छोटू सिंह, जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक मानवजीत सिंह ढ़िल्लो सहित आयोजकगण, अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

पूजा अर्चना के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग महाअष्टमी के दिन दर्शन करने के लिए हर वर्ष यहां आते हैं। यहां आकर माता को नमन करते हैं, पूजा अर्चना करते हैं। राज्य के साथ-साथ देश एवं पूरी दुनिया की सुख, शांति एवं खुशहाली की कामना करते हैं।

**प्रात: किरण परिवार की ओर से आप सभी को दुर्गापूजा की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। दशहरा को लेकर प्रात:किरण का दफ्तर 4 अक्टूबर मंगलवार व 5 अक्टूबर बुधवार को बंद रहेगा। पुन: 6 अक्टूबर गुरूवार को दफ्तर खुलेगा। पाठकों को प्रात:किरण का अंगला अंक 7 अक्टूबर शुक्रवार को मिलेगा।**

**मौसम**

अधिकतम तापमान 27.0°C

न्यूनतम तापमान 16.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

हां 30%
नहीं 50%
कह नहीं सकते 10%

**बाजार**

सोना 55,291

चांदी 55,300

सेंसेक्स 54,306

निफ्टी 22,503

# स्वदेशी हल्का लड़ाकू हेलिकॉप्टर प्रचंड वायु सेना के बेड़े में शामिल

**वायु सेना**

**● एलसीएच को बेड़े में शामिल किये जाने के बाद रक्षा मंत्री ने इसका नामकरण करते हुए इसे प्रचंड नाम दिया। अब से इस हेलिकॉप्टर को प्रचंड के नाम से जाना जायेगा।**

जोधपुर, एजेंसी

देश में ही बना पहला बहुउद्देशीय हल्का लड़ाकू हेलिकॉप्टर (एलसीएच) सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में वायु सेना के बेड़े में शामिल हो गया। यहां वायु सेना स्टेशन में आयोजित समारोह में हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने रक्षा मंत्री को एलसीएच की पारंपरिक चाबी सौंपी जिसे बाद में रक्षा मंत्री ने वायु सेना प्रमुख वी आर चौधरी को प्रदान किया। इसके साथ यह हेलिकॉप्टर वायु सेना के हेलिकॉप्टर बेड़े में शामिल हो गया। इस मौके पर देश के दूसरे प्रमुख रक्षा अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान (सेवानिवृत) भी मौजूद रहे। एलसीएच को बेड़े में शामिल किये जाने से पहले एक सर्वधर्म प्रार्थना भी की गयी। एलसीएच को बेड़े में शामिल किये जाने के बाद रक्षा मंत्री ने इसका नामकरण करते हुए इसे प्रचंड नाम दिया। अब से इस हेलिकॉप्टर को प्रचंड के नाम से जाना जायेगा। प्रचंड को बेड़े में शामिल किये जाने के बाद पानी की बौछारों वाटर केनन से इसे पारंपरिक सलामी दी गयी। अत्याधुनिक मिसाइलों तथा राकेटों से लैस प्रचंड दुश्मन के छक्के छुड़ाने तथा उसे नेस्तानाबूद करने में पूरी तरह सक्षम है। इसे वायु सेना की 143 हेलिकॉप्टर यूनिट में शामिल किया गया है। अभी तक वायु सेना विदेशी लड़ाकू हेलिकाप्टरों का इस्तेमाल करती आ रही थी। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने गत मार्च में ही 15 एलसीएच की खरीद को मंजूरी दी थी। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि सरकार राष्ट्र की रक्षा को सबसे पहला कर्तव्य मानती है और इसके लिए वह हर संभव कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, राष्ट्र की रक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसे सुनिश्चित करने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूँ, कि आने वाले समय में जल्द ही, दुनिया में सैन्य शक्ति समेत जब भी सुपर पॉवर की बात होगी, तो भारत सबसे पहले गिना जाएगा। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाए रखने के क्रम में हमारा यह हमेशा प्रयास रहता है, कि हमारी सशस्त्र सेना बेहतरीन उपकरणों और प्लेटफॉर्म से सुसज्जित रहें। दुनिया में भू राजनीतिक परिदृश्य कैसा भी हो, पर राष्ट्रीय सुरक्षा को हमेशा चौकस रखना हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

### एचएल से आज मिले 04 हेलीकॉप्टर

पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए एलसीएच की पहली स्क्वाड्रन 'थनुष' राजस्थान के जोधपुर में आज से शुरू की गई है। एचएल से आज मिले चार हेलीकॉप्टर इस पहली स्क्वाड्रन में तैनात किए गए हैं। अब इसके बाद पाकिस्तान के साथ-साथ चीन सीमा की भी निगरानी करना ज्यादा आसान और सुरक्षित हो जाएगा। साथ ही आर्तकियों और घुसपैठियों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। भारतीय वायुसेना को एचएएल से मिलने वाले अन्य लड़ाकू हेलीकॉप्टर इसी स्क्वाड्रन में शामिल किए जाएंगे। इस हेलीकॉप्टर को चीन की सीमा पर भी तैनात किए जाने की योजना है।

### सबसे पहले एलसीएच की सर्वधर्म पूजा

स्वदेशी हल्का अटैक हेलीकॉप्टर वायुसेना के बेड़े में शामिल करने के कार्यक्रम की शुरूआत रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने नए एलसीएच की सर्वधर्म पूजा करके की। इसके बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के सीएमडी सीबी अनंतकृष्णनन ने एलसीएच की चाबी के गुच्छा रक्षामंत्री को सौंपा। राजनाथ सिंह ने एयर चीफ वीआर चौधरी को इसे सौंपने के साथ ही स्वदेशी हल्के अटैक हेलीकॉप्टर वायुसेना के बेड़े में शामिल करने की औपचारिकता पूरी की। इस मौके पर परंपरा के अनुसार एलसीएच को 'वाटर कैनन सैल्यूट' दिया गया। रक्षामंत्री ने 143 यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर के साथ 15 मिनट उड़ान भरी और एलसीएच के सामने खड़े होकर फोटो भी खिंचवाई।

### जोधपुर में एलसीएच की यह पहली स्क्वाड्रन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'राष्ट्रीय रक्षा समर्पण पर्व' के मौके पर पिछले साल 19 नवम्बर को भारतीय वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी को हल्के वजन वाले लड़ाकू हेलीकॉप्टर का मॉडल सौंपा था। देश के सबसे बड़े और ताकतवर जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन पर स्वदेशी अटैकर हेलीकॉप्टर की तैनाती होने से पाकिस्तान से लगती पश्चिमी सीमा और ज्यादा मजबूत होगी। लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर की जोधपुर में तैनात एलसीएच एयरफोर्स वर्जन की यह पहली स्क्वाड्रन है। एलसीएच में प्रभावी लड़ाकू भूमिकाओं के लिए उन्नत तकनीकों और साइलेंट फीचर को शामिल किया गया है।

### पाकिस्तान और चीन बॉर्डर पर होगी नजर

एयरफोर्स डे पर 8 अक्टूबर को 10 हेलीकॉप्टर हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से वायुसेना को मिलेंगे। एचएएल से पहले बैच में मिलने वाले दस एलसीएच इसी स्क्वाड्रन में शामिल किए जाएंगे। यह हेलीकॉप्टर पाकिस्तान के साथ-साथ चीन बॉर्डर पर भी नजर रखेंगे। हालांकि औपचारिक तौर पर आज वायुसेना में शामिल होने से पहले ही दो एलसीएच हेलीकॉप्टर पूर्वी लद्दाख से सटी एलएसी पर तैनात किए जा चुके हैं। इसे दुश्मन की वायु रक्षा, काउंटर विद्रोह, खोज और बचाव, टैंक विरोधी, काउंटर सर्फेस फोर्स ऑपरेशंस इत्यादि जैसी भूमिकाओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इससे पहले 29 सितम्बर को भारतीय सेना में स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर को शामिल किया गया है। पहला एलसीएच औपचारिक रूप से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने सेना उड्डयन कोर के महानिदेशक को सौंपा।

# बिहार की 2 सीटों पर उपचुनाव का ऐलान

**3 नवंबर को गोपालगंज और मोकामा में मतदान**

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार की दो विधानसभा सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए चुनाव आयोग ने तारीखों का एलान कर दिया है। मोकामा और गोपालगंज विधानसभा सीट के लिए 3 नवंबर को वोटिंग होगी जबकि 6 नवंबर को मतगणना होगी। प्रत्याशी 14 अक्टूबर से अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे जबकि 15 अक्टूबर नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 17 अक्टूबर तक अपना नामांकन वापस लेने सकेंगे। उपचुनाव की अधिसूचना 7 अक्टूबर को जारी होगी। बिहार के साथ ही 5 अन्य राज्यों में भी उपचुनाव की तारीखों का एलान चुनाव आयोग ने कर दिया है। हरियाणा के आदमपुर विधानसभा सीट, महाराष्ट्र के अंधेरी ईस्ट, तेलंगाना के मुन्नूगोडे, उत्तर प्रदेश को गोला गोरखनाथ और उड़िसा के धामनगर विधानसभा सीट पर में उपचुनाव होंगे। बिहार समेत कुल 6 राज्यों में विधानसभा की सीटों पर उपचुनाव के लिए 3 नवंबर को वोटिंग होगी। गोपालगंज और मोकामा में उपचुनाव: बिहार में मोकामा विधानसभा सीट से आरजेडी विधायक रहे अनंत सिंह के सजायाफ्ता घोषित होने के बाद उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई थी, जिसके बाद मोकामा विधानसभा की सीट खाली हो गई थी। वहीं गोपालगंज में प्रदेश के पूर्व सहकारिता मंत्री रहे सुभाष सिंह की बीमारी से मौत हो जाने के कारण सीट खाली हुई थी।

### दुर्गा पंडाल अग्निकांड में पांच मरे

भदोही, एजेंसी। उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के औराई थाना इलाके के नरथुआ पोखरा के समीप सजाये गए गुफानुमा भव्य दुर्गा पूजा पंडाल में बीती रात आरती के दौरान लगी आग में अब तक पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि 68 लोग आग में झुलस कर घायल हुए हैं। इनमें से 18 लोगों की हालत गंभीर है। जिला प्रशासन ने सोमवार का बताया कि घायलों का इलाज भदोही, प्रयागराज व वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। इस बीच औराई पुलिस ने आज दुर्गा पूजा आयोजक समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार उर्फ बच्चा यादव एवं समिति के अन्य पदाधिकारियों के खिलाफ विद्युत अधिनियम व दंड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस घटना पर संज्ञान लेते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूजा समितियों से बिजली और अग्निशमन के सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की अपील की है।

**संक्षिप्त खबरें**

### राज्यपाल ने दुगापूर्जा एवं विजयादशमी की दी बधाई

पटना। राज्यपाल फागू चैहान ने दुगापूर्जा एवं विजयादशमी के पावन अवसर पर समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है तथा हमें जीवन में नैतिकता, ईमानदारी और सदाचार को अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कामना की है कि यह त्योहार राज्य एवं देश में शांति, समृद्धि एवं खुशहाली लेकर आये। राज्यपाल ने इस त्योहार को आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भावना के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाने की अपील की है ताकि हमारी गौरवपूर्ण सांस्कृतिक परम्परा समृद्ध हो सके।

# दुर्गापूजा : राजधानी सहित पूरे प्रदेश में धूमधाम से हुई महागौरी की पूजा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में नवरात्रि के आठवें दिन सोमवार को मां महागौरी की पूजा धूमधाम से की की गई। सुबह से ही पूजा पंडालों में मां महागौरी की दर्शन व पूजा अर्चना व खोइछा भराई के लिए पंडालों में भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाएं कतारबद्ध तरीके से मां की पूजा अर्चना की। इन सब के बीच झमाझम बारिश ने कुछ देर के लिए त्योहार के मजे को किरकिरा कर दिया। इसके बावजूद श्रद्धालू हर्षोल्लास के साथ मां शक्ति की उपासना में लोग लीन होकर भक्ति भाव से मां महागौरी की पूजा-पाठ किया। सोमवार की दोपहर को हुई बारिश के बाद पटना के डाकबंगला चौराहे के पास बनाए गए पूजा पंडाल का स्वागत द्वार भरभरा कर गिर गया। द्वार गिरने के फौरन बाद मार्ग को बंद कर दिया गया। स्वागत द्वार गिरने के बाद पूजा-पंडाल के कारीगर गेट को दुरुस्त करने में जुट गए. बारिश के बीच गेट को ठीक करने में कारीगर काफी परेशान रहे। बिहार में बीते शनिवार तक मौसम का मिजाज ठीक था। लेकिन रविवार को एक तरफ जहां हल्की बारिश हुई। वहीं, सोमवार यानी नवरात्रि के अष्टमी को बिहार की राजधानी पटना में दोपहर के बाद से रुक-रुक कर तेज बारिश हुई। बारिश ने त्योहार के रंग में थोड़ा ही सही लेकिन भंग जरूर डाला है। पटना मौसम विभाग के अुनसार10 अक्टूबर तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा। बिहार में मानसून का प्रभाव बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के कारण देखने को मिल रहा है। विभाग के मुताबिक 4 और 5 अक्टूबर को भी पटना में बारिश होने की संभावना है। पटना मौसम विभाग ने आज सोमवार को पटना समेत अरवल, औरंगाबाद, भोजपुर, बक्सर आदि इलाके में मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है।

# यात्रियों की सुविधा हेतु चलेंगी और 06 जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनें

प्रात : किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर। पूजा के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पटना, दानापुर, समस्तीपुर आदि स्टेशनों से/तक और 06 जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। यह पूजा स्पेशल ट्रेन पूर्व में सूचित 24 जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनों के अतिरिक्त है। 1. 03281/03282 पटना-सिकंदराबाद-पटना पूजा स्पेशलः गाड़ी संख्या 03281 पटना-सिकंदराबाद पूजा स्पेशल दिनांक 27 अक्टूबर से 10 नवंबर तक प्रत्येक गुरूवार को पटना से 16.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 23.55 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 03282 सिकंदराबाद-पटना पूजा स्पेशल दिनांक 29 अक्टूबर से 12 नवंबर तक प्रत्येक शनिवार को सिकंदराबाद से 15.25 बजे प्रस्थान कर सोमवार को 00.30 बजे पटना पहुंचेगी। यह ट्रेन दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन सहित अन्य स्टेशनों पर रूकेगी। 09417/09418 अहमदाबाद-पटना-अहमदाबाद पूजा स्पेशलः गाड़ी संख्या 09417 अहमदाबाद-पटना पूजा स्पेशल दिनांक 17 अक्टूबर से 28 नवबंर तक प्रत्येक सोमवार को अहमदाबाद से 09.10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 21.00 बजे पटना पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 09418 पटना-अहमदाबाद पूजा स्पेशल दिनांक 18 अक्टूबर से 29 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार को पटना से 23.45 बजे प्रस्थान कर गुरूवार को 11.20 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। यह ट्रेन दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन सहित अन्य स्टेशनों पर रूकेगी। 01031/01032 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-मालदा टाउन-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पूजा स्पेशलः गाड़ी संख्या 01031 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-मालदा टाउन पूजा स्पेशल दिनांक 17 अक्टूबर एवं 24 नवबंर को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 11.05 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 00.45 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 01032 मालदा टाउन-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पूजा स्पेशल दिनांक 19 अक्टूबर एवं 26 अक्टूबर को मालदा टाउन से 12.20 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 03.50 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन अन्य स्टेशनों के अलावा पूर्व मध्य रेल के किऊल, बख्तियारपुर, पटना, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन स्टेशनों पर रूकेगी। 01043/01044 लोकमान्य तिलक टर्मिनस - समस्तीपुर -लोकमान्य तिलक टर्मिनस पूजा स्पेशलः गाड़ी संख्या 01043 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-समस्तीपुर पूजा स्पेशल दिनांक 20 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक प्रत्येक रविवार एवं गुरूवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 12.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 21.15 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी।

इसी तरह गाड़ी संख्या 01044 समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस पूजा स्पेशल दिनांक 21 नवंबर से 31 अक्टूबर तक प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को समस्तीपुर से 23.30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 07.40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन अन्य स्टेशनों के अलावा पूर्व मध्य रेल के मुजफ्फरपुर, हाजीपुर पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन स्टेशनों पर रूकेगी। 01663/01664 रानी कमलापति (भोपाल)-दानापुर- रानी कमलापति (भोपाल) पूजा स्पेशलः गाड़ी संख्या 01663 रानी कमलापति (भोपाल)-दानापुर पूजा स्पेशल दिनांक 21, 26 एवं 31 अक्टूबर को रानी कमलापति (भोपाल) से 14.20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 08.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 01664 दानापुर-रानी कमलापति पूजा स्पेशल दिनांक 22, 27 अक्टूबर एवं 01 नवंबर को दानापुर से 12.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 09.50 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। यह ट्रेन अन्य स्टेशनों के अलावा पूर्व मध्य रेल के आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन स्टेशन पर रूकेगी। 01705/01706 जबलपुर-दानापुर-जबलपुर पूजा स्पेशलः गाड़ी संख्या 01705 जबलपुर-दानापुर पूजा स्पेशल दिनांक 27 अक्टूबर को जबलपुर से 19.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 08.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 01706 दानापुर-जबलपुर पूजा स्पेशल दिनांक 28 अक्टूबर को दानापुर से 12.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 04.15 बजे जबलपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन अन्य स्टेशनों के अलावा पूर्व मध्य रेल के आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन स्टेशन पर रूकेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सीम को किया सम्मानित

**पटना सिटी।** मारवाड़ी सेवा समिति की सिटी शाखा के द्वारा आयोजित दशहरा सेवा शिविर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी और आप्त सचिव मनीष कुमार का आगमन हुआ। इस अवसर पर सीम को राजस्थानी साफा, भगवती की चुनरी, दोशाला और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रायोजक जगमोहन लाल शिवरतन ज्वेलर्स के प्रबंधक शशिशेखर रस्तोगी और सौरभ रस्तोगी ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा ने की। इस अवसर पर जदयू व्यावसायिक औद्योगिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह समाजसेवी कमल नोपानी, संयोजक राहुल अग्रवाल, राजकुमार गोयनका, सुभाष पोद्दार, अशोक बंका, अनूप पोद्दार, लक्ष्य रस्तोगी आदि उपस्थित थे।

### शिया समुदाय कल निकालेगा जुलूसे अमारी

**पटना सिटी।** अंजुमने पंजेतनी की ओर से बुधवार को शिया समुदाय के लोग जुलूसे अमारी निकालेंगे। नवाब बहादुर रोड़ स्थित चोआ लाल लेन स्थित याहिया मंजिल से यह निकलेगा, जो नौजर कटरा इमामबाड़ा तक जाएगा। अंजुमने पंजेतनी के अध्यक्ष तनवीरूल हसन तन्नू, सैयद अली इमाम, चमडोरिया इमामाबाड़ा के सचिव सैयद शाह जौहर इमाम जौनी व शाह सरबर इमाम ने बताया कि यहां मौलाना की तकरीर होगी। अंजुमने हुसैनिया की ओर से बावली मोड़ इमामबाड़ा से चुप ताजिया का जुलूस निकाला जायेगा। यह भी नौजर कटरा तक जाएगा।

### भगवती की प्रतिमा विसर्जन को 7 घाट पर तैयारी

**पटना सिटी।** नवरात्र के 9 दिनों तक भगवती की मिट्टी की प्रतिमा बनाकर उन्हें सजा संवार कर पूजा

पंडाल एवं स्थान पर पूजा अर्चना की गई। विजयादशमी के दिन इन प्रतिमाओं का विसर्जन को लेकर अनुमंडल प्रशासन ने सात घाटों पर तैयारियां की हैं। मिली जानकारी के अनुसार अधिकांश प्रतिमाओं का विसर्जन विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा भद्रघाट एवं गायघाट में किया जाता है। इन दोनों घाट पर अस्थाई थाना और प्रशासनिक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। यहां दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही शांति समिति के सदस्य और नागरिक सुरक्षा कोर के वार्डन भी यहां तैनात रहेंगे, जो विधि-व्यवस्था संधारण में पुलिस प्रशासन के लोगों का सहयोग करेंगे। इन घाटों के अलावा लॉ कालेज घाट, कंगन घाट, किला घाट, दमराही घाट और पथरी घाट पर भी कृत्रिम तालाब का निर्माण कराया जा रहा है। प्रतिमाओं का विसर्जन घाट किनारे बनाए जाने वाले कृत्रिम तालाब में ही किया जाएगा। इसे लेकर घाटों का मुआयना भी एसडीओ और एएसपी कर चुके हैं।

### 88 की जांच में डेंगू के मिले 43 मरीज

**पटना सिटी।** एनएमसीएच में सोमवार को 88 नमूना एलाइजा जांच के लिए लिया गया। इसमें 33 में डेंगू पाया गया। इस संबंध में नालंदा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सह माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ हीरालाल महतो ने बताया कि 88 नमूनों का एलाइजा टेस्ट किया गया। इसमें 43 में डेंगू की पुष्टि हुई है। इधर मेडिसीन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अजय कुमार सिन्हा ने बताया कि इंडोर में 10 डेंगू पीड़ित मरीज का इलाज चल रहा है। सवाल है कि प्रतिदिन डेंगू के मरीज बड़ी संख्या में मिल रहे हैं, मगर उस अनुपात में सरकारी अस्पताल में भर्ती होकर इलाज नहीं करा पा रहे हैं। इनमें अधिकांश मरीज या तो घर पर रहकर या फिर निजी नर्सिंग होम में भर्ती होकर इलाज करा रहे हैं।

### यात्रियों की सुविधा हेतु चलेंगी और 06 जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनें

**पटना/हाजीपुर।** पूजा के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पटना, दानापुर, समस्तीपुर आदि स्टेशनों से/तक और 06 जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी । यह पूजा स्पेशल ट्रेन पूर्व में सूचित 24 जोड़ी पूजा स्पेशल ट्रेनों के अतिरिक्त है ।1. 03281/03282 पटना-सिकंदराबाद-पटना पूजा स्पेशलः गाड़ी संख्या 03281 पटना-सिकंदराबाद पूजा स्पेशल दिनांक 27 अक्टूबर से 10 नवंबर तक प्रत्येक गुरूवार को पटना से 16.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 23.55 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी ।

# महाअष्टमी व्रत कर महागौरी की आराधना, कुंवारी कन्या पूजन हुआ

- बड़ी पटनदेवी में दर्शन को आम से लेकर खास तक के दर्शन को लंबी लाइन
- हुआ संधि पूजा, आज हवन व कुंवारी पूजन के साथ नवरात्र होगा पूरा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री महाराजगंज बड़ी देवी जी में सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक नंदकिशोर यादव दर्शन करते

श्री बड़ी देवी जी, मारूफगंज

नवरात्रि के आठवें दिन भगवती के स्वरूप महागौरी का पूजन किया गया। इस दिन भक्तों ने व्रत रख भगवती की आराधना किया। लोगों ने कुंवारी पूजन भी किया। शक्तिपीठ स्थल श्री छोटी और बड़ी पटनदेवी मंदिर में दर्शन के लिए आम लोगों से लेकर खास तक खासी भीड़ रही, जो रात तक जारी था। यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मंत्री और अधिकारियों का दल भी दर्शन करने को पहुंचा। वहीं संधि पूजा हुआ। मंगलवार को पाठ की समाप्ति के बाद हवन और कुंवारी पूजन के साथ ही नवरात्र का अनुष्ठान होगा। बुधवार सुबह कलश का विसर्जन होगा और दोपहर से स्थापित की गई भगवती की प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर शुरू होगा, जो गुरुवार की रात तक जारी रहेगा। श्री बड़ी पटनदेवी में सबसे अधिक भीड़ भक्तों की रही। यहां रविवार की रात महंत विजय शंकर गिरी और विकास उर्फ भोलुकी देखरेख में, छोटी पटनदेवी में आचार्य अभिषेक अनंत द्विवेदी के नेतृत्व में निशा पूजा हुआ। इसके बाद अल सुबह भगवती की आरती करने के बाद ही भगवती का पट आम भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिया गया था। इसके साथ ही यहां भगवती के दर्शन और पूजन करने के लिए जो लाइन लगी, वह अनवरत रात तक जारी रही। भक्तों की लाइन करीब आधा किलोमीटर लंबी थी, जो तीन और चार पंक्तियों में देखी गई।

यहां मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री, सांसद, विधायक, न्यायाधीशगण, पुलिस प्रशासन के अधिकारी से पदाधिकारी तक परिवार के साथ दर्शन-पूजन करने को पहुंचे। यही स्थिति अगमकुआं स्थित श्री शीतला माता मंदिर, श्री छोटी पटनदेवी मंदिर, गड़हा पर भगवती मंदिर की भी थी। भक्त बिस्कोमान कॉलोनी स्थित प्यारेलाल की बाग बुढ़िया माई मंदिर, गुड़ की मंडी स्थित पीतांबरा मंदिर, खाजेकलां पानी टंकी और दीरापर स्थित काली मंदिर सहित अन्य भगवती मंदिरों में भी पूजा करने को गए। यहां भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्वयंसेवकों की टोली काम कर रही थी। इधर लोगों की आस्था का केंद्र श्री बड़ी देवी जी मारूफगंज और श्री बड़ी देवी जी महाराजगंज के साथ ही श्री मनोरंजन दुर्गा पूजा क्लब चैरी टाल में भी थी। इसके अलावा श्री बड़ी देवी जी पूजा समिति गुरहट्टा, खजेकलां अखाड़ा, नवयुवक संघ खाजेकला, टेढ़ी घाट, मच्छरहट्टा गली, गुरु गोविंद सिंह पथ, कचौड़ी गली में श्री कमला देवी जी, जहां भगवान शंकर के नाभि कमल पर भगवती विराजी थी, को देखने के लिए लोग उतावला दिखे। पादरी की हवेली के सोनार टोली में चांदी की देवी जी की प्रतिमा का भी दर्शन करना लोग नहीं भूलते थे। इसके अलावा हाजीगंज, श्री बड़ी देवी जी दलहट्टा, नंद गोला, नुरुद्दीनगंज स्थित चलती-फिरती भगवती की प्रतिमा भी देखने के लिए लोग निकलते रहे। हालांकि बारिश के बाद गंदगी, कीचड़ और जलजमाव ने भक्तों को घूमने में परेशान किया। श्री बड़ी देवी जी मंदिर न्यास समिति, मारूफगंज में महाष्टमी को भगवती की पूजा और कल्प आरंभ हुआ। इसके बाद संधि पूजा भी किया गया। महानवमी के दिन हवन आदि का अनुष्ठान होगा। पटना सिटी की भगवती की प्रतिमा में एक अजब सा आकर्षण होता है साथ ही प्रतिमा का साज सज्जा भी देखने लायक होता है। श्री बड़ी देवी जी मंदिर न्यास समिति के घनश्याम शर्मा, संत प्रसाद गोलवारा, साधु शरण भदानी व अतानू साहा ने बताया कि महानवमी को पूजा और यज्ञ अनुष्ठान होगा और रात में आरती होगी। बुधवार को शाम 6 बजे भगवती की प्रतिमा के विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकलेगी। यह अशोक राजपथ के विभिन्न रास्ते से होते हुए भद्र कार्ड को जाएगी।

# 11 से जनजागरण अभियान, 31 के बाद बंद करेंगे सैदपुर ट्रीटमेंट

- पहाड़ी नाला पर रोड बनाने को मानव श्रृंखला बना सरकार को दिया संदेश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आनंद केसरी

वर्षों से सैदपुर-पहाड़ी नाला को पाट कर रोड बनाने की मांग की जा रही है। मगर मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री से लेकर अधिकारियों तक से महज आश्वासन ही मिलता आ रहा है। सच्चाई यह है कि सैदपुर से जब मोटर चालू कर पानी छोड़ा जाता है, तो उसके कटाव से नाला की चौड़ाई बढ़ गई है, जबकि रोड की चौड़ाई सिमटता जा रहा है।

नहरनुमा नाला के दोनों किनारे की चहारदीवारी के ढहने से आए दिन वाहन सवार, वाहन नाला में गिरता है और मौत हो रही या फिर लोग घायल हो रहे। मगर सरकार और प्रशासन इस मुद्दे पर केवल आश्वसन से काम चला रहा है। एक तरफ सीएम नीतीश कुमार असली पटना ह्यपटना सिटीह्ल को बताते हैं और दूसरी ओर इसकी उपेक्षा भी की जा रही है पटना में लगातार ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु करने और वाहनों का दबाव कम करने के लिए अंडरपास, फुटओवर ब्रिज, नए रोड, मेट्रो आदि पर काम चल रहा है, मगर पटना सिटी में अशोक राजपथ और पुरानी बाईपास पर वाहनों का दबाव कम करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। एकमात्र काम अगर हो पाया है, तो वह गंगा किनारे भद्र घाट से कंगन घाट के बीच शुरू हुआ रोड है। उसमें भी महज मितन घाट, खाजेकलां घाट और कंगन घाट को ही अशोक राजपथ से लिंक किया गया है, जबकि बीच के अनेक घाटों पर सीढ़ियां बनी हुई है, जिससे दोपहिया वाहन भी उन गलियों से होकर अशोक राजपथ न आ-जा नहीं सकता है। यही कारण है कि वर्षों से सैदपुर और पहाड़ी के बीच बहने वाली नहरनुमा नाले को पाटकर रोड बनाने की मांग की जा रही है। इसके लिए लगातार शांतिपूर्ण तरीके से रचनात्मक आंदोलन कर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने की कोशिश की जा रही है।

समय-समय पर मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री एवं संबंधित अधिकारियों से भी मिलने व ज्ञापन सौंपने का काम किया गया। मगर नतीजा अबतक सिफर ही रहा है। इससे आजिज लोगों ने अंततः अब चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा कर दी है और अब इसमें जनसहभागिता भी जुड़ गई है। यह अभियान भी तब शुरू किया गया है, जब पटना नगर निगम का चुनाव अब उफान लेने को आ गया है। प्रत्याशियों को उनका चुनाव चिन्ह आवंटित हो गया है। यह अलग बात है कि दशहरा जैसे पर्व में उन्हें चुनाव प्रचार करने में परेशानी हो रही है, मगर व्यवस्था से परेशान लोगों ने दशहरा के सप्तमी यानी रविवार को वृहद मानव श्रृंखला बनाकर सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराने से लेकर आंखें खोलने को मजबूर कर दिया है। साथ ही घोषणा किया है कि यदि सरकार जल्द ही इस पर निर्णय लेकर घोषणा नहीं करती है, तो 11 अक्टूबर से जनजागरण अभियान शुरू किया जाएगा। इसके तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद 31 अक्टूबर सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के बाद से सैदपुर ट्रीटमेंट प्लांट पर धावा बोलकर उसे बंद कर आक्रोश का इजहार किया जाएगा। आंदोलन की अगुवाई कर रहे पाटलिपुत्र नगर विकास समिति के अध्यक्ष बबलू कुमार और जनसंघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष नगर निगम के पूर्व पार्षद प्रदीप मेहता ने स्पष्ट कहा है कि मुख्यमंत्री जी यदि आप पटना सिटी को ही असली पटना मानते हैं, तो इसकी अनदेखी करना भी आपको महंगा पड़ेगा। यहां की जनता आपको चाहती व मानती है। आप उन सबों की अपेक्षाओं पर खरे उतरें।

### महापुरुषों के दिन आंदोलन

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जनसंघर्ष मोर्चा और पाटलिपुत्र नगर विकास समिति संयुक्त रूप से दोनों महापुरुषों के तैलचित्र पर पुष्पांजलि करने के बाद सैदपुर से पहाड़ी तक नाला को पाटकर सड़क बनाने की मांग को लेकर करीब दो किमी लंबा मानव श्रृंखला बनाया। लोगों का कहना था कि सैदपुर पहाड़ी नाला स्थानीय लोगों के लिए अभिशाप बन गया है और स्मार्ट सिटी के नाम पर या खुला नाला माथे का कलंक है। सरकार एक माह में अपनी नीति स्पष्ट करे कि कब तक इस नाला को पाटकर सड़क बनाने का कार्य शुरू करेंगे। नहीं तो मजबूर होकर गांधी जी ने जो करो या मरो का नारा दिया थे, हम शपथ लेते हैं की 31 अक्टूबर सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर सैदपुर ट्रीटमेंट प्लांट पर हल्ला बोल आंदोलन कर उसे बंद करने लिए घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन शुरू करेंगे। इसकी तैयारी लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती 11 अक्टूबर के बाद से जनजागरण अभियान चलाकर शुरू किया जाएगा। इस मानव श्रृंखला में तत्कालीन पार्षद इंद्रजीत चंद्रवंशी, सतीश गुप्ता, आदि मेहता, रत्न श मेहता, मधु मजंरी, भुट्टो खान, रामदेव महतो, प्रदीप कुमार, कमलेश मेहता, लल्लू मेहता, गौहर भाई, जफीर आलम, दौलत इमाम, सीपीआई के नेता देवरतन प्रसाद, डॉ इकबाल अहमद, उमेश पंडित, शकुंतला प्रजापति, बैधुबाला सिन्हा, मृदुला देवी, रामजी मेहता, आमोद कुमार, नरेश कुमार, सुजीत कुमार, दिनेश कुमार सिन्हा, विजय राज, भरत भूषण पाल, कासिम चांद, मुन्ना खान, शौकत अली, प्रभात कुमार बरुआ, सदन सिंह, अनिल चौरसिया, विनायक कुमार आदि महिला-पुरुषों ने अपनी सहभागिता दी।

# बड़ी व छोटी बहन भगवती का खोइंछा मिलन होगा कल

- इस दृश्य को देखने को उमड़ती है भक्तों की भारी भीड़

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शहर की दो प्रमुख है भगवती की प्रतिमा श्री बड़ी देवी जी मारूफगंज और महाराजगंज पुरानी सिटीकोर्ट के पास विजयादशमी के दिन मिलती हैं। दोनों के अगल-बगल खड़े होने के साथ ही पुष्प वर्षा के बीच तालियों की गड़गड़ाहट के साथ जयकारा होता है। इसके बाद दोनों भगवती को माला और पुष्प अर्पित करने के साथ खोइंछा की अदला-बदली होती है। इसके बाद महाआरती किया जाता है। इस दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में महिला और पुरुषों की भीड़ यहां उमड़ती है। पुलिस प्रशासन को भी विधि व्यवस्था संधारण के लिए यहां पर खासा मशक्कत करनी होती है।

दरअसल श्री बड़ी देवी जी मारूफगंज को बड़ी बहन और महाराजगंज की बड़ी देवी जी को छोटी बहन का दर्जा प्राप्त है। सबसे पहले महाराजगंज छोटी बहन अपने स्थान से चलकर अशोक राजपथ के पुरानी सिटीकोर्ट स्थित पेट्रोल पंप के पास आकर रुकती है। वह यहां अपनी बड़ी बहन श्री बड़ी देवी जी मारूफगंज के आने का इंतजार करती हैं। जैसे ही मारूफगंज की प्रतिमा आती है और महाराजगंज की प्रतिमा के बगल में आकर खड़ी होती है, करतल ध्वनि, तालियों की अनुगूंज और जयकारा के साथ पूरा वातावरण देवीमय हो जाता है। इस बीच दोनों भगवती के खोइंछा की अदला-बदली होती है। महाआरती की जाती है। इसके बाद मारूफगंज की बड़ी देवी जी यानी बड़ी बहन आगे की ओर, जबकि महाराजगंज की बड़ी देवी जी यानी छोटी बहन उनके पीछे भद्र घाट की ओर प्रस्थान करती हैं। भद्र घाट मोड़ पर भी श्री नवयुवक समिति के द्वारा दोनों बहनों का पूरा सम्मान दे स्वागत किया जाता । इसके बाद प्रतिमा विसर्जन के लिए भद्र घाट स्थित गंगा तट की ओर प्रस्थान करती हैं।

# तेजस्वी शीतला मंदिर व बड़ी पटनदेवी मंदिर गए

- बचपन से इन मंदिरों में आता रहा हूं, दोनों मंदिर के निर्माण पर उनकी है नजर
- शीतला माता मंदिर पहुंचने के बाद उन्होंने भगवती की पूजा आराधना किया। यहां सुनील पुजारी, सुजीत पुजारी, राजीव पासवान आदि ने उनसे पूजा-अर्चना कराया और माता की चुनरी और प्रसाद भेंट किया।

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव नवरात्रि के महाअष्टमी वाले दिन देर शाम अगमकुआं स्थित श्री शीतला माता मंदिर और शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी भगवती के दर्शन करने को पहुंचे।

शीतला माता मंदिर पहुंचने के बाद उन्होंने भगवती की पूजा आराधना किया। यहां सुनील पुजारी, सुजीत पुजारी, राजीव पासवान आदि ने उनसे पूजा-अर्चना कराया और माता की चुनरी और प्रसाद भेंट किया। इसके बाद श्री तेजस्वी शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी पहुंचे। यहां लोगों की लंबी लाइन लगी थी। भीड़ के बीच सबों का अभिवादन करते हुए वह मंदिर परिसर में गए और यहां काले कसौटी पत्थर के रूप में विराजित महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती की प्रतिमा का दर्शन किया। पूजा का विधान विकास गिरी ने कराया। इसके बाद महंत विजय शंकर गिरी ने उन्हें आशीष के रूप में माता की चुनरी और प्रसाद भेंट किया। पत्रकारों से बात करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि वह बचपन से ही शीतला माता मंदिर आते रहे हैं। जब उनके पिता श्री लालू यादव बिहार के मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने इस मंदिर का कायाकल्प कराने का काम किया था। फिलहाल यहां अगर कुछ कमियां हैं, तो उसे भी पूरा कराने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। श्री बड़ी पटनदेवी मंदिर के महंत विजय शंकर गिरी ने भी बताया कि कैसे मंदिर के गर्भ गृह का निर्माण कार्य बाधित हुआ और किस संघर्ष के बीच वे लोगों के सहयोग से इसके निर्माण कार्य में लगे हैं। डिप्टी सीएम श्री यादव ने कहा कि इस संबंध में महंत जी बात करेंगे और गर्भ गृह के निर्माण की दिशा में क्या किया जा सकता है, वह इस संबंध में पूरी मदद करेंगे।

### बिहार की 2 सीटों पर उपचुनाव का ऐलान

**पटना।** बिहार की दो विधानसभा सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए चुनाव आयोग ने तारीखों का एलान कर दिया है। मोकामा और गोपालगंज विधानसभा सीट के लिए 3 नवंबर को वोटिंग होगी जबकि 6 नवंबर को मतगणना होगी। प्रत्याशी 14 अक्टूबर से अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे जबकि 15 अक्टूबर नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 17 अक्टूबर तक अपना नामांकन वापस लेने सकेंगे। उपचुनाव की अधिसूचना 7 अक्टूबर को जारी होगी। बिहार के साथ ही 5 अन्य राज्यों में भी उपचुनाव की तारीखों का एलान चुनाव आयोग ने कर दिया है। हरियाणा के आदमपुर विधानसभा सीट, महाराष्ट्र के अंधेरी ईस्ट, तेलंगाना के मुन्नूगोडे, उत्तर प्रदेश को गोला गोरखनाथ और उड़िसा के धामनगर विधानसभा सीट पर में उपचुनाव होंगे। बिहार समेत कुल 6 राज्यों में विधानसभा की सीटों पर उपचुनाव के लिए 3 नवंबर को वोटिंग होगी। गोपालगंज और मोकामा में उपचुनावः बिहार में मोकामा विधानसभा सीट से आरजेडी विधायक रहे अनंत सिंह के सजायाफ्ता घोषित होने के बाद उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई थी।

## नीतीश ने भगवती मंदिरों में पूजा व आरती की

शीतला मंदिर, बड़ी व छोटी पटनदेवी, मारूफगंज बड़ी देवी जी मे दर्शनार्थ गए

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को नवरात्र की महाअष्टमी के दिन विभिन्न शक्तिपीठ स्थल और मंदिरों में जाकर भगवती दुर्गा देवी का दर्शन-पूजन किया। सबसे पहले वे अगमकुआं स्थित श्री शीतला माता मंदिर गए। यहां सुनील पुजारी, अमरनाथ बबलू, राजीव पासवान आदि ने उनका स्वागत करते हुए पूजा कराया.। आशीष के रूप में भगवती की चुनरी और प्रसाद भेंट किया। यहां से सीएम का कारकेड शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी मंदिर पहुंचा। यहां महंत विजय शंकर गिरी के पुत्र विकास गिरी ने पूजन का विधान कराया। भगवती को नारियल अर्पित करने के बाद हाथ में पुष्प ले उन्होंने आराधना किया और इसके बाद आरती की। महंत विजय शंकर गिरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ ही साथ में रहे वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी और अन्य अधिकारियों को माता की चुनरी व प्रसाद भेंट किया। यहां से वह छोटी पटनदेवी मंदिर गए। यहां महंत अभिषेक अनंत द्विवेदी व विवेक द्विवेदी ने उनका स्वागत किया। यहां भी उन्होंने दर्शन पूजन कर भगवती की आरती की। बाबा अभिषेक व विवेक के द्वारा उन्हें माता का प्रतीक चिन्ह अर्पित किया गया। इसके बाद सीएम नीतीश कुमार मारूफगंज स्थित श्री बड़ी देवी जी परिसर पहुंचे और यहां भी उन्होंने पूजा किया। समिति के पदाधिकारियों ने सबों को माता की चुनरी और प्रसाद भेंट किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी, सीएम के अतिरिक्त परामर्शी मनीष कुमार वर्मा, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव छोटू सिंह, डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह, एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लो सहित अन्य थे। पूजा-अर्चना के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह महाअष्टमी के दिन पटना सिटी के प्रमुख मंदिरों और पूजा पंडाल में भगवती दुर्गा देवी के दर्शन करने के लिए आते हैं। कोरोना के कारण वह दो साल तक यहां नहीं आ पाए थे। वह भगवती को नमन कर पूजा अर्चना करते हैं। साथ ही राज्य के साथ-साथ देश एवं दुनिया की सुख, शांति एवं खुशहाली की कामना करते हैं। पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री उद्योपति सह समाजसेवी स्व ओपी साह के परिजनों से मिलने मालसलामी स्थित श्री बिहारी जी मिल्स स्थित आवास पहुंचे। यहां स्व ओपी साह के पुत्र गौरव साह व अन्य परिजन ने स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने परिजनों व साथ में रहे अधिकारियों के साथ भोजन किया। मुख्यमंत्री का स्वागत परिवार के रमन प्रकाश साह, भरत प्रकाश साह, विवेक साह व परिवार के अन्य सदस्यों ने किया।

### निर्वाचन आयोग ने पननि व अन्य निकाय का पर्यवेक्षक घोषित किया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचन 2022 को लेकर पटना जिला के तहत विभिन्न नगरपालिकाओं के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों का ठहराव स्थल जिला अतिथि गृह, वीरचंद पटेल पथ रखा है। इन सबों का नाम और उनके मोबाइल नंबर को जारी किया गया है। साथ ही पटना नगर निगम के वार्डवार पर्यवेक्षकों का नाम और मोबाइल नंबर भी जारी किया गया है। यह जानकारी जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह के हवाले से दी गई है। पटना नगर निगम के वार्ड 1 से 15 तक श्री धीरेंद्र कुमार झा 94311 88866, वार्ड 16 से 22, 22ए, 22बी, 22सी तक एवं 23 से 27 तक श्री विनय कुमार राय 99348 40821, वार्ड 28 से 42 तक श्री निर्मल कुमार 98354 60985, वार्ड 43 से 57 तक डॉ विद्यानंद सिंह 94312 94910, 79922 75287 और वार्ड 58 से 72 तक श्री अनिल कुमार ठाकुर 98354 50160 है। इसी प्रकार नगर परिषद फतुहा के प्रेक्षक श्रीमती कुमारी सीमा 93048 70741, नगर परिषद बाढ़ श्रीमती ममता मीनाक्षी 94710 06723, नगर पंचायत पुनपुन श्री खुर्शीद अनवर सिद्दीकी 97710 48046, नगर परिषद खगौल श्री अरविंद कुमार 96615 17708, नगर परिषद मसौढ़ी श्री अजीत कुमार 94312 94063, नगर परिषद बख्तियारपुर श्रीमती पूनम 89861 86655, नगर पंचायत पालीगंज श्री संजय कुमार 943 18 18724, नगर परिषद संपतचक सुशील कुमार मिश्रा 72580 88786, नगर परिषद फुलवारीशरीफ में जहांगीर आलम 99346 91003, नगर परिषद दानापुर निजामत श्री राकेश कुमार 94710 89341 और नगर परिषद मोकामा श्री अनिल कुमार डबल 99559 86014 है।

### महाराजा अग्रसेन ने समतामूलक समाज की स्थापना की

**पटना सिटी।** अग्रसेन भवन सेवा ट्रस्ट के द्वारा चौक स्थित अग्रसेन भवन में महाराजा अग्रसेन जी महाराज की जयंती मनाई गई। पुरोहित श्याम सुंदर उर्फ मुन्ना शर्मा के मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य जजमान बनवारी लाल रुंगटा ने अग्रसेन जी महाराज के तैल चित्र का पूजन किया। उन्हें नैवेद्य, पुष्प आदि अर्पित किया गया। इसके बाद सदस्यों ने भी पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धा निवेदित किया। महाराजा श्री अग्रसेन जी महाराज का जन्म से करीब 5100 वर्ष पूर्व प्रताप नगर के राजा बल्लभ के घर हुआ था। उन्होंने समतामूलक समाज की स्थापना के लिए समाजवादी सिद्धांतों पर चलकर प्रजा की भलाई के लिए अनेक कार्य किए। अग्रसेन भवन सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अमर कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में जयंती समारोह हुआ। संचालन विष्णु झुनझुनवाला ने किया। मौके पर धर्मचंद सरावगी, पवन झुनझुनवाला, आदर्श अग्रवाल, ललित अग्रवाल, चंदन अग्रवाल, शिवप्रसाद मोदी, संजीव देवड़ा आदि मौजूद थे।

### बारिश ने दशहरा के उत्साह को किया फीका

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नवरात्र के महाअष्टमी सोमवार को अपराह्न में तेज हवा के साथ हुई बारिश ने दशहरा पूजा पर भक्तों के उत्साह को फीका कर दिया। दरअसल तेज हवा के साथ हुई बारिश ने अनेक एरिया में जलजमाव की स्थिति ला दिया। पूजा पंडालों में भी बारिश के पानी ने खलल डालने का काम किया। स्थिति यह रही कि जो श्रद्धालु घर से बाहर निकलना चाह रहे थे या घर से बाहर थे, उन्हें घर लौटने में नाला के पानी के बीच गुजरना पड़ा। इस कारण से नगर निगम के चुनाव में खड़े प्रत्याशी और तत्कालीन पार्षदों, जिनके क्षेत्र में जलजमाव की स्थिति बनी थी, उन्हें कोसने से भी बाज नहीं आए। कारण की आस्था से जुड़ा मामला था। वार्ड 65 के पादरी की हवेली मीर गुलाबी बाग, मच्छरहट्टा गली, वार्ड 60 के छोटी बाजार मोगलपुरा, दोरूखी आदि एरिया के अलावा कुम्हरार के डाबर गली, वाचस्पति नगर, बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी, ट्रांसपोर्ट नगर, मथनी तल से लेकर दुंदी बाजार आदि एरिया में जल जमाव देखा गया। हालांकि गुरु गोविंद पथ में भी बारिश होने के बाद पानी का जमाव हुआ, लेकिन उसे जल्द ही मशीन की मदद से निकाल दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### महागौरी की पूजा अर्चना व खोंइछा भरने के लिए पंडालों में भीड़

पटना। राजधानी के अलग-अलग पूजा पंडालों में मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की अराधना हो रही है। दर्शन और पूजन को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। वही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूजा पंडाल समिति के ओर से खास व्यवस्था की गई है। खोंइछा भरने को लेकर पूजा पंडाल में पहुंची महिलाएं बारी-बारी से मंदिर के अंदर प्रवेश कर सुख-शांति, समृद्धि की कामना कर रही हैं। वही भारी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती भी की गई है। शहर के बारिंग रोड, बोरिंग कैनाल रोड, मीठापुर, गर्दनी बाग, कंकड़बाग, अशोक राजपथ, गोलघर चौराहा, दीघा, कुर्जी, कुर्जी बालु पर, राजीव नगर, शेखपुरा, राजाबाजार, खाजपुरा, रूपसपुर, आरपीएस मोड़, गोला रोड स्थित पूजा पंडालों में महागौरी के दर्शन और पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

### आरएसएस व हिंदू महासभा पर शिवानंद तिवारी ने कसा तंज

पटना। राजद तिवारी शिवानंद ने कोलकाता में गांधीजी की मूर्ति प्रकरण को लेकर आरएसएस व हिंदू महासभा पर तंज कसा है। श्री तिवारी ने कहा है कि कोलकाता में दुर्गा पूजा के अवसर पर हिंदू महासभा के पंडाल में महिसासुर के स्थान पर गांधी जी की मूर्ति बनाई गई है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और हिंदू महासभा आज तक गांधी को हिंदू धर्म का दोषी ही मानता है। जब भी उनको अवसर मिलता है वे गांधी को असुर और नाथूराम गोडसे को महान देशभक्त साबित करते रहे हैं। इसलिए वह गोडसे द्वारा गांधी जी की हत्या को हत्या नहीं कह कर बध करना मानते हैं। हिंदू शास्त्रों में बध को एक धार्मिक कृत्य माना जाता है। अब तो गांधी के देश में गाँधी को खुले आम गाली तक दी जा रही है। आज तक हमारे प्रधानमंत्री ने गांधी को गाली देने वालों को सार्वजनिक रूप से फटकार तक नहीं लगाई है। सिर्फ.एक अपवाद है। जब उन्होंने गांधी के मुकाबले गोडसे को महान देश भक्त बताने पर प्रज्ञा ठाकुर को फटकार लगाने की औपचारिकता निभाई थी। औपचारिकता इसलिए कि उसके बाद एक भगवा धारी ने गांधी को गाली तक दी। लेकिन प्रधानमंत्री जी का मुंह नहीं खुला। लेकिन यह समूह लाख छटपटाता रहे गांधी इनके छाती पर सवार रहेंगे और देश को इनके मुताबिक बनाने के रास्ते में मजबूत दीवार के रूप में खड़े रहेंगे। देखा जाए कि गांधी को महिसासुर के रूप में दिखाने पर प्रधानमंत्री की क्या प्रतिक्रिया होती है।

# दशहरा को लेकर आस्था में डूबी राजधानी, श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

शारदीय नवरात्र के सप्तमी और अष्ठमी को मां दुर्गा के पट खुलते ही श्रद्धालओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कोरोनो को लेकर दो साल बाद इस बार दशहरा धूमधाम से मनाया जा रहा है। सप्तमी के देर शाम से अष्ठमी के देर रात तक भक्तों की भीड़ से सड़क पटा रहा। राजधानी पटना में पुजा समितियों ने शहरवासियों के लिए खास तैयारी की है। पूजा पंडालों की भव्यता देखेत ही बन रहा है। मां की प्रतिमा का भी बेहतर रूप दिया गया है। रंग बिरंगी रोशनी से सड़कों को नहला दिया गया है। जिसका भक्त लुफ्त उठा रहे हैं। अष्टमी के दिन सोमवार को देर शाम शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सभी पूजा पंडालों पर मां दुर्गा का पट खुलते ही दर्शन के साथ पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी पड़ी। श्रद्धालु विभिन्न पूजा पंडालों पर माता के दर्शन एवं पूजा पाठ करते दिखे। पटना के डाकबंगला चौराहा, खाजपुरा, शेखपुरा, जगदेव पथ, आर ब्लॉक, राजेन्द्र नगर, भिखना पहाड़ी, कदमकुआं स्थित डोमन भगत लेन में बने भव्य पूजा पंडाल में माता दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सोमवार की सुबह माता का पट खुलते ही दर्शन-पूजन का सिलसिला जारी रहा। हर वर्ग के श्रद्धालु पूजा-अर्चना को पहुंचे। वहीं रविवार की देर रात तक यहां सड़कें गुलजार रही यहां का पूजा पंडाल का आकर्षण श्रद्धालुओं को लुभा रहा था। दरियापुर गोला श्री ब्रह्मस्थान पंचायत, दरियापुर गोला में मां दुर्गा की भव्य मूर्ति स्थापित की गयी है।

## दियारा की जर्जर हो चुकी सड़के अब होगी चकाचक :रामकृपाल यादव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

दियारा वासियो को सौगात के रूप में चकाचक सड़के मिलने वाली है। इस बात की जानकारी देते हुए भाजपा नेता भाई सनोज यादव ने बताया कि सांसद रामकृपाल यादव को दियारा के छः पंचायत क्षेत्रों में जर्जर हो चुकी सड़को को दुरस्त करने की मांग सरकार से की थी। खराब सड़क के कारण आने जाने में जनता को बहुत परेशानी होती थी । दियारा वासियो के दर्द को देखते हुए सांसद ने निरंतर प्रयास किया और दानापुर विधानसभा क्षेत्र के दियारा के सभी जर्जर सड़को के मरम्मत कार्य हेतु सरकार से मांग किया था। इस कार्य मे सांसद रामकृपाल यादव का बहुत बड़ा योगदान रहा है, ज्ञात हो कि मानस बड़ा पुल मानस बसथपट्टी टोला 1.1 किलोमीटर लंबा सड़क 62.757 लाख की लागत से,पानापुर से शंकरपुर वाया हरशमचक माधोपुर 6.9 किलोमीटर लंबा सड़क 379.620 लाख की लागत से, पानापुर शंकरपुर लिंक रोड से गंगाहरा पथ 4.5 किलोमीटर 246.537 लाख की लागत से, पानापुर से मानस वाया नवदियारी 3.5 किलोमीटर 240.150 लाख की लागत से,.हबसपुर से गंगाहरा नोनिया टोला 2.050 किलोमीटर 126.260 लाख की लागत से, पानापुर से कफरपुर 2.100 किलोमीटर 118.435 लाख की लागत से पीसीसी सड़क बनेगी। इस बात को लेकर सांसद रामकृपाल यादव के प्रति दियारा वासियों एवं कार्यकर्ता सुरेश मास्टर,हरिद्वार राय,लाल साहब चंद्रवंशी, भोला सिंह,लाल मोहन राय, विजय यादव, शम्भू कुमार, जयनंदन राय, कृष्णा राय,अमीरी यादव, सरोज राय, मुन्ना यादव, बिजेंद्र गोप, ब्रजेश शर्मा, निरज सिंह,विनय यादव आदि ने खुशी जाहिर करते हुए सांसद को आभार जताया है।

# रावण वध को लेकर गांधी मैदान व आसपास का क्षेत्र नो पार्किंग, नो वेंडिंग जोन रहेगा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

● दशहरा को लेकर पटना डीएम-एसएसपी ने अधिकारियों को दिया निर्देश

दुर्गा पूजा में रावण वध कार्यक्रम को लेकर पटना डीएम डॉ. चन्द्रशेखर सिंह एवं एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान डीएम और एसएसपी ने कहा है कि रावण वध कार्यक्रम के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीएम डॉ. सिंह व एसएसपी ढिल्लो ने कहा कि सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी पदाधिकारियों को सजग, सतर्क एवं सक्रिय रहना पड़ेगा। साथ ही आपस में सार्थक समन्वय भी कायम रखना होगा। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि पूरे जिले में कुल 20 जगहों पर रावण वध कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन गांधी मैदान में हो रहा है। गाँधी मैदान में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का एक निर्धारित प्रोटोकॉल है। साथ ही यह फिक्स्ड वेन्यू-फिक्स्ड टाईम कार्यक्रम भी है। मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार प्रोटोकॉल का अक्षरशः अनुपालन सभी पदाधिकारियों को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि चूंकि दो साल के बाद रावण बध कार्यक्रम एवं बिना किसी प्रतिबंध के दुगापूर्जा का आयोजन हो रहा है। अतः अपार जन-समूह के एकत्रित होने की संभावना है। इसलिए विशेष सतर्कता एवं निगरानी बरता जाना आवश्यक है, ताकि सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था एवं उत्कृष्ट भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। पटना डीएम ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल ससमय अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंच जाएंगे तथा तब तक अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर मुस्तैद रहेंगे, जब तक कि भीड़ कार्यक्रम स्थल से पूरी तरह वापस न चली जाए एवं मैदान पूर्णतः खाली न हो जाए। डीएम डॉ. सिंह व एसएसपी ढिल्लो ने कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से पूरे गांधी मैदान को चार सेक्टर में विभाजित किया गया है। सभी सेक्टर में एम्बुलेंस, फायर यूनिट एवं पेयजल की व्यवस्था की गई है। सेक्टर में अपर जिला दंडाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक को वरीय प्रभार में रखा गया है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी चिकित्सकों, फायर यूनिट के पदाधिकारियों एवं पेयजल व्यवस्था के प्रभारी पदाधिकारियों से समन्वय बनाए रखेंगे, ताकि किसी भी तरह की कोई समस्या न हो। 37 विभिन्न स्थानों पर 61 दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सेक्टर के प्रभारी दंडाधिकारियों एवं वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ गांधी मैदान एवं आस-पास विधि-व्यवस्था संधारण हेतु कुल 37 विभिन्न स्थानों पर 61 दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। दंडाधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारियों को भी तैनात किया गया है। महिला बल, लाठी बल एवं अन्य पुलिस बल भी ड्यूटी पर मुस्तैद रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष में पांच दंडाधिकारियों तथा गंधी मैदान नियंत्रण कक्ष में छह दंडाधिकारियों को सुरक्षित रखा गया है। बैरिकेडिंग गैंगवे पर आठ दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल को लगाया गया है। सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष में दो आईटी पदाधिकारियों को लगाया गया है। सभी गेट पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। चार क्विक रिस्पॉन्स टीम भी तैनात रहेगा, जो किसी भी प्रकार की आकस्मिक सूचना पर त्वरित कार्रवाई करेगा। गांधी मैदान में सेन्ट्रल माईकिंग की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ सभी 13 गेट एवं बाह्य क्षेत्रों में भी माईकिंग की व्यवस्था की गई है। पूरे गांधी मैदान में एवं आस-पास हाई क्वालिटी के 59 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। ये फिक्स्ड बुलेट एवं पीटीजेड कैमरा हैं। त्रुटिहीन सुरक्षा व्यवस्था के लिए गांधी मैदान में अस्थायी नियंत्रण कक्ष भी कार्यरत रहेगा। इससे सम्पूर्ण भीड़ की गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम के साथ तैनात रहेगा किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने हेतु गाँधी मैदान में पूरी व्यवस्था की गई है। 10 एम्बुलेंस सभी आवश्यक दवाओं एवं मेडिकल टीम के साथ तैनात रहेगा। गांधी मैदान स्थित अस्थायी नियंत्रण कक्ष में वरीय चिकित्सक के नेतृत्व में चिकित्सा दल आवश्यक औषधियों के साथ प्रतिनियुक्त रहेंगे। सिविल सर्जन अस्पतालों से समन्वय करते हुए यह सुनिश्चित करेंगे कि वहां उत्तम इमर्जेंसी सुविधा उपलब्ध रहे। आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु एम्स, पीएमसीएच, एनएमसीएच, इन्दिरा गांधी हृदय रोग संस्थान, इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में इमर्जेन्सी नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा।

### पूर्व मध्य रेल के 73 हजार से अधिक रेलकर्मी को दिया गया 129 करोड़ बोनस

पटना। हाजीपुर। दशहरा/पूजा के पहले पात्र अराजपत्रित रेल कर्मचारियों (आरपीएफ/आरपीएसएफ कर्मियों को छोड़कर) को वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर उत्पादकता से जुड़े बोनस (पीएलबी) का भुगतान किया गया । इससे पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों, निर्माण संगठन, वर्क्सशॉप, प्लांट डिपो आदि में कार्यरत कुल 73816 कर्मचारियों को लाभ होगा । पूर्व मध्य रेल द्वारा इस मद में कुल 129.09 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। पीएलबी के भुगतान के लिए निर्धारित वेतन गणना की सीमा 7,000 रुपये प्रति माह है। 78 दिनों के लिए प्रति पात्र रेलवे कर्मचारी को अधिकतम धनराशि 17,951 रुपये देय है। विदित हो कि रेल कर्मचारियों ने यात्री और माल परिवहन सेवाओं के काम-काज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो अर्थव्यवस्था के लिए उत्प्रेरक सिद्ध हुआ है। वास्तव में, रेल कर्मचारियों ने लॉकडाउन अवधि के दौरान भी आवश्यक वस्तुओं जैसे भोजन, खाद, कोयला और अन्य वस्तुओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित की। रेलवे ने सुनिश्चित किया कि जरूरत वाले क्षेत्र में ऐसी वस्तुओं की कोई कमी न हो। पीएलबी का भुगतान एक प्रोत्साहन के रूप में काम करेगा और इसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में रेलवे कर्मचारी, और सेवा सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित होंगे।

## महागौरी की पूजा अर्चना व खोंइछा भरने के लिए पंडालों में भीड़

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजधानी के पूजा पंडालों में मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की अराधना हो रही है। दर्शन और पूजन को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। वही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूजा पंडाल समिति के ओर से खास व्यवस्था की गई है। खोंइछा भरने को लेकर पूजा पंडाल में पहुंची महिलाएं बारी-बारी से मंदिर के अंदर प्रवेश कर सुख-शांति, समृद्धि की कामना कर रही हैं। वही भारी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती भी की गई है। शहर के बारिंग रोड, बोरिंग कैनाल रोड, मीठापुर, गर्दनी बाग, कंकड़बाग, अशोक राजपथ, गोलघर चौराहा, दीघा, कुर्जी, कुर्जी बालु पर, राजीव नगर, शेखपुरा, राजाबाजार, खाजपुरा, रूपसपुर, आरपीएस मोड़, गोला रोड स्थित पूजा पंडालों में महागौरी के दर्शन और पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

## दिवाली सीजन में इस साल125 लाख करोड़ के व्यापार की उम्मीद : कैट

● चीन को लगेगा 50 हजार करोड़ रुपये के त्यौहारी व्यापार का बड़ा झटका

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

कोरोना महामारी के दो वर्ष के बाद हुई सामान्य परिस्थितियों में इस वर्ष का दिवाली त्यौहार पूरी तरह से एक अलग ही अंदाज में पूरे देश में मनाया जाएगा। जिसमें चीनी सामानों के स्थान पर भारतीय सामानों का बड़े पैमाने पर क्रय-विक्रय होने की प्रबल संभावना है। जिसके चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल पर वोकल एवं आत्मनिर्भर भारत को बड़ी मजबूती भी मिलेगी । कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्ज. (कैट) ने उम्मीद जताई है की इस वर्ष दिवाली के त्योहारी सीजन के दौरान देश भर के बाजारों में लगभग 125 लाख करोड़ रुपये की व्यापार होने की संभावना है । साथ ही यह भी स्पष्ट है की भारत के लोगों ने उत्सव के सामानों की खरीद-बिक्री के मामले में चीनी सामान की जगह अब भारतीय सामान को तरजीह देनी शुरू कर दी है । कैट बिहार अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि देश भर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष दीवाली त्यौहार सीजन बिक्री से देश भर में लगभग 125 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होगा और चीन को सीधे तौर पर लगभग 50 हजार करोड़ रुपये का व्यापारीक घाटा होगा। दिवाली के सीजन में पिछले वर्षों में चीन भारत में लगभग 50 हजार करोड़ रुपये के त्यौहार से जुड़े सामान भारत में बेचता था किंतु गत दो वर्षों में भारतीय उपभोक्ता जो पहले सस्ता होने की वजह से चीनी सामान खरीदता था , अब उसके खरीदी व्यवहार में बड़ा परिवर्तन आ गया है और एक अब सीधे भारत में ही बने सामान की मांग करता है । श्री वर्मा ने बताया की रिटेल व्यापार के विभिन्न वर्गों जिसमें खास तौर पर भारत में बने एफएमसीजी उत्पाद, उपभोक्ता वस्तुएं, खिलौने, बिजली के उपकरण और सामान, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और सफेद सामान, रसोई के सामान, उपहार की वस्तुएं, मिठाई- नमकीन , घर का सामान, टेपेस्ट्री, बर्तन, सोना और गहने, जूते, घड़ियाँ , फर्नीचर, फिक्सचर ,वस्त्र, फैशन परिधान, कपड़ा, घर की सजावट का सामान, मिट्टी के दिए सहित दीवाली पूजा का सामान, सजावटी सामान जैसे दीवार की लटकने ,हस्तकला की वस्तुएं, वस्त्र, घर द्वार पर लगाने वाले शुभ-लाभ,ओम, देवी लक्ष्मी के चरण आदि अनेक त्यौहारी सीजन वस्तुओं की बिक्री में बड़ा इजाफा होने की संभावना है।

श्री वर्मा ने कहा कि कैट के हिंदुस्तानी दिवाली मनाने के अभियान को देश भर में कैट के व्यापक समर्थन मिल रहा है कैट के प्रयासों से इस वर्ष पहली बार दिवाली पर बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारिक संगठन लोकल कारीगरों, मूर्तिकारों, हस्तशिल्प श्रमिकों और विशेष रूप से कुम्हारों के बनाये उत्पादों को एक बड़ा बाजार देने की कोशिश में जुटे हैं । पूरे देश में बाजारों, कार्यालयों और घरों एवं दुकानों को मिट्टी से बने छोटे तेल के दीयों से सजाया जाएगा ! पारंपरिक भारतीय सामानों का भी दुकानों और घरों को सजाने के लिए भी बड़ा इस्तेमाल होगा ! इस बार का दिवाली त्यौहार भारतीय त्योहारों को मनाने की सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक तरीकों का सही चित्रण करेगा। श्री वर्मा ने बताया कि अकेले बिहार में चाइना का लगभग 20 करोड़ का व्यापार होता था ।

## ऋतुराज सिन्हा ने पटना के पुजा पंडाल का किया भ्रमण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा जी ने आज पटना लोकसभा के बांकीपुर , फतुहा और बख्तियारपुर विधानसभा के अंतर्गत स्थानों पर यथा जगदम्बा स्थान,बख्तियारपुर ,महारानी चौक फतुहा सहित पटना के विभिन्न इलाकों में पूजा पंडालों का भ्रमण कर माता रानी से आशीर्वाद लिया और देश और बिहार वासियों के लिए स्वास्थ और समृद्धि के लिए माता रानी से प्रार्थना की । इस दौरान जगह जगह पर बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने माला, गुलदस्ता और माता रानी के चुंदरी से उनका स्वागत किया । श्री सिन्हा ने भी सभी कार्यकताओं से उनके और उनके परिवार का कुशलक्षेम जान,बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। श्री सिन्हा के साथ पूर्व विधायक रणविजय सिंह रणवीर ,अभिषेक बिन्नी के साथ बाढ़ जिला भाजपा के पदाधिकारी ,मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता ने भी माता रानी का आशीर्वाद लिया।

### कृषि बाजार समिति मुद्दे पर महागठबंधन में मतभेद : मोदी

पटना। राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने आरोप लगाया है कि तेजस्वी यादव को सीएम बनवाने की जल्दी में लालू प्रसाद अभी नीतीश कुमार की हर शर्त मानने को बाध्य हैं। श्री मोदी ने कहा कि मंत्रिपद से सुधाकर सिंह के त्यागपत्र के बाद लालू प्रसाद को प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह को हटा देना चाहिए या जगदानंद को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। मोदी ने कहा कि कृषि बाजार समिति मुद्दे पर महागठबंधन के दो प्रमुख दलों में मतभेद सार्वजनिक होने से जाहिर है कि सरकार में सब कुछ ठीक नहीं है। सुधाकर सिंह और जगदानंद ने कृषि रोडमैप और मंडी कानून के मुद्दे पर राज्य सरकार की आलोचना कर अपने तीखे मतभेद जाहिर कर दिये हैं।

# मुख्यमंत्री ने राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए माँ दुर्गा की पूजा की अर्चना

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को महासप्तमी पर्व के अवसर पर दुर्गा पूजा समिति खाजपुरा, श्री श्री दुर्गा पूजा समिति शेखपुरा, दुर्गा आश्रम तथा डाकबंगला रोड स्थित नवयुवक संघ श्री दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में जाकर माँ दुर्गा का दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। डाकबंगला रोड स्थित पंडाल में देवी दर्शन एवं पूजा अर्चना के पश्चात मुख्यमंत्री ने समस्त बिहारवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी मनीष कुमार वर्मा, बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव अरविंद सिंह उर्फ छोटू सिंह, जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक मानवजीत सिंह ढ़िल्लो सहित आयोजकगण, अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

राजधानी पटना के डाक बंगला चौराहा स्थित भव्य पंडाल को देखने के लिए उमड़ी भीड़

आनंदपुरी में बना आकर्षक पंडाल दर्शकों की उमड़ी भीड़

राजधानी पटना के कदम कुआं शिव मंदिर का भव्य पंडाल

## इस्सयोग गुरुधाम में संपन्न हुई 24घंटे की अखंड साधना

● संस्था के अमेरिका और दिल्ली केंद्र पर भी हो रही है साधना,कन्या-पूजन के साथ संपन्न होगा 9 दिवसीय अनुष्ठान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

अंतर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज के तत्त्वावधान में रविवार की संध्या 6-30बजे से आरंभ हुई 24घंटे की अखंड-साधना का विशेष अनुष्ठान सोमवार की संध्या संपन्न हो गया। संस्था की अध्यक्ष और ब्रह्मनिष्ठ सद्गुरुमाता माँ विजया की दिव्य उपस्थिति में, देवी-आराधना के 9दिवसीय पूजनोत्सव के अंतिम दिन मंगलवार को, संस्था के गोला रोड स्थित एम एस एम बी इस्सयोग भवन में कन्या-पूजन के भव्य आयोजन और भंडारे के साथ यह दिव्योत्सव संपूर्ण हो जाएगा। यह जानकारी देते हुए संस्था के संयुक्त सचिव डा अनिल सुलभ ने बताया है कि संस्था के न्यूजर्सी स्थित अमेरिका केंद्र और पर्यावरण कम्पलेक्स, इगनु रोड स्थित दिल्ली केंद्र में भी अखण्ड-साधना और संकीर्तन का आयोजन किया गया। सद्गुरुमाँ के निदेशानुसार, अमेरिका में संस्था के उपाध्यक्ष (मुख्यालय) पूज्य बड़े भैया श्रीश्री संजय कुमार के नेतृत्व में तथा दिल्ली केंद्र पर संस्था के सचिव कुमार सहाय वर्मा के नेतृत्व में उत्सव का संचालन किया जा रहा है। एम एस एम बी भवन में भी आज पौने दो बजे से सद्गुरु के आह्वान की साधना के साथ 6घंटे की अखण्ड-साधना और अखण्ड संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के संयुक्त सचिव उमेश कुमार, गायत्री कृष्ण मोहन राय, गायक अधिवक्ता बीरेन्द्र राय, किरण प्रसाद, दुष्यंत यादव आदि संस्था के अधिकारी और स्वयंसेवक निरन्तर सक्रिय रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बकरी को बचाने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**रोसड़ा, समस्तीपुर।** रोसड़ा-हसनपुर रेलवे लाइन के गुमती नंबर12-13 के समीप बकरी को बचाने के चक्कर में एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार हसनपुर की ओर गुजर रही ट्रेन की चपेट में आने से मब्बी निवासी हरिकिशन महतो के 45 वर्षीय पत्नी सरिता देवी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची रोसड़ा थाना के एएसआई अखिलेश सिंह अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार महिला के पांच बच्चे हैं जिसमें मनीषा कुमारी (19) अनीषा कुमारी (17) धनंजय कुमार (14) निशि कुमारी (12) मृत्युंजय कुमार (10) हैं महिला के पति हरिकिशन महतो दिल्ली में एक कपड़ा के दुकान में मजदूरी करते हैं और वहीं अपने बीमार बड़ी पुत्री को ईलाज करवा रहे हैं।

### लड़की की गला रेतकर हत्या, दाई का काम करती थी लड़की

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कृष्णापुरी मोहल्ले में युवती की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। लड़की की हत्या गला रेतकर की गई है। मृतका की पहचान दुर्गा कुमारी के रूप में हुई है। मृतक लड़की दाई का काम करते थे। देर शाम लड़की के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। अहले सुबह शव मिलने की सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर मामले की तफ्तीश में जुट गई है। घटना के संबंध में मृतक के पिता का बताना है कि विकास नाम के किसी लड़के के साथ उसका पूर्व से विवाद चल रहा था। घटना को लेकर पूर्व में पंचायत भी हुई थी और आज लड़की का शव बरामद किया गया है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### गांधी जयंती के अवसर पर आम सभा का आयोजन

**सरायरंजन, समस्तीपुर।** सरायरंजन प्रखंड क्षेत्र के गंगसारा पंचायत भवन में ताला बंद रहने से वार्ड सदस्यों के बीच काफी आक्रोश व्याप्त हो गया। वहीं वार्ड सदस्यों ने उपमुखिया संतोष कुमार की अध्यक्षता में जिला पंचायती राज पदाधिकारी के आदेशानुसार विशेष आमसभा का आयोजन किया। उक्त आम सभा पंचायत भवन के निकट बरगद के पेड़ के नीचे संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से एक करोड़ की योजना आम सभा में पारित किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य बृजभूषण कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह वार्ड सदस्य कन्हैया सहनी, रूपक कुमार, मनोज कुमार, रघु पासवान, अरविन्द कुमार राय, चंदन कुमार, वार्ड सचिव बैजेश कुमार, सुनील कुमार महतो, रामनाथ सहनी, ग्रामीण राजकुमार महतो, अभिषेक कुमार, दुर्गेश कुमार, रामप्रीत महतो, विनोद कुमार गुप्ता सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### असमाजिक तत्वों पर होगी कड़ी कार्रवाई : थानाध्यक्ष

**सरायरंजन, समस्तीपुर।** दुर्गा मेला के आयोजन को लेकर सरायरंजन के थानाध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने रायपुर बुजूर्ग अंतर्गत रायपुर चौक एवं रायपुर हाट मेला परिसर का दौरा कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया तथा मंदिर कमेटी के सदस्यों के साथ अहम बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने कहा कि रायपुर हाट पर एक सेक्शन फोर्स का आवंटन किया गया है। असमाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी की आवश्यकता है। मेला कमेटी के सदस्यों को उन्होंने कहा कि आप लोग सक्रियता पूर्वक मेला का सफल आयोजन किजिए, व्यवधान डालने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर जेल भी भेजा जाएगा। मेला कमेटी के अध्यक्ष तथा थानाध्यक्ष को सरपंच प्रतिनिधि मुकेश कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर मेला कमिटी के अध्यक्ष रामप्रवेश राय एवं राधाकांत ईश्वर उर्फ राधे बाबा, पूर्व जिला परिषद् सदस्य हरेराम सहनी, मंडल भाजपा अध्यक्ष अमरेश झा, राजद नेता मुकेश झा, पूर्व पंसस रविन्द्र साह, अनिल साह, राजेन्द्र सहनी, भास्कर भट्ट, अशोक ईश्वर समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# खुला मां का दरबार, पंडालों में जुटे श्रद्धालु, प्रशासन मुस्तैद

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

शारदीय नवरात्र मां का दरबार खुलते ही लोगों की भीड़ उमर पड़ी। पूजा पंडालों में देवी मूर्तियां की प्राण प्रतिष्ठा हुई। और दर्शन के लिए पट खोल दिए गए। पूर्व की भांति भगवती का पूजन अर्चन वह माता का जयकारा से क्षेत्र गूंज रहा है। श्रद्धालुओं ने पूजा पंडालों व देवी मंदिरों में जाकर भगवती का दर्शन, पूजन किया। नारियल, चुनरी चढ़ाई। आरती एवं माता की मंगल कामना की। खोइछा भरने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। पूजा स्थल पर वैदिक मंत्रों की ध्वनियां गुंजायमान रहा। पूजा पंडालों को आकर्षक रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। पंडालों के आसपास की सड़कों भी विद्युत झालरों व हैलोजन बल्ब की दूधिया रोशनी से चमक रही है। मुसरीघरारी पूजा पंडाल में माता की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। शेर पर सवार माता दानवों का संहार करती हुई नजर आ रही है। शेर की दहाड़ सुनाई देती है। यह सब विद्युत द्वारा कलाकारों ने सजाया है। जिसे देखने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु मुसरीघरारी पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मुसरीघरारी थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने पूजा पंडाल में महिला पुलिस एवं पुरुष पुलिस को तैनात किया है। एवं सुरक्षा का नया तरकीब थानाध्यक्ष ने अपनाया है पुलिस वर्दी में भी पंडाल में रहेंगे एवं सादे लिबास में भी। भीड़ में पुलिस तैनात रहेंगे। पूजा पंडाल में पॉकेट मारी या किसी तरह का श्रद्धालुओं का परेशानी ना हो इसके लिए पूजा समिति के अध्यक्ष डॉक्टर विनय कुमार चौधरी ने करीब 4 दर्जन वालंटियर को पहचान पत्र निर्गत किया है। जो पूजा पंडाल में मनचलों पर नजर रखेगा। शंका होने पर तुरंत उसे पुलिस के हवाले किया जाएगा। सीसीटीवी कैमरा पंडाल में करीब एक दर्जन लगाया गया है। पूजा पंडाल का हर दृश्य कैमरा में कैद हो रहा है। शांति व्यवस्था बनाए रखने में राजू शर्मा, विष्णु प्रसाद, मुनेंद्र झा, मनीष कुमार सिंह, संजीत कुमार चौधरी, अजीत झा, सुजीत झा, किरण झा टुनटुन मिश्रा, अनिल सिंह, गोपाल कृष्ण प्रसाद सिंह सहित करीब एक सौ से अधिक लोग सहयोग में हैं।

## विभूतिपुर में मंदिरों का पट खुलते हैं उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत लगभग सभी पंचायतों में हर्षोल्लास एवं विधि विधान के साथ जगह-जगह पंडाल का निर्माण कर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। लगातार कलश स्थापना के साथ ही नवरात्रा की शुरूआत हुई और निशा पूजा के बाद मां का पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। खास करके महिलाएं की भीड़ मन्नत मांगने एवं मन्नत पूरा होने पर पैसा भरने को देखी गई। बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। पूरा प्रखंड भक्ति में माहौल में डूबा हुआ है। हर जगह वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भजन कीर्तन व पूजा-अर्चना की जा रही है। प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी पंडालों में सुरक्षा की दृष्टि कौन से सीसीटीवी कैमरे एवं पूजा कमेटी की ओर से वालंटियर की व्यवस्था की गई है। वहीं प्रशासन जगह जगह मुस्तैदी के साथ दुर्गा पूजा के सफल संचालन में मुस्तैद नजर आ रही है। वैसे दुर्गा पूजा के पीछे कई पौराणिक कहानी प्रचलित है कहां जाता है मां दुर्गा ने 9 दिनों तक महिषासुर से युद्ध किया और दसवीं दिन महिषासुर राक्षस का वध करके विजयी हुई थी। उसी दिन को विजयदशमी दशहरा के रूप में मनाया जाता है। वहीं यह भी कहा जाता है कि भगवान राम लंका पर आक्रमण से पूर्व सागर तट पर मां दुर्गा की पूजा की थी और विजय होने का वरदान पाया था। इसी के उपलक्ष में दुर्गा पूजा विजयदशमी के अवसर पर रावण दहन का कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है। प्रखंड क्षेत्र में भी कई जगहों पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जगह जगह आस्था और भक्ति भाव का माहौल बना हुआ है। उत्सुकता और मन्नतें मांगने के लिए मां के दरबार में भक्तों की लंबी लाइन लगी हुई है।

## सड़क दुर्घटना में जिला पार्षद संजय त्रिवेदी के निधन पर राजद नेताओं किया शोक व्यक्त

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिला पार्षद संजय त्रिवेदी के असामयिक निधन पर बिहार विधानसभा के उप मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती, राजद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सहनी, जिला परिषद उपाध्यक्ष अंजना कुमारी, समस्तीपुर केन्द्रीय सहकारिता बैंक के अध्यक्ष विनोद कुमार राय, राजद पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार राय, राजद प्रदेश सचिव जवाहर लाल राय, जिला राजद उपाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह, जिला राजद उपाध्यक्ष मो० अरमान सदरी, जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, जिला महासचिव ललन यादव, जिला महासचिव जयशंकर ठाकुर, राजद अल्पसंख्यक सेल के प्रदेश महासचिव मो० परवेज आलम, राजद नगर अध्यक्ष उमेश प्रसाद यादव, जिला राजद सचिव राकेश यादव, पूर्व जिला पार्षद रमेश राय, जिला पार्षद सत्यप्रकाश कुशवाहा, अधिवक्ता मो० शाहिद हुसैन, समाजसेवी ई० राजेश कुमार राय, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शत्रुध्न यादव, राजद अनु० जाति-जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सत्यविन्द पासवान, कार्यालय सचिव रोशन यादव, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव प्रोफेसर रजनीश कुशवाहा, प्रांतीय नेता हरेन्द्र कुमार, सोनी सिंह, सदानंद झा, नंदकिशोर महतो, लालबहादुर पंडित, प्रोफेसर सत्यनारायण राय, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार राय, जिला राजद महासचिव सुदेश्वर राय, ट्रेड यूनियन नेता एसके निराला, उत्कर्ष बैंक के वरीय प्रबंधक रवि आनंद, राजद प्रखंड अध्यक्ष मनोज राय, जिला पार्षद अरुण कुशवाहा, जिला पार्षद मो० अजहर आलम, पूर्व जिला पार्षद रेहाना खातून, पूर्व जिला पार्षद शंभू भूषण यादव, पूर्व जिला पार्षद प्रभु नारायण राय, रामईश्वर साह, युवा राजद के प्रदेश महासचिव डॉ० सूरज दास, युवा राजद के प्रदेश सचिव मो० नुरूजोहा कमाल आफो, राजद नेता सुबोध यादव, प्रभात कुमार, चंदेश्वर राय, पलटन सिंह, विश्वनाथ राम, राकेश कुशवाहा, अरुण कुशवाहा, जयलाल राय, रंजीत कुमार रम्भू, रविन्द्र कुमार रवि, ज्योतिष महतो, मनोज पटेल, मो० फैयाज, रंजीत कमर रम्भू, मो० अमरोज, संदीप सरकार, भिखारी राय आदि ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

## राजद कार्यालय पर मनायी गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कपूर्री आश्रम समस्तीपुर स्थित जिला राजद कार्यालय पर आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती समारोह बेहद हर्ष व उल्लास के साथ आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सहनी, संचालन जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यालय सचिव रोशन यादव ने की। जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए राजद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सहनी ने कहा कि देश को गुलामी से मुक्त कर आजादी दिलाने में गांधी ने अपने जीवन का एक-एक क्षण व शरीर का एक-एक कण भारत को समर्पित कर दिया। उनका संपूर्ण जीवन अनुकरणीय व प्रेरणादायक है। सविनय अवज्ञा आंदोलन, असहयोग आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन, सादगी, सत्य, अहिंसा, सामाजिक सद्भाव व राष्ट्र के प्रति समर्पण के लिए युगों-युगों तक गांधी सदैव याद किये जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी को उनके विकास रूपी विचारों और आदर्शों के लिए जाना जाता है। उन्होंने अहिंसा के पथ पर चलकर पूरी दुनिया को बता दिया कि कैसे सिर्फ बिना किसी हिंसा के कोई भी लड़ाई लड़ी और जीती जा सकती है। जयंती समारोह को राजद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सहनी, आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम को राजद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सहनी, जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, कार्यालय सचिव रोशन यादव, राजद शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शत्रुध्न यादव, राजद अनु० जाति-जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सत्यविन्द पासवान, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, जिला राजद नेता गंगा प्रसाद यादव, रंजीत कुमार रम्भू, महेश कुमार राय, देवेन्द्र प्रसाद रजक, जयशंकर राय तथा मिथुन पंडित आदि मौजूद थे।

## समारोह पूर्वक मनाई गई जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

**सरायरंजन, समस्तीपुर।** सरायरंजन प्रखंड के गांधी चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर समारोह पूर्वक माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा सत्य, अहिंसा और शान्ति के प्रतीक महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के जीवन काल पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके चरित्रों से आज के युवाओं सीख लेने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमरेश झा ने की। मौके पर भाजपा नेता रंजीत निगुर्णी, राजेश सिंह, रामयाद शांडिल्य, हरेराम झा, शिवकुमार सिंह, सिबेश शर्मा, रामकुमार साह, मंतोष सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नगर पंचायत चुनाव और दुर्गा पूजा को लेकर सिंघिया में एसडीओ एवं डीएसपी के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च

सिंघिया, प्रात : किरण संवाददाता

आगामी पर्व दुर्गा पूजा तथा 20 अक्टूबर को होने वाले नगर पंचायत चुनाव को लेकर रोसड़ा अनुमंडल पदाधिकारी ब्रजेश कुमार व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवम कुमार के नेतृत्व में सिंघिया थाना के पुलिस पदाधिकारी, सिंघिया प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अंचल गार्ड सहित अनुमंडल रिजर्व पुलिस के साथ भयमुक्त वातावरण पर्व मनाने एवं विधि व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे लोगों को कड़ी फटकार लगाते हुए गाड़ी पर लगाए हुए चुनाव चिन्ह को हटवाया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवम कुमार के द्वारा बिना हेलमेट पहने चलाए जा रहे हैं वाहन तथा उत्पाती तत्वों को रोक कर उनके वाहनों के कागजातों की जांच करवाई। एक सप्ताह पूर्व हुए हत्याकांड तथा दुर्गा पूजा को लेकर लोगों को भयमुक्त वातावरण देने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल द्वारा निकाले गए फ्लैग मार्च से व्यापारी वर्गों में खुशी देखी गई। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर, अंचलाधिकारी अरुण कुमार, सिंघिया थानाध्यक्ष कृष्णकांत मंडल, पुलिस अवर निरीक्षक कुमार भुवन, सोनू कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अवधेश सिंह थाना तथा अंचल के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## बिशनपुर स्थित प्रसिद्ध मां दुर्गा मनोकामना मंदिर का पट खुला, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर प्रखंड के विशनपुर में मां दुर्गा मनोकामना मंदिर पूजा पंडाल का उद्घाटन रविवार की संध्या मंदिर का पट खुलने से पूर्व वरिष्ठ भाजपा नेता रामसुमिरन सिंह के द्वारा किया गया। मंदिर का पट खुलते ही मैया के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

आपको बताते चलें कि पिछले कई दशकों से मां दुर्गा के बड़े आराधन शरत चंद्र ठाकुर की देखरेख में बिशनपुर स्थित मां दुर्गा मनोकामना मंदिर में हर वर्ष उत्कृष्ट कारीगरों के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा का निर्माण एवं आराधकों के द्वारा कलश स्थापित कर मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जाती है।

समस्तीपुर जिले में जब कुछ चुने हुए जगहों पर ही मां दुर्गा के प्रतिमा का निर्माण कर पूजा अर्चना की जाती थी और मेला लगता था उसी समय से बिशनपुर में भी प्रतिवर्ष दुर्गा पूजा पूरे भक्ति भाव के साथ की जाती रही है। इसके साथ-साथ यहां प्रतिवर्ष मेला भी लगता है। पूरे क्षेत्र एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में इस मां दुर्गा मनोकामना मंदिर की शक्ति काफी प्रसिद्ध है। माना जाता है कि इस मां दुर्गा मनोकामना मंदिर में सच्चे मन से प्रार्थना करने पर मां दुर्गा सारी मनोकामना को पूर्ण कर देती है। बिशनपुर स्थित मां दुर्गा मनोकामना मंदिर में आज तक कोई भी मैया के दरबार से खाली हाथ वापस नहीं गया। मौके पर लोजपा जिला प्रधान महासचिव नीरज भारद्वाज, पूर्व मुखिया सह वर्तमान मुखिया पति मृत्युंजय ठाकुर, सुरेश चंद्र ठाकुर, सुनील ठाकुर, डॉ मदन मोहन ठाकुर, देव नारायण महतो, विनोद राय, आनंद कुमार एवं दीपक कुमार सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## शक्ति की प्रतिमूर्ति की प्रतीक है माँ दुर्गा: विजय कुमार चौधरी

**सरायरंजन, समस्तीपुर।** बिहार सरकार के वित्त, वाणिज्यकर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सरायरंजन विधानसभा के विभिन्न पूजा पंडालों में जाकर माँ दुर्गा के दर्शन किए तथा पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं। मौके पर आप्त सचिव रजनीकांत चौधरी उर्फ बबलू चौधरी, प्रखंड जदयू अध्यक्ष रामाश्रय प्रसाद, पूर्व जिला परिषद् सदस्य हरेराम सहनी, अमित कुमार सिंह, छात्र जदयू के पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार, पैक्स अध्यक्ष रामकुमार झा, इजहार अशरफ, बजरंगी सहनी, दिनेश महतो, मिलन सिंह समेत दर्जनों नेता तथा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सिंघिया में माता का पट खुलते ही दर्शन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

**सिंघिया।** सिंघिया में शारदीय नवरात्र के सातवें दिन मां दुर्गा का पट खुलते ही मंदिरों के साथ पूजा पंडालों में स्थापित मूर्ति पूजा व दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देर रात महासप्तमी को माता की जागरण के बाद मां को खोईंछा भरने के लिए श्रद्धालुओं में खासकर महिला श्रद्धालुओं की भीड़ दुर्गा मंदिरों में देखी गई। पट खुलते ही प्रखंड के विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु मां दुर्गा की मंदिर पहुंचने लगे तथा माता का दर्शन किया। दुर्गा पूजा के उत्साह में युवाओं की टोली मां दुर्गा के जयकारे लगाते हुए नजर आए, महिलाओं एवं बच्चे काफी उत्साहित देखे गए। साथ ही दुर्गा पूजा को लेकर जहांगीर पुर पंचायत के लगमा गांव में, कुंडल एक पंचायत के दुर्गा मंदिर मैदान में, जहांगीरपुर नदी किनारे केल्हुआ पुल के पास, बंगरहट्टा दुर्गा मंदिर में माता दुर्गा का प्रतिमा स्थापित कर मेले का आयोजन भी किया गया है। मंदिर के आसपास लगी छोटी-मोटी दुकानों में पूजा हेतु प्रसाद के साथ-साथ बच्चों के खिलौने एवं महिलाओं का पसंदीदा सिंगार दुकान रंग बिरंगी लाइटों से हुई है। वहीं मंदिर परिसर में बज रहे भक्ति गानों से पूरा मां के भक्तों के साथ पूरा क्षेत्र का माहौल भक्ति मय हो गया।

## असामाजिक तत्वों ने किया मनरेगा योजना से लगे पौधों को छतिग्रस्त

**कल्याणपुर, समस्तीपुर।** प्रखंड क्षेत्र के कुदवा पंचायत के कोठियां टोले वार्ड 10 के श्मशान जमीन में लगे हजारों पौधों को काटकर एव उखाड़ कर रविवार की देर रात छतिग्रस्त कर दिया। वहीं यह पोधा अमृत महोत्सव के अवसर पर मनरेगा योजना के तहत विभिन्न प्रकार के पौधों को मुखिया द्वारा लगाया गया था। जिसे रविवार की रात असमाजिक तत्वों के युवकों ने पौधों उखाड कर क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं इस घटना को लेकर चकमेहसी थाना में गोठिया गांव निवासी वनपोषक हीतलाल राय ने लिखित आवेदन दिया है। वहीं थानाध्यक्ष ने चंद्र किशोर टुडू ने बताया कि आवेदन मिला है जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गांधी जयंती प्रस्तावित आमसभा नहीं कराने को लेकर उप मुखिया ने बीडीओ को दिया आवेदन

**विभूतिपुर, समस्तीपुर।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज चकहबीब के उप मुखिया प्रमोद कुमार ने 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर मुखिया एवं पंचायत सचिव द्वारा आम सभा नहीं कराने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर शिकायत की है। आवेदन के माध्यम से बताया गया कि चकहबीब पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सचिव द्वारा आम सभा के लिए ना तो किसी को सूचना दी और ना ही आम सभा की गई जो जनप्रतिनिधित्व के तहत कार्य के प्रति लापरवाह प्रतीक होता है। पूर्व में भी कार्यकारिणी के बैठक किए बिना योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी को लेकर उप मुखिया ने बीडियो को आवेदन देकर आपत्ति दर्ज कराते हुए नियम संगत कार्रवाई की मांग की है।

## कम डाउन पेमेंट और कम ब्याज दर पर अपने घर लाएं टीवीएस की दमदार बाइक

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

अगर आप भी इस फेस्टिव सीजन सस्ते दाम में बाइक या स्कूटर खरीदने की सोच रहे हैं तो आपके पास एक सुनहरा मौका है। समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय शहर के शकुंतला टीवीएस एजेंसी से पॉपुलर टू-व्हीलर कंपनी टीवीएस मोटर की बेहतरीन रेंज की बाइक को खरीद सकते है।

इसके लिए टीवीएस मोटर ने अपने वाहनों में एक से एक शानदार ऑफर लेकर आयी है। त्योहारों के सीजन को देखते हुए कंपनी ने अपने बाइक और स्कूटर्स पर कैशबैक, कम डाउन पेमेंट और कम ब्याज जैसी सुविधा देने रही है।

फेस्टिव ऑफर के तहत टीवीएस अपने स्कूटर या बाइक पर दो हजार तक कैशबैक दे रही है। इसके अलावा कंपनी ने फाइनेंस के जरिए टू व्हीलर खरीदने वालों को कुछ नियम व शर्तों के साथ कम डाउन पेमेंट की भी सुविधा दी है। इतना ही नहीं, ग्राहक नो कॉस्ट ईएमआई का भी फायदा उठा सकते हैं। यानी कि स्त पर कोई ब्याज नहीं लिया जाएगा, हालांकि इसके लिए कुछ शर्तों को भी मानना होगा। इसके साथ शकुंतला टीवीएस से बुकिंग कराने पर दो हजार रुपए की अतरिक्त छूट दी जा रही है।

शकुंतला टीवीएस के प्रबंधक राज दीपक ने बताया कि टीवीएस बाइक की सभी मॉडल उपलब्ध है। अपाची बाइक के साथ टीवीएस राइडर, टीवीएस रेडॉन, स्कूटी में टीवीएस जुपिटर, एक्सल 100 सुपर आदि सभी मॉडल पर ऑफर के साथ उपहार दी जा रही है। इसके अलावे आपको कूपन के माध्यम से भी उपहार दी जाएगी। वहीं यूको बैंक के प्रबंधक रितेश कुमार को स्कूटी की चाभी देते शकुंतला टीवीएस एजेंसी सेल्स एक्सक्यूटिव सन्तोष कुमार।

## संक्षिप्त खबरें

### रेड क्रास में स्थापन दिवस पर किया गया रक्तदान

गया। गया जिला के 158वे स्थापना दिवस के अवसर पर रेड क्रोस गया में कई वरीय उप समाहर्ता गण, वरीय पदाधिकारी गण, स्वास्थ्य विभाग के पदादिकारी एवं चिकित्सक गण, और कई अन्य समाजसेवियों द्वारा रक्त दान शिविर में रक्त दान किया गया है।इस अवसर पर सिविल सर्जन, वरीय उप समाहर्ता शाहबाज खां उपस्थित थे।ब्लड डोनर के नाम सागर चौधरी,सुभम आनंद,आशीष रंजन, राकेश रोशन,सुमंत कुमार,मो साहीद,मनिष कुमार आदी लोगों ने रक्तदान किए।

### डायरीया के प्रकोप से बचाव के लिए छिड़काव बीडीओ

गया। गया नगर प्रखण्ड के कुजाप पंचायत के आराडिह ग्राम से डायरिया फैलने की मिल रही सूचना के आधार पर नगर प्रखण्ड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चाकंद से प्रभारी चिकित्सा प्रभारी त्रिभुवन प्रसाद के नेतृत्व में स्वास्थ्य प्रबंधक रवि कुमार व अनय स्वास्थ्य कर्मियों की टीम स्थल पर भेजी गयी थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में कोई भी डायरिया से ग्रसित नही पाया गया है किंतु पूर्व सावधानी के तौर पर ओ॰आर॰एस॰ व कुछ दवा आदि का वितरण कराया गया है साथ ही ब्लीचिंग का छिड़काव भी कराया गया है।इसकी जानकारी नगर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बलवंत कुमार पाण्डेय ने दी

### मेला घूमने जा रहे युवक को अपराधियों ने मारी गोली

चकिया। जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। देर रात दशहरा मेला देखने जा रहे एक युवक को बाइक सवार अपराधियों ने पिपरा थाना क्षेत्र के पास गोली मार दी। आनन-फानन में उसे निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, गोली युवक के पेट में लगी है। अपराधी युवक को गोली मारकर भाग खड़े होने में सफल रहा। जख्मी युवक के साथ जा रहा उसका दोस्त भी फरार बताया जा रहा है। घटना पिपरा थाना क्षेत्र के जमुनिया गांव की है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।सुत्रों के मुताबीक पिपरा थाना क्षेत्र के जमुनिया गांव का रहने वाला ऋतिक कुमार उर्फ रुस्तम कुमार अपने दोस्त बिटटू के साथ दशहरा का मेला देखने जा रहा था। इसी बीच एक बाइक पर सवार दो अपराधी आए और ऋतिक को गोली मारकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने ऋतिक को इलाज के लिए मोतिहारी के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जख्मी युवक खतरे से बाहर बताया जा रहा है। वही इस बाबत पिपरा थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। मामला संदेहास्पद प्रतित होता है। फिर भी घायल युवक को मोतिहारी के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा हैं। उसके साथी बिट्टू की तलाश की जा रही है। ताकि घटना की सच्चाई सामने आ सके। जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

### हत्या कर सहयोगियों के साथ भाग रही लड़की को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रामगढ़वा। मोतिहारी मुफस्सिल थाना अंतर्गत चुमन कुमार की चाकू से गोदकर हत्या के मामले में रामगढ़वा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।इस कांड के कुछ ही घंटों के बाद रामगढ़वा पुलिस ने इस मामले का उद्भेदन कर लिया है व अपराधीयों की पहचान कर ली है। यह हत्या मोतिहारी बरियारपुर निवासी विवेक कुमार सिंह व रघुनाथपुर निवासी अनिल कुमार ने मिल कर की है। इसका खुलासा रामगढ़वा पुलिस द्वारा गिरफ्तार शिल्पी कुमारी नामक युवती ने पुलिस से की है। शिल्पी कुमारी का प्रेम प्रसंग चुमन कुमार के साथ चल रहा था। यह हत्या प्रेम प्रसंग के मामले में हुआ है। पुलिस ने अपराधियों के साथ नेपाल भाग रहे मृतक की प्रेमिका शिल्पी कुमारी को रामगढ़वा रघुनाथपुर गाँव के समीप एनएच पर पीछा कर गिरफ्तार किया। मामला रविवार का है। मुफस्सिल थाना अंतर्गत बरियारपुर भीताहा गांव के चुमन कुमार की चाकू से गोदकर अपराधियों ने हत्या कर दी थी।

# ओजस्विनी ने किया 'मातृशक्ति आराधना-सह-डाँडिया नृत्य समारोह' का भव्य आयोजन

## महिलाओं को नवदुर्गा से प्रेरणा लेकर अपने अंदर निहित असीम क्षमताओं को पहचानने की है जरुरतः डॉ. रश्मि

प्रातः किरण संवाददाता

गया। अन्तरराष्ट्रीय हिंदू परिषद की सहयोगी शाखा ओजस्विनी के बैनर तले ओजस्विनी जिलाध्यक्षा डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी के कुशल संयोजन तथा नेतृत्व में महापर्व नवरात्रि के सुअवसर पर "मातृशक्ति आराधना-सह-डाँडिया नृत्य समारोह" का भव्य आयोजन स्थानीय आनंदी भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवी दुर्गा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्पांजलि तथा माल्यार्पण के साथ हुआ। शस्त्र पूजन के उपरांत ओजस्विनी तथा अहिप के सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं ने सम्मिलित रूप से देवी दुर्गा के विभिन्न रूपों की उपासना करके संयुक्त रूप से आरती की। संपूर्ण समारोह स्थल 'अंबे तू है जगदम्बे काली, जय दुर्गे खप्पर वाली, तेरे ही गुण गाये भारती, मैया हम सब उतारें तेरी आरती' की पावन धुन से गुंजित हो उठा।

तत्पश्चात ओजस्विनी अध्यक्षा को अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में ओजस्विनी की जिलामंत्री अमीषा भारती, उपाध्यक्ष मोनिका मेहता, महामंत्री शिल्पा साहनी, कोषाध्यक्ष प्रतिज्ञा, ईशा शेखर, प्रियंका, पलक, रिया, पल्लवी, प्रियंका, अमीषा, प्रियल, मधु शर्मा, मोना डेंजर, सरिता देवी आदि ने 'ओ शेरो वाली, बिगड़े बना दे सबके काम', नवरात्रि के नौ दिन आये, देना नौ वरदान" जैसे भक्ति गीतों पर डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। डॉ. रश्मि ने ओजस्विनी तथा अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की ओर से समस्त जिलावासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि नारी को परिवार तथा समाज में सम्मान के साथ जीवन जीने हेतु समान अवसर तथा अधिकार देना ही नवदुर्गा की सच्ची पूजा है। नवरात्रि मनाना तभी सार्थक है, जब माताएँ, बहनें, बहू व बेटियाँ स्वस्थ, समृद्ध, सुशिक्षित तथा प्रसन्न हों। महिलाओं के साथ किये जा रहे दोयम दर्जे के व्यवहार पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। अपने संबोधन में डॉ. रश्मि ने अपनी कविता 'हर नारी में है नवदुर्गा' से उद्धृत "जब करती है पालन-पोषण, सीता का धर लेती स्वरूप। लड़ती जब बाधा-विघ्नों से दिखती दुर्गा-सम तू अनूप। संगीत, कला, साहित्य सभी विद्याओं को धारण करती। तू शिशु की प्रथम पाठशाला, नारी तू ही है सरस्वती..." पंक्तियों को उद्धृत करते हुए कहा कि महिलाओं को नवदुर्गा से प्रेरणा लेकर अपने अंदर निहित असीम क्षमताओं तथा प्रतिभाओं को पहचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को देवी दुर्गा की तरह निर्भीक तथा साहसी बनने की आवश्यकता है।

इस समारोह में समाजसेवी मणिलाल बारीक, अहिप के अध्यक्ष शिवलाल टईया, जिला मंत्री राम बारीक, राष्ट्रीय बजरंग दल के अध्यक्ष रतन गायब, मीडिया प्रभारी अश्विनी कुमार, रजनी त्यागी, विशाल कुमार, विकास कुमार आदि की सक्रिय भागीदारी रही। ओजस्विनी की राष्ट्रीय अध्यक्ष रजनी ठकुराल, अहिप के प्रांतीय संगठन मंत्री अनिल कुमार, विभागाध्यक्ष शशिकांत मिश्र, रेणु रौनियार, प्रो. नूतन शर्मा आदि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर ओजस्विनी अध्यक्षा डॉ. रश्मि तथा अन्य पदाधिकारियों को हार्दिक बधाइयाँ दीं।

# 158 वा स्थापना दिवस पर रन फॉर गया का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

गया। गया जिला का 158वां स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा वॉक फॉर गया का आयोजन किया गया। वॉक फॉर गया में स्कूली छात्र-छात्राएं एवं काफी संख्या में पदाधिकारी, नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि, स्वतंत्रा-सेनानी, युवा, शिक्षकगण, बुद्धिजीवी वर्ग तथा जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लेकर स्थापना दिवस का स्वागत किया गया है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

उप विकास आयुक्त विनोद दूहन एवं अपर समाहर्ता मनोज कुमार द्वारा संयुक्त रूप से वॉक फॉर गया को हरी झंडी दिखाकर टावर चौक से गांधी मंडप के लिए रवाना किया गया है। इस अवसर पर जिला भू अर्जन पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता शाहबाज खां, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा भी वॉक फॉर गया में भाग लेकर छात्र-छात्राओं को उत्साहित किया गया है।

गांधी मंडप में वॉक फॉर गया को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त विनोद दूहन ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं जिलावासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि गया जिला को विकास के पथ पर और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करने का अनुरोध किया गया है। जिलावासियों से अपील किया कि वे गया जिले के ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं गौरवशाली सभ्यता एवं संस्कृति , इसके इतिहास को अक्षुण्ण रखने का कार्य करें ताकि जिले के वर्तमान को विकसित किया जा सके। इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारी, नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा गांधी मैदान में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमे सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है।

# 85 वा रौनियार दुर्गा पूजा समिति का हुआ उद्घाटन रौनियार युवा मंच के द्वारा

## सभी गया जिला वासियों को हार्दिक अभिनन्दन करता है रौनियार युवा मंच

प्रातः किरण संवाददाता

गया में मां की विधिवत पूजा 84 वर्षों से हो रही है श्री रौनियार वैश्य दुर्गा पूजा समिति पिछले 85 वा दुर्गा पूजा का आयोजन का शुभारंभ सप्तमी के दिन रौनियार युवा मंच गया जिला के द्वारा किया गया है।जो जय प्रकाश नारायण अस्पताल के सामने है शुरू किया गया है रौनियार युवा मंच के द्वारा। इस वर्ष 85 भी पूजा पंडाल में विद्युत चलित मूर्ति पूजन की झांकी प्रस्तुत की गयी है। इस पूजा पंडाल का खासियत यह है कि इस रौनियार वैश्य दुर्गा पूजा समिति के द्वारा लोगों को भारी संख्या में मन मोह लेती है एवं लोगों का आकर्षण का केंद्र मां की प्रतिमा मां के द्वारा दुर्गा सप्तशती में जो भी महिषासुरमर्दिनि आदि का होता है। उसी तरह इलेक्ट्रिक के माध्यम से मां के विरुद्ध रूपों का प्रदर्शन रौनियार वैश्य का पूजा समिति करते आ रही है इस वर्ष भी झांकी में माता शिव सती के रूप में जननी माता पार्वती की है जिसमें शिव सती की रक्त में मां दुर्गा प्रकट होकर राक्षस का संधार करती है। गौरतलब है कि 1938 से समिति जो हर वर्ष श्री रौनीयार दुर्गा पूजा करती है वह अपने रौनियार वैश्य समाज के स्वजातीय चंदे से करती है आज के गया में लगभग 800 रौनियार परिवार हैं और इनका आपसी मेल जोल बाकी समुदाय के लिए एक मिसाल है जिसके तहत श्री रौनियार वैश्य दुर्गा पूजा समिति पूजा महोत्सव करती है। पूजा महोत्सव का आयोजन समाज के रौनियार युवा मंच के सदस्यों के द्वारा गठित कार्यकारिणी करता है समिति में अध्यक्ष अजय कुमार सचिव आशीष आनंद, कोषाध्यक्ष कुमार रोहित, उपाध्यक्ष अरविंद आदित्य संतोष कुमार गुप्ता तथा उपसचिव ऋषभ राज हैं। श्री रौनीयार दुर्गा पूजा समिति के रौनियार समाज के सभी वरीय और कर्मठ लोगों की समिति रहती है जिसमें रौनियार वैश्य भवन के सोरभ कुमार गुप्ता ,रोहित आंनदी माई, अमन गुप्ता, मनीष कुमार आदि उत्सव के साथ किया जाता है आराधना।

# इनरव्हील क्लब ऑफ ओजस्वी द्वारा आयोजित डांडिया उत्सव ने खूब रंग जमाया

प्रातः किरण संवाददाता

गया। शहर के वाइट हाउस के समीप नवरात्र के शुभ अवसर पर जुंबा फिटनेस सेंटर में इनरव्हील क्लब ऑफ गया ओजस्वी द्वारा देर शाम डांडिया नाइट का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के पश्चात माँ भगवती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके हुई। तत्पश्चात माँ की आरती के बाद जो लोगों का नृत्य आरंभ हुआ। जिसमें इनरव्हील क्लब ऑफ ओजस्वी के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सदस्यों ने खेल,डांस, मस्ती, म्यूजिक का आनंद उठाया।मौके पर इनरव्हील क्लब ऑफ ओजस्वी की एडिटर प्रिया डालमिया ने बताया कि डांडिया का उद्देश्य सामाजिक सद्भाव पैदा करना है। उन्होंने ने बताया की गरबा और डांडिया जैसे लोक नृत्य से मां दुर्गा प्रसन्न होती है, यूं तो डांडिया और गरबा गुजरात में ज्यादा लोकप्रिय है परंतु आज के परिवेश में क्लब सदस्यों द्वारा बहुत ही सुंदर गरबा नृत्य कर मंत्रमुग्ध कर दिया।इस अवसर पर पीपी तृप्ति गुप्ता, अध्यक्ष गरिमा भदानी, एडिटर प्रिया डालमिया, सेक्रेटरी रिद्धि , नूपुर जैन, वार्ता जैन, कोनिका, अनीता दत्ता सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# नवदुर्गा शक्तिसम्मान से विभूषित हुई मातृशक्ति

प्रात :किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। महाअष्टमी के पावन वातावरण में बीएमपी 6 स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में नौ मातृ शक्तियों को नवदुर्गा शक्ति सम्मान से सम्मानित करते हुए साहित्यकार डॉ संजय पंकज ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक और सनातन परंपरा की यह उपासना पद्धति शक्ति संचय के लिए प्रेरित करती है। शिक्षा, साहित्य, समाज, संस्कृति, राष्ट्र, मूल्य और मनुष्यता के लिए काम करने वाली हमारी मातृशक्ति जीवन के सृजन, लालन-पालन और संवर्धन में अपने आप को समर्पित कर देती हैं। अंधकार से प्रकाश की यात्रा है नवरात्रि जो विजयादशमी में साधक को पूर्ण चैतन्य कर देती है। मिशन भारती रिसर्च इंफॉर्मेशन सेंटर तथा बिहार गुरु के तत्वावधान में विगत तीन वर्षों से यह सम्मान अष्टमी के दिन मां भगवती के परिसर में ही दिया जाता है। अपने स्वागत संबोधन में बिहार गुरु और मिशन भारती के अध्यक्ष अविनाश तिरंगा उर्फ ऑक्सीजन बाबा ने कहा कि समाज का समुचित विकास नैतिकता और सेवा से होता है और सेवा के लिए समर्पित हमारी मातृ शक्ति मुजफ्फरपुर के साथ ही प्रांत और देश के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रही हैं इसलिए यह सम्मान देते हुए हम गौरवान्वित होते हैं।

'नवदुर्गा शक्तिसम्मान' से सम्मानित होने वाली स्त्री-रत्नों डॉ अमिता शर्मा, प्राचार्य रामदयालु सिंह कालेज, वर्षा रानी, डॉ अर्चना सिंह, बबिता द्विवेदी, ममता रमण, लता ज्योतिर्मय, डॉ मीनू कुमारी, कविता रंजन, निशा शर्मा को चुनरी और सम्मान पत्र देकर अष्टभुजा मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष उपस्थित अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली मातृ शक्तियों ने अपने भावपूर्ण उद्गार में कहा कि हम आप सबके लिए मंगलकामना करते हैं। मां दुर्गा सबके जीवन में सुख, शांति, ज्ञान, विवेक, धनधान्य और आरोग्य प्रदान करें। यह महान पर्व प्रकृति और आद्या शक्ति की उपासना है जिसमें सब के कल्याण और विकास की भावना निहित है। पंडित नीरज झा के स्वस्तिवाचन के बाद सम्मान की शुरूआत हुई। समारोह में सर्वश्री मान मर्दन शुक्ला, शंभू नाथ चौबे, मुकेश त्रिपाठी, डॉ विजयेश कुमार, आनंद पटेल, संजय मयंक, प्रमोद आजाद, मुकेश सिंह, अन्नू सिंह, प्रेमभूषण, अनिल विद्रोही, सोनू सिंह, चैतन्य चेतन, कृशानु कुमार, सुनील गुप्ता, रामप्रवेश सिंह, अखिलेश राय, वीरेंद्र कुमार सिंह, मनोज नेता, अमीर खान, चंदेश्वर राम, सतीश सहनी विशाल कुमार, राकेश साहू, ओम प्रकाश गुप्ता की गरिमामी उपस्थिति रही और सब ने मातृ शक्तियों को प्रणाम निवेदित करते हुए बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। अध्यक्षता कांटी मुखिया संघ की अध्यक्ष और वीरपुर पंचायत की मुखिया याचना शाही ने की। विषय प्रस्तावना और संचालन संजय पंकज तथा धन्यवाद ज्ञापन मुकेश त्रिपाठी ने किया।

# रावण दहन एवं पाच मुर्ती दहन दुखहरणी मंदिर का जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया जायजा

प्रात :किरण संवाददाता

गया। जिला पदाधिकारी एवं सुपारी पुलिस अधीक्षक द्वारा गांधी मैदान में विजयदशमी के दिन आयोजित होने वाले रावण दहन के तैयारियों का निरीक्षण किया गया है। रावण दहन आयोजक तथा नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिया कि रोशनी की पुख्ता इंतजाम रखें जिससे किसी भी व्यक्ति को रावण दहन के पश्चात घर वापसी में रोशनी की कोई समस्या ना रहे। आगे निर्देश दिया कि हर हाल में 4:30 से 5:00 के बीच रावण दहन कार्यक्रम प्रारंभ करते हुए 5:30 बजे तक हर एक व्यक्ति गांधी मैदान परिसर को खाली कर दें।

मेरी कटिंग का पुख्ता इंतजाम रखें सभी प्रवेश एवं निकाल गेट पर सभी प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त रखें। गांधी मैदान परिसर एवं सभी गेटों के समीप पी एस सिस्टम सुचारू रखें।

इसके बाद जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा दुखरनी मंदिर के समीप दुर्गा माता के प्रतिमा जो एक साथ 5 प्रतिमा बैठती हैं उस इलाके और गुजरने वाले रोड को घूम घूम कर निरीक्षण किया गया है और आयोजक समिति एवं पदाधिकारियों कई आवश्यक निर्देश दिए हैं।

### राशन के लिए उपभोक्ताओं को लगाने पड़ रहे हैं पीडीएस दुकानों के चक्कर

चिरैया। प्रखंड क्षेत्र के पीडीएस उपभोक्ता इन दिनों काफी परेशान है। केंद्र सरकार ने उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2019 में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पीडीएस दुकानों में पॉश मशीन लगाने का फैसला किया था। जिसका उद्देश्य था राशन वितरण में पारदर्शिता लाना व व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करना, लेकिन इन दिनों पॉश मशीन उपभोक्ताओं के साथ-साथ डीलरों के लिए भी सिरदर्द बन गया है। कारण पॉश मशीन का दिन भर लिंक फेल होना बताया जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र के रामपुर उत्तरी, रामपुर दक्षिणी, मीरपुर, परेवा, मधुबनी, बाराजयराम सहित विभिन्न पंचायतों के उपभोक्ता पॉश मशीन के लिंक फेल होने से परेशान है। मशीन में अक्सर आ रही तकनीकी समस्या के चलते उपभोक्ता को अनाज लेने के लिए डीलरों के यहां कई-कई दिनों तक चक्कर लगाना पड़ रहा है। रविवार को भी पूरे दिन मशीन का लिंक फेल रहने के चलते कई उपभोक्ताओं को निराश होकर वापस लौट जाना पड़ा।

# निर्वाचन कोषांग पदाधिकारी वरीय पदाधिकारी एवं संबंधित प्रभारी पदाधिकारी के साथ जिला पदाधिकारी ने की समीक्षा

मुंगेर ब्यूरो प्रातः किरण

- ईवीएम कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि ईवीएम कमीशनिंग तैयारी कर ली गई है

नगर पालिका आम निर्वाचन 2022 के अंतर्गत नगर निगम मुंगेर नगर परिषद जमालपुर एवं नगर पंचायत तारापुर में निर्वाचन संबंधी तैयारियों को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी नगर पालिका शाह जिला अधिकारी नवीन कुमार द्वारा समीक्षा बैठक संघ कार्यालय में की गई जिसमें सभी निर्वाचन कोषांग के वरीय पदाधिकारी नोडल पदाधिकारी एवं कोषा अंगों से संबंधित प्रभारी पदाधिकारियों मौजूद थे जहां डीएम ने कोषांग बार निर्वाचन तैयारी को लेकर चल रहे कार्यों की समीक्षा की

**मतदान दल कर्मियों को अंतिम मुक्ति पथ निर्गतः**

कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रथम चरण में जमालपुर नगर परिषद एवं तारापुर नगर पंचायत के मतदान के लिए मतदान जल कर्मियों का 29 सितंबर को द्वितीय रेड माइग्रेशन के उपरांत अंतिम नियुक्ति पत्र निर्गत कर दिया गया है साथ ही सभी प्रतिनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र मिला कराए जाने की जानकारी दी गई है दोनों नगर निकाय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान केंद्र एवं मिश्रित मतदान केंद्र के लिए महिला मतदान कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है वहीं डीएम ने निर्देश दिया कि सभी कार्यालय प्रधान का उनके कर्मियों के सत्यापन के लिए पत्र भेजे गए थे इस संबंध में पुनः शत शत प्रतिशत सत्यापन हेतु पत्र और संबंधित कार्यालय प्रधान निकासी एवं बेल पदाधिकारी से सत्यापन प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने पर उस उसे स्पष्टीकरण की मांग करें।

**ईवीएम कमीशनिंग की तैयारी पूरीः** प्रशिक्षण कौशल के नोडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी कर्मियों को दो बार प्रशिक्षण दिया जा चुका है साथ ही किसी कर्मी को संशय होने पर उसे तृतीय प्रशिक्षण भी दिया गया है ईवीएम कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि ईवीएम कमीशनिंग तैयारी कर ली गई है सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि मतदान दल के लिए मतदान सामग्री का बैग तैयारी कर ली गई है वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि तारापुर एवं जमालपुर नगर निकाय निर्वाचन क्षेत्र हेतु वाहनों की अवधि आशिम प्राप्त हो चुकी है पोलो मैदान में वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे व्यय अनुश्रवण कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जमालपुर एवं मुंगेर नगर निकाय निर्वाचन क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों का प्रशिक्षण संपन्न कराया गया है 8 13 एवं 18 अक्टूबर की जांच की तिथि निर्धारित की गई है वहीं डीएम ने मीडिया को शाम को निर्देश दिया कि प्रत्याशियों का प्रचार बिना अनुमति के प्रचार सामग्री का उपयोग को लेकर नोटिस निर्गत करें तथा फेसबुक एवं ट्विटर पर किए जा रहे प्रचार-प्रसार पर भी अनुश्रवण करें मौके पर अपर समाहर्ता विकास आयुक्त सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी व प्रभारी पदाधिकारी मौजूद थे।

# जयनगर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शक्ति पीठ और दुर्गा मन्दिरों में शादिय नवरात्र पर्व को लेकर नेपाल से दर्शन पूजा पाठ अर्चना और बलि प्रदान हेतू आते है श्रद्धालुभक्त

## दर्शन पूजा पाठ खोइच भरने कन्या पूजन को लेकर श्रद्धालुभक्त जनो की उमड़ी भीड़

प्रातः किरण संवाददाता

जयनगर/मधुबनी। मधुबनी जिला के सीमांचल क्षेत्र स्थित जयनगर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शक्ति पीठ और दुर्गा मन्दिरों को शादिय नवरात्र पर्व त्योहार को ले आकर्षण रंग बिरंगे पंडालों फूल मालाओं और बिजली के जगमाती बल्बों लड़ियों तोरण द्वार को भव्यता से सजाया गया। मन्दिर परिसर में और गर्भ गृह में स्थापित और नव निर्मित सजा हुआ मनमोहक माँ दुर्गा समेत अन्य देवताओं की प्रतिमायें भव्यता से सजाया गया हैं। मन्दिर और प्रतिमाएं एवं पंडाल की सजावट आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। दुर्गा पूजनोत्सव को ले पुजारियों के द्वारा विधिविधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ पूजा पाठ और आरती की जा रही हैं। आम लोग भी अपने घरों में देवी की पूजा अर्चना भजन कीर्तन आरती भक्ति भाव श्रद्धा के साथ कर रहें है। पूजनोत्सव को ले क्षेत्र भक्ति मय हो गया हैं और हर्षोल्लास के साथ पूजनोत्सव मना रहे हैं। मन्दिर के परिसरों पूजा पंडालों और मेला में सीसीटीवी के निगरानी में हो रही पूजनोत्सव और मेला का आयोजन । आयोजको और पूजा समिति के सदस्यों के द्वारा पूजनोत्सव को सफल बनाने में अहम योगदान दे रहें हैं। समिति के सदस्य गण मन्दिर परिसर में बैच लगाकर भक्तजनों के सहायता करते दिखे। बस्ती पंचायत स्थित बिहार का सबसे ऊँचा दुर्गा मंदिर है एक सौ ग्यारह फिट ऊंचा दुर्गा मन्दिर में टाइल्स लगा हुआ । मन्दिर के गर्भ गृह में माँ दुर्गा समेत अन्य देवी देवताओं की संगमरमर की प्रतिमाएं स्थापित हैं जो कि आकर्षण का केंद्र हैं। पूजनोत्सव के पहले दिन से पूजा अर्चना और आरती को ले भक्त जनो की भीड़ उमड़ रही हैं। यहाँ बलि प्रदान की प्रथा हैं नेपाल से भी श्रद्धालुभक्त जन दर्शन पूजा पाठ करने आते हैं।कई मंदिरों में पुराने रीति रिवाज के साथ ही पहले ही दिन निर्मित प्रतिमाओं का दर्शन हेतू मन्दिर का पट खुल जाता और प्रतिमायें की दर्शन को ले भीड़ उमड़ जाती हैं। अन्य मन्दिरो और पंडालों के परिसर में निर्मित देवी देवताओं प्रतिमाएं के दर्शन हेतू रविवार को पट खुलते ही पूजा पाठ को लेकर श्रद्धालुभक्त जनों की भीड़ उमड़ रही हैं। मेन रोड स्थित श्री सर्व देवमयी माता मंदिर भगवती स्थान रेलवे स्टेशन परिसर दुल्लीपट्टी धमियापट्टी परसा एसएसबी कैम्प फरदाही वाटर वेज कोरहिया देवधा उसराही समेत कई शक्तिपीठो मंदिरों में भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना की जा रही हैं और पूजनोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा हैं। रविवार से ही देखा गया कि मंदिरों के परिसरों में कन्या भोजन कराते और खोईच आँचल भरते श्रद्धालुभक्त जनों माताओं बहनों को देखा गया। आयोजकों ने बताया कि माँ सभी की सच्ची मनोकामना अवश्य पूरी करती हैं। हम सभी को माँ विपदाओं से बचायें सभी का शुभ मंगल हो यही कामना करते है। नवरात्री पर्व को ले सभी भक्ति में डूब सराबोर हैं। जय माता दी के जयकारों से क्षेत्र गूँजयमान हो रहा हैं। जगह जगह डांडिया झिझिया भक्ति गीत संगीत नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हो रहा है।

# मुफ्त अनाज से 5-जी तक

बीते सप्ताह दो महत्त्वपूर्ण खबरें सामने आईं। एक, केंद्रीय कैबिनेट ने 80 करोड़ गरीब लोगों के लिए मुफ्त अनाज की योजना तीन महीने, 31 दिसंबर, 2022 तक, बढ़ाने का फैसला लिया। दूसरी, प्रधानमंत्री मोदी ने 5-जी संचार सेवा की शुरूआत का बटन दबाया। फिलहाल यह 13 शहरों में ही उपलब्ध है। दोनों घटनाओं में साझापन यह है कि भारत आज भी गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है, लेकिन प्रौद्योगिकी के विकास में नए आसमान छू रहा है। सवाल यह है कि जो भारत हमारे सामने है, क्या उसके लिए 5-जी बहुत जरूरी है अथवा हम एक अंधी वैश्विक दौड़ में शामिल हैं? मुफ्त अनाज 2020 में कोरोना की वैश्विक महामारी के मद्देनजर सरकार ने मुहैया कराना शुरू किया था। जब इस योजना को सितंबर, 22 तक बढ़ाने का बुनियादी फैसला प्रधानमंत्री ने लिया था, तब वित्त से जुड़े शीर्ष अधिकारियों और विशेषज्ञों ने आगाह किया था कि अब योजना को समाप्त किया जाए, नहीं तो इसका अर्थव्यवस्था पर उलटा असर पड़ेगा। करीब 80,000 करोड़ रुपए के नुकसान और बोझ का अनुमान लगाया गया था। बहरहाल प्रधानमंत्री के विशेषाधिकार के सामने तमाम दलीलें बेमानी हैं।

तब भी कुछ चुनाव होने थे और अब भी गुजरात और हिमाचल में विधानसभा चुनाव करीब हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, यानी 5 किलोग्राम मुफ्त अनाज प्रति व्यक्ति, की अवधि बढ़ाई गई है। आकलन है कि इससे 45,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ देश के खजाने पर पड़ेगा। भारत पर कर्ज का बोझ भी काफी है। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति का नया अनुमान है कि 2022-23 के वित्त वर्ष में आर्थिक विकास दर 7.2 फीसदी के बजाय 7 फीसदी रह सकती है। यह उससे कम भी हो सकती है। कोर सेक्टर के 8 क्षेत्रों में विकास दर 3.3 फीसदी तक लुढक आई है और मुद्रास्फीति की दर 6.7 फीसदी ही रह सकती है। मई से सितंबर के दौरान रेपो रेट चार बार बढ़ाने पड़े हैं। यह बोझ भी आम आदमी को झेलना पड़ रहा है। चूंकि मुफ्त अनाज 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुहैया कराया जा रहा है, लिहाजा साफ है कि इतने लोगों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़.नहीं है कि वे अपने भोजन का बंदोबस्त कर सकें। सरकार मुफ्त अनाज बांटेगी, तो उनका गुजर-बसर होगा। हालांकि देश में खाद्य सुरक्षा कानून की व्यवस्था है, जिसके तहत गेहूं, चावल, चीनी आदि बेहद सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। उसके बावजूद 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज बांटना पड़ रहा है, यह स्थिति समझ के परे है। ऐसे परिदृश्य में 5-जी संचार प्रौद्योगिकी का आगाज अनिवार्य नहीं लगता।

बेशक यह सराहनीय, वैज्ञानिक उपलब्धि है, लेकिन सरकारी अनाज को मोहताज तबके के लिए यह सवालिया और चिंतनीय है। अभी तक 4-जी से काम अच्छी तरह चल रहा था। जो आदमी गरीब, भूखा और बेरोजगार है, उसे स्मार्ट मोबाइल खरीदने को बाध्य करना उचित नहीं है। बेशक 5-जी के बाद कोई भी मूवी 5-7 सेकंड में डाउनलोड की जा सकेगी, इंटरनेट की गति कई गुना बढ़ जाएगी, दूर बैठा डॉक्टर एक रोबोट के जरिए दिल का ऑपरेशन भी कर सकेगा, संचार में क्रांति के आयाम जुड़ेंगे और ऐसे ही असंख्य काम किए जा सकेंगे। इंटरनेट गांवों में क्या अभी शहरों में भी कट-कट कर आता है। देश में 6 लाख से ज्यादा गांव और पंचायतें हैं। गली में चलने वाला रिक्शाचालक न तो कार्ड से और न ही डिजिटल तरीके से मजदूरी लेगा। कई केंद्रों और बड़ी दुकानों पर आज भी नकद ही मांगते हैं, क्योंकि अभी नई प्रौद्योगिकी समझ के बाहर है। मेट्रो की सुरंग में निर्माण-कार्य चल रहा है और प्रधानमंत्री एक प्रायोजित मजदूर से संवाद करते हैं, तो वह सरकार की भाषा ही बोलेगा। अलबत्ता 5-जी निर्माण-कार्य कैसे कर सकती है? मोबाइल का हम उत्पादन कम करते हैं और एसेंबल अधिक करते हैं, लिहाजा कच्चा माल आयात करना पड़ता है। हम दूसरों पर आश्रित हैं, लिहाजा मोबाइल बनाने के दावे आधे-अधूरे हैं। सरकार सार्वजनिक कंपनियों-बीएसएनएल और एमटीएनएल-को 4-जी ही पूरी तरह मुहैया करा दे। निजी कंपनियों के सहारे देश को छोडा क्या उचित है? हम 5-जी के खिलाफ नहीं हैं। जहां यही प्रौद्योगिकी कारगर हो सकती है, वहां चूकना नहीं चाहिए, लेकिन मुफ्त अनाज वाले वर्ग के लिए यह न तो बुनियादी जरूरत है और न ही उसे चमत्कृत किया जाना चाहिए। सरकार को यह भी सोचना चाहिए कि क्योंकर आज भी करोड़ों लोगों को मुफ्त में अनाज बांटने की जरूरत है? इस तरह की योजनाओं से यह समस्या तो हल हो जाती है कि कोई भूखे पेट नहीं सोता, लेकिन इसका कोई दीर्घकालिक लाभ नहीं है। उलटे राजकोष पर बोझ पड़ता है।

## भारत में त्यौहारों का मौसम देता है अर्थव्यवस्था को गति

प्रहलाद सबनानी

भारतीय संस्कृति में त्यौहारों का विशेष महत्व है एवं भारतीय नागरिक इन त्यौहारों को बहुत ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाते है। गणेश चतुर्थी, नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, होली, ओणम, रामनवमी, महाशिवरात्रि, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, आदि त्यौहारों को भारत में सबसे महत्वपूर्ण त्यौहारों में गिना जाता है। कुछ त्यौहारों, जैसे दीपावली, के तो एक दो माह पूर्व ही सभी परिवारों द्वारा इसे मनाने की तैयारियां प्रारम्भ कर दी जाती हैं। उक्त त्यौहार अक्सर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी लाते हैं क्योंकि देश के सभी नागरिक मिलकर इन त्यौहारों के शुभ अवसर पर वस्तुओं की खूब खरीदारी करते हैं जिसके कारण देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलता है। इन त्यौहारों के दौरान देश में एक से लेकर दो लाख करोड़ रुपए के बीच खुदरा व्यापार सम्पन्न होता है जो पूरे वर्ष के दौरान होने वाले खुदरा व्यापार का एक बहुत बढ़ा हिस्सा रहता है। त्यौहारों के खंडकाल में रोजगार के नए लाखों अवसर निर्मित होते हैं और नौकरियों की तो जैसे बहार ही आ जाती है। सूचना प्रौद्योगिकी से लेकर ई-कामर्स तक, खुदरा व्यापार से लेकर थोक व्यापार तक, विनिर्माण इकाईयों से लेकर सेवा क्षेत्र तक - विशेष रूप से पर्यटन, होटेल एवं परिवहन आदि, लगभग सभी क्षेत्रों में न केवल व्यापार में अतुलनीय वृद्धि दर्ज होती है बल्कि रोजगार के नए अवसर भी निर्मित होते हैं

भारत में पिछले 5/6 माह से लगातार वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण 140,000 करोड़ रुपए के आसपास बना हुआ है परंतु अब अक्टोबर 2022 माह में इसके 150,000 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर जाने की उम्मीद की जा रही है क्योंकि दशहरा एवं दीपावली जैसे त्यौहार इस माह में आने वाले हैं। त्यौहारों के मौसम में न केवल टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, कपड़े, सोना, चांदी से निर्मित कीमती आभूषणों की खरीद बढ़ती है बल्कि दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के साथ साथ कई नागरिक नए मकान एवं फ़्लैट खरीदना भी शुभ मानते हैं। कुल मिलाकर चारों ओर लगभग सभी क्षेत्रों में उत्साह भरा माहौल रहता है एवं सभी लोग कुछ न कुछ खरीदते ही नजर आते हैं। हालांकि इन त्यौहारों का आध्यात्मिक एवं सामाजिक महत्व तो बना ही रहता है।

भारत के बारे में यदि यह कहा जाय कि यहां एक तरह से संस्कृति की अर्थव्यवस्था ही चल पड़ी है, तो यह अतिश्योक्ति नहीं होगा। वैसे भी पिछले हजारों सालों से भारत की संस्कृति सम्पन्न रही है और देश की संस्कृति जो इसका प्राण है को मूल में रखकर यदि आर्थिक गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाएगा तो यह देश हित का कार्य होगा। अतः भारत की जो अस्मिता, उसकी पहिचान है उसे साथ लेकर आगे बढ़ने में ही देश का भला होगा। उदाहरण के तौर पर हमारे देश में उक्त वर्णित कुछ बड़े त्योहारों को ही ले लीजिए, ये भी सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं। इन्हें कैसे व्यवस्थित किया जा सकता है ताकि देश के नागरिकों में इन त्योहारों के प्रति उत्साह में और भी बढ़ोतरी हो और इन त्योहारों को मनाने का पैमाना बढ़ाया जा सके और इन त्योहारों पर विदेशी पर्यटकों को भी देश में आकर्षित किया जा सके, इसके बारे में आज विचार किए जाने की आवश्यकता है।

भारत की जो सांस्कृतिक विविधता एवं सम्पन्नता है उसको सबसे आगे लाकर हम भारत को एक सांस्कृतिक महाशक्ति के रूप में परिवर्तित कर सकते हैं। यह हमारा उद्देश्य एवं आकांक्षा होनी चाहिए। भारतीय संस्कृति के विभिन्न पहलुओं में मुख्य रूप से शामिल हैं - खाद्य संस्कृति, संगीत, नृत्य, फाइन-आर्ट्स, सिनेमा, सांस्कृतिक पर्यटन (जिसमें हेरिटेज, साइट्स, म्यूजीयम, आदि शामिल है) एवं धार्मिक पर्यटन, आदि। इन सभी पहलुओं को विभिन्न त्यौहारों के दौरान भारत में प्रोत्साहित किये जाने की आज महती आवश्यकता है।

# कृषि विकास का प्रभावी अध्याय

**हम उम्मीद करें कि देश की प्रभावी कृषि रणनीतियों और प्रभावी स्वामित्व योजना से कृषि एवं ग्रामीण विकास भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार बना रहेगा हाल ही में 28 सितंबर को इंडोनेशिया के बाली में दुनिया के विकसित और विकासशील देशों के सबसे प्रभावी संगठन जी-20 की बैठक में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले आठ वर्षों में भारत सरकार ने कृषि और खाद्य प्रणालियों के समक्ष स्थिरता संबंधी चुनौतियों से निपटने, छोटे व सीमांत किसानों के कल्याण, खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन, कृषि अवसंरचना में बड़े निवेश, कृषि के डिजिटलीकरण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से मुकाबले की रणनीतियों से भारत न केवल अपनी खाद्य जरूरतों की सफलता से पूर्ति कर रहा है, वरन जरूरतमंद देशों को वसुदैव कुटुम्बकम की भावना के साथ खाद्यान्न की आपूर्ति भी कर रहा है।**

**डा. जयंतीलाल भंडारी**
**लेखक भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हैं**

ऐसे में जलवायु परिवर्तन के विश्लेषण के साथ विभिन्न उपायों से इस समय असमान मानसून और मानसून की बेरुखी के कारण देश के कृषि मानचित्र पर कृषि की चुनौतियों का जो चित्र उभर रहा है, उसमें बहुत कुछ सुधार हो सकेगा और भारतीय कृषि अपनी आगे बढे की रफ्तार को बनाए रख सकेगी। हम उम्मीद करें कि देश की प्रभावी कृषि रणनीतियों और प्रभावी स्वामित्व योजना से कृषि एवं ग्रामीण विकास भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार बना रहेगा

हाल ही में 28 सितंबर को इंडोनेशिया के बाली में दुनिया के विकसित और विकासशील देशों के सबसे प्रभावी संगठन जी-20 की बैठक में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले आठ वर्षों में भारत सरकार ने कृषि और खाद्य प्रणालियों के समक्ष स्थिरता संबंधी चुनौतियों से निपटने, छोटे व सीमांत किसानों के कल्याण, खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन, कृषि अवसंरचना में बड़े निवेश, कृषि के डिजिटलीकरण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से मुकाबले की रणनीतियों से भारत न केवल अपनी खाद्य जरूरतों की सफलता से पूर्ति कर रहा है, वरन जरूरतमंद देशों को वसुदैव कुटुम्बकम की भावना के साथ खाद्यान्न की आपूर्ति भी कर रहा है। वैश्विक महामारी के दौरान 2021-22 में भारत का कृषि निर्यात 50.21 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है।

उल्लेखनीय है कि इस अहम बैठक में कृषि मंत्री श्री तोमर ने जी-20 के सभी प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे भारत आकर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कृषि एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में जो सकारात्मक परिवर्तन हो रहे हैं, उसे स्वयं देखें। साथ ही भारत विकासशील और अल्पविकसित देशों को अपनी कृषि संबंधी विशेषज्ञता साझा करने के लिए तत्पर भी है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि जी-20 बैठक में भारत के द्वारा कृषि एवं ग्रामीण विकास संबंधी रणनीतिक कदमों से प्राप्त हो रहे अभूतपूर्व परिणामों के विश्लेषण के बाद बैठक में उपस्थित सभी देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने यह अनुभव किया कि इस समय जब पूरी दुनिया में रूस-यूक्रेन युद्ध, चीन-ताइवान तनाव और आपूर्ति श्रृंखला में अवरोधों की वजह से आर्थिक-वित्तीय चुनौतियों और बढ़ती महंगाई से हाहाकार मचा हुआ है, तब भारत में इन चुनौतियों से निपटने के लिए अपनाई गई आर्थिक एवं कृषि संबंधी विवेकपूर्ण रणनीतियों से आम आदमी के लिए राहतकारी परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। निःसंदेह जन-धन योजना (जे), आधार (ए) और मोबाइल (एम) के तीन आयामी जैम से छोटे किसानों और ग्रामीण गरीबों का बेमिसाल सशक्तिकरण हुआ है। साथ ही रिकॉर्ड कृषि उत्पादन और सशक्त सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सहारे 80 करोड़ से अधिक गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों तक अप्रैल 2020 से शुरू की गई निशुल्क खाद्यान्न आपूर्ति की योजना को दिसंबर 2022 तक विस्तारित किए जाने से करोड़ों गरीबों के लिए वैश्विक चुनौतियों के बीच राहत का परिदृश्य उभरा है। केंद्र सरकार अब तक सीधे किसानों के बैंक अकाउंट में 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक की रकम ट्रांसफर कर चुकी है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि इस समय देशभर में सरकार गेहूं-धान की एक फसली खेती की जगह विविध फसलों की खेती और मोटे अनाज को प्रोत्साहन देने की रणनीति पर आगे बढ़ी है। यही कारण है कि इस समय भारत में खाद्यान्न के भंडार भरे हुए हैं। देश में एक जुलाई 2022 को 8.33 करोड़ टन खाद्यान्न (गेहूं एवं चावल) का बफर भंडार है। देश गेहूं, चावल और चीनी उत्पादन में आत्मनिर्भर है। देश में दुग्ध क्रांति भी ऊंचाई पर पहुंच गई है। भारत दुनिया में सबसे बड़ा दुग्ध उत्पाद देश बन गया है।

21 सितंबर को कृषि एवं किसान मंत्रालय के द्वारा मुख्य खरीफ फसलों के उत्पादन के प्रथम अग्रिम अनुमान के मुताबिक खरीफ सीजन में 14.92 करोड़ टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान है। मक्का और गन्ना का रिकॉर्ड उत्पादन अनुमानित है। अब ग्रामीण स्वामित्व योजना भी छोटे किसानों की आमदनी बढ़ाने और उनके सशक्तिकरण के साथ-साथ ग्रामीण विकास में मील का पत्थर बनते हुए दिखाई दे रही है। ज्ञातव्य है कि मध्यप्रदेश के वर्तमान कृषि मंत्री कमल पटेल के द्वारा मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में अक्तूबर 2008 में उनके राजस्व मंत्री रहते लागू की गई स्वामित्व योजना जैसी ही मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास अधिकार योजना के तहत हरदा के मसनगांव और भाट परेटिया गांवों के किसानों को पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में 1554 भूखंडों के मालिकाना हक के पट्टे सौंपे गए थे। पिछले 14 वर्षों में इन दोनों गांवों का आर्थिक कायाकल्प हो गया है।

दोनों गांवों के ग्रामीणों के पास उनकी जमीन का मालिकाना हक आ जाने से वे सरलतापूर्वक संस्थागत ऋण प्राप्त करने लगे हैं, वे स्वरोजगार तथा ग्रामीण उद्योगों की तरफ आगे बढ़े हैं, उनकी गैर कृषि आय बढें से आर्थिक रूप से अधिक सशक्त हुए हैं। ऐसे में अब पूरे देश के गांवों में स्वामित्व योजना के लगातार विस्तार से गांवों के विकास और किसानों की अधिक आमदनी का नया अध्याय लिखा जा रहा है। जब श्री नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री और नरेंद्र सिंह तोमर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री बने तब देशभर के गांवों में ग्रामीणों को उनके भूखंडों का मालिकाना हक देने के महत्व के मद्देनजर स्वामित्व योजना पर महत्वपूर्ण विचार मंथन हुआ। 24 अप्रैल 2020 को पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में पांच राज्यों में स्वामित्व योजना की शुरूआत की गई। इसके बाद 24 अप्रैल 2021 को पंचायती राज दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना को राष्ट्रीय स्तर पर चरणबद्ध रूप से स्वामित्व योजना लागू किए जाने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र संघ के 76वें सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि देश के 6 लाख गांवों में ड्रोन से भूखंडों का सर्वेक्षण कराकर उनके मालिकों को सम्पत्ति का स्पष्ट तौर पर स्वामित्व सौंपकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की स्वामित्व योजना तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है।

स्वामित्व योजना गांवों की जमीन पर बरसों से काबिज ग्रामीणों को अधिकार पत्र देकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने वाली महत्वाकांक्षी योजना है। ग्रामीणों को उनके भूखंडों पर मालिकाना हक मिलने से वे गैर संस्थागत स्त्रोतों से ऊंचे ब्याज पर उधार लेने के लिए मजबूर नहीं होंगे। वे भूखंडों के दस्तावेजों का उपयोग बैंकों से ऋण सहित विभिन्न आर्थिक और वित्तीय कार्यों में कर सकेंगे। हम उम्मीद करें कि सरकार वर्ष 2022 में असमान मानसून की चुनौतियों के मद्देनजर विभिन्न कृषि विकास कार्यक्रमों और खाद्यान्न, तिलहन व दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए लागू की गई नई योजनाओं के साथ-साथ डिजिटल कृषि मिशन के कारगर क्रियान्वयन की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी।

हम उम्मीद करें कि सरकार कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में आधुनिकीकरण और कृषि क्षेत्र में फसलों के विविधीकरण की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी। ऐसे में जलवायु परिवर्तन के विश्लेषण के साथ विभिन्न उपायों से इस समय असमान मानसून और मानसून की बेरुखी के कारण देश के कृषि मानचित्र पर कृषि की चुनौतियों का जो चित्र उभर रहा है, उसमें बहुत कुछ सुधार हो सकेगा और भारतीय कृषि अपनी आगे बढें की रफ्तार को बनाए रख सकेगी। हम उम्मीद करें कि देश की प्रभावी कृषि रणनीतियों और प्रभावी स्वामित्व योजना से जहां कृषि एवं ग्रामीण विकास भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार बना रहेगा, वहीं दुनिया की खाद्य जरूरतों को पूरा करने में भी भारत की अहम भूमिका बनी रहेगी।

# कृषि क्षेत्र में उत्पन्न हो रहे हैं रोजगार के नए अवसर

**केंद्र सरकार की सफल आर्थिक नीतियों के चलते अब ग्रामीण इलाकों में भी बेरोजगारी की दर लगातार कम हो रही है, क्योंकि अब ग्रामों में भी रोजगार के अवसर अधिक संख्या में निर्मित हो रहे हैं। भारत में आज न केवल दुग्ध क्रांति हुई है बल्कि कृषि एवं परिष्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात भी बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। भारत आज दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो गया है। भारत में करीब 8 करोड़ परिवार दुग्ध उत्पादन और इसके व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। देश में प्रति वर्ष लगभग 9 .5 लाख करोड़ रुपए की कीमत का दूध का उत्पादन होता है। 1974 में भारत सिर्फ 2 .3 करोड़ टन दूध का उत्पादन करता था, जो हमारी घरेलू जरूरतों से भी कम था। लेकिन आज 2022 में भारत का दूध उत्पादन करीब दस गुना बढ़कर 22 करोड़ टन हो गया है और आज भारत दूध का निर्यात करने की बेहतर स्थिति में आ गया है।**

**प्रहलाद सबनानी**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

भारत में लगभग 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामीण इलाकों में निवास करती है। इसलिए यह बहुत आवश्यक है कि रोजगार के अधिक से अधिक अवसर भी गावों में ही निर्मित होने चाहिए, अन्यथा गावों से शहरों की ओर नागरिकों का पलायन जारी रहेगा और शहरों पर जनसंख्या का दबाव बढ़ता रहेगा। केंद्र सरकार की सफल आर्थिक नीतियों के चलते अब ग्रामीण इलाकों में भी बेरोजगारी की दर लगातार कम हो रही है, क्योंकि अब ग्रामों में भी रोजगार के अवसर अधिक संख्या में निर्मित हो रहे हैं। भारत में आज न केवल दुग्ध क्रांति हुई है बल्कि कृषि एवं परिष्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात भी बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। भारत आज दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो गया है। भारत में करीब 8 करोड़ परिवार दुग्ध उत्पादन और इसके व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। देश में प्रति वर्ष लगभग 9.5 लाख करोड़ रुपए की कीमत का दूध का उत्पादन होता है। 1974 में भारत सिर्फ 2.3 करोड़ टन दूध का उत्पादन करता था, जो हमारी घरेलू जरूरतों से भी कम था। लेकिन आज 2022 में भारत का दूध उत्पादन करीब दस गुना बढ़कर 22 करोड़ टन हो गया है और आज भारत दूध का निर्यात करने की बेहतर स्थिति में आ गया है। भारत 23 प्रतिशत दूध उत्पादन के साथ दुनिया का नंबर एक उत्पादक बन गया है एवं भारत के बाद अमेरिका, चीन, पाकिस्तान एवं ब्राजील का नाम आता है। पिछले 8 वर्षों के दौरान भारतीय डेयरी उद्योग ने 44 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करते हुए वर्ष 2014-15 में 14.63 करोड़ टन से बढ़कर वर्ष 2020-21 में 21 करोड़ टन का उत्पादन हुआ है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र से डेयरी उद्योग आज 4 प्रतिशत का योगदान कर रहा है, जो कृषि क्षेत्र की विभिन्न मदों में सबसे अधिक है। लगभग 7 करोड़ कृषक आज सीधे ही डेयरी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं एवं इस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। भारत कृषि क्षेत्र के विभिन्न उत्पादों के उत्पादन के मामले में भी वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति में लगातार सुधार कर रहा है। जैसे इस वर्ष भारत, चीन के बाद, दुनिया का सबसे बड़ा दूसरा चाय उत्पादक देश बन गया है। आज भारत प्रति वर्ष 13 लाख टन चाय का उत्पादन कर रहा है। चाय उत्पादन के साथ ही मछली उत्पादन के क्षेत्र में भी भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश बन गया है। मछली का उत्पादन करने वाले किसानों और मछुआरों की आय को दोगुना करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 10 सितंबर 2020 में ह्यप्रधानमंत्री मत्स्य संपदाह्ल योजना शुरू की थी। मत्स्य पालन के क्षेत्र में 2019-20 से लेकर 2021-22 तक 14.3 प्रतिशत की प्रभावी वृद्धि देखी गई है।

भारत 47,000 करोड़ रुपये से अधिक की मछलियों का निर्यात करता है। वर्ष 2020-21 में भारत का सी-फूड निर्यात 11.50 लाख मीट्रिक टन का रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से कृषि के क्षेत्र, में उक्त वर्णित संवर्धनों के चलते हाल ही के वर्षों में भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे लोगों की संख्या में अच्छी खासी कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2011-12 में भारत में गरीबी का अनुपात 21.9 प्रतिशत था जो वर्ष 2020-21 में घटकर 17.9 प्रतिशत हो गया है। गरीबी के अनुपात में लगातार आ रही कमी मुख्य रूप से भारत की प्रति व्यक्ति औसत आय में लगातार हो रही तेज वृद्धि के कारण सम्भव हो सकी है। भारत में प्रति व्यक्ति औसत आय वर्ष 2001-02 में केवल 18,118 रुपए थी जो एक दशक पश्चात अर्थात वर्ष 2011-12 में बढ़कर 68,845 रुपए हो गई। इसके बाद के 10 वर्षों में तो और अधिक तेज गति से वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष 2021-22 में यह 174,024 रुपए हो गई है। भारत की प्रति व्यक्ति औसत आय में वृद्धि, गरीब वर्ग की औसत आय में हो रही तेज वृद्धि के कारण भी सम्भव हो पा रही है। एक अन्य शोधपत्र में भी यह बताया गया है कि बहुत छोटी जोत वाले किसानों की वास्तविक आय में 2013 और 2019 के बीच वार्षिक 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है वहीं अधिक बड़ी जोत वाले किसानों की वास्तविक आय में केवल 2 प्रतिशत की वृद्धि प्रतिवर्ष दर्ज हुई है। दूसरे, भारत में वित्तीय वर्ष 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद का मूल्य 232.15 लाख करोड़ रुपए (अनुमानित) रहा है जो कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में 197.46 लाख करोड़ रुपए (अनुमानित) से बहुत अधिक है। इस प्रकार अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय नागरिकों की आय में 17.6 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान रही है। आज जहां पूरी दुनिया में खाद्यान्न का संकट गहराता जा रहा है, वहीं भारत खाद्यान्न उत्पादन में नए-नए कीर्तिमान बना रहा है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2021-22 के लिए मुख्य कृषि फसलों के उत्पादन के तृतीय अग्रिम अनुमान जारी किए हैं। इसके अनुसार भारत में 31.451 करोड़ टन खाद्यान के उत्पादन का अनुमान है, जो वर्ष 2020-21 के दौरान के खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 37.7 लाख टन अधिक है। वर्ष 2021-22 के दौरान खाद्यान्न उत्पादन पिछले 5 वर्षों के औसत खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 2.38 करोड़ टन अधिक है। भारत के लिए यह एक नया कीर्तिमान होगा। इसी प्रकार, केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 में 32.8 करोड़ टन रिकॉर्ड खाद्य उत्पादन का लक्ष्य रखा है। जो पिछले वर्ष के मुकाबले 3.8 प्रतिशत अधिक है। एक अनुमान के अनुसार भारत में वर्ष 2021-22 में बागवानी का उत्पादन 34.2 करोड़ टन होने जा रहा है। यह 2.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 70.3 लाख टन से बढ़ने जा रहा है। जो वर्ष 2020-21 में 33.46 करोड़ टन पर रहा था। फलों का उत्पादन वर्ष 2020-21 के 10.25 करोड़ टन से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 10.71 करोड़ टन पर पहुंचने की सम्भावना है और सब्जियों का उत्पादन वर्ष 2020-21 के 2.66 करोड़ टन से बढ़कर 3.17 करोड़ टन पर पहुंचने की सम्भावना है। बागवानी के तेजी से बढ़ रहे उत्पादन से किसानों की आय में अधिक वृद्धि दृष्टिगोचर हो रही है। कुल मिलाकर यह देखने में आ रहा है कि भारत के किसान अब सम्पन्न हो रहे हैं एवं भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान 14.2 प्रतिशत से बढ़कर 18.8 प्रतिशत हो गया है। अभी हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी किए गए एक प्रतिवेदन में यह बताया गया है कि भारत में कृषि उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में भी वर्ष 2014 के बाद से 1.5 से 2.3 गुना तक की वृद्धि दर्ज हुई है।

# राहुल की यात्रा ने बड़ी लकीर खींच दी

शकील अख्तर

एक प्रधानमंत्री नेहरू थे। जो लोगों की सोच का स्तर उपर उठाने का काम करते थे। जिससे देश में एक बौद्धिक समुदाय, लेखक, कलाकार, पत्रकार, अन्य प्रोफेशनल आगे आए। नई छवि बनी कि भारत के लोग पढ़े लिखे, वैज्ञानिक समझ वाले हैं। अब एम्बुलेंस को रास्ता देकर, माइक का इस्तेमाल न करके गिमिक (नाटकीयता) किया जा रहा है। इससे मानवीय मूल्य कमजोर होते हैं। देश की छवि हल्की होती है। सभ्य, सुसंस्कृत समाज में उच्च मानवीय गुण निरुपित किए जाते हैं। छोटी, दिखावटी बातों से बचा जाता है। राहुल गांधी की संवेदनाएं सहज स्वाभाविक हैं। लोग उनसे जिस प्यार से मिलते हैं, राहुल भी उसी अपनत्व से उन्हें गले लगाते हैं। यह उनकी वंश परम्परा है। जिसे आज की वैज्ञानिक भाषा में डीएनए कहा जाता है। प्रधानमंत्री मोदी जी इस पर अक्सर सवाल उठाते रहते हैं। बिहार के डीएनए पर उठा दिया था तो बिहार फिर अपने मूल डीएनए मेल मिलाप, भाईचारे की तरफ लौट गया। तो नेहरु गांधी परिवार में देश की जनता से मिलने उन्हें प्यार से गले लगाने का मूल डीएनए है। इसे नकारात्मक ढंग से पेश करने के लिए वंशवाद कहते हैं। वंशवाद होता था राजाओं नवाबों का। अब होता है सेठों का। लोकतंत्र में नेताओं का नहीं होता। यहां तो चुनाव लड़ना पड़ता है। हर पांच साल बाद जनता का सर्टिफिकेट लेना पड़ता है। हां जिसे कहते हैं कि पूर्वजों के पुण्यों की विरासत जरूर होती है। जिसे कोई मिटा नहीं सकता। तो मोतीलाल नेहरू, जवाहर, इन्दिरा, राजीव गांधी से होती हुई राहुल तक आई है। और यह कांग्रेस के लिए गौरव की बात है कि राहुल ने उसे न केवल संभाला, सहेजा है बल्कि समृद्ध भी किया है। आज चाहे जितने फितूर फैला लें मगर यात्रा देश के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। मीडिया कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव से लेकर राजस्थान की चाहे जितनी कहानियां बना लें लोगों का ध्यान यात्रा से नहीं हट रहा। वे यात्रा के बारे में पूछते रहते हैं। राहुल के बारे में। उसके आकर्षण के बारे में। क्या चुंबक है कि लोग खिंचे चले आते हैं। हजारों हजार लोग यात्रा के साथ चल रहे हैं। बच्चे, वृद्ध, महिलाएं, पुरुष और युवा तो सबसे ज्यादा हैं ही। लोग टूटे पांव के साथ भी चल रहे हैं। हमें त्रिशूर में पांव पर प्लास्टर बांधे गाड़ी में अधलेटे एक साहब अपनी पत्नी के साथ मिले। यात्रा में गाड़ी चलने की तो जगह ही नहीं है। इतनी भीड़ होती है कि पैदल चलना ही मुश्किल होता है। आप राहुल के पास तक पहुंच भी जाओ और फोन देखने के लिए जरा सा धीमे हो जाओ तो राहुल सौ कदम आगे जा चुके होते हैं। बहुत तेज चलते हैं। उन्हें बार-बार रोका और टोका जाता है। मगर जैसे ही मौका मिलता है गांधीजी की तरह वे लंबे-लंबे डग भरना शुरू कर देते हैं। रोज सुबह का यही झगड़ा होता है। राहुल कहते हैं, 25 किलोमीटर चलें? दिग्विजय, जयराम रमेश, पवन खेड़ा रोज समझाते हैं कि साथ के लोग इतना नहीं चल पाएंगे। हर उम्र के हर तरह कि फिटनेस के लोग हैं। आपके कहने से हमने 20 किलोमीटर से 21 और 22 तो कर दिया है। मगर 25 बहुत ज्यादा हो जाएगा। राहुल को इस यात्रा में मजा आ रहा है। उनकी अगली यात्रा जो कच्चे रास्तों, गावों से ज्यादा गुजरेगी का प्लान बन रहाहै। उसके लिए राहुल ने दो बातें कही हैं। एक वह पूर्व से पश्चिम या पश्चिम से पूर्व हो। दूसरे 25 किलो मीटर प्रतिदिन चलने का लक्ष्य रखा जाए। ताकि ज्यादा से ज्यादा दूरी कवर हो सके। चलते हुए उन्हें लोगों से बात करना अच्छा लगता है। इससे गति कम होती है। फिर उसे बढ़ाने के लिए वे और तेज चलते हैं। लोगों से मिलते हुए, उनकी उम्मीदों के जवाब में प्रेम से उन्हें गले लगाते हुए, भरोसा दिलाते हुए राहुल ने तीन हफ्ते में एक नई छवि बना ली है। इसे तोड़ने के लिए और मोदी जी की भी ऐसी ही मानवीय छवि बनाने के लिए भाजपा और मीडिया ने अभी एम्बुलेंस को रास्ता देने और माइक का इस्तेमाल न करने का जबर्दस्त प्रचार किया। लेकिन जनता इससे गदगद नहीं हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### भोरे में गाय की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

गोपालगंज। जिले के भोरे थाना क्षेत्र के पियरौटा गांव में शनिवार की रात प्रद्युम्न कुमार यादव के घर से गाय की चोरी हो गयी। पीड़ित ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया है। बताया जाता है कि पियरौटा गांव निवासी प्रद्युम्न यादव गांव में ही एक डेयरी का संचालन करते हैं। शनिवार की रात गाय को दरवाजे पर बांधकर सोने चले गए। सुबह होने पर उनकी गाय वहां से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी गाय का जब पता नही चला तो उन्होंने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### दो भाइयों के बीच मारपीट में चार घायल, चार पर प्राथमिकी दर्ज

गोपालगंज। जिले के भोरे थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच मारपीट हो गयी। जिसमें दोनों पक्षों से कुल चार लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों के दिए आवेदन के आधार पर स्थानीय थाने में चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पहली प्राथमिकी महमूद खान की पत्नी रुबी खातून ने दर्ज करवायी है जिसमें आरोप लगाया है कि मेरे देवर जहांगीर खान हमें बेवजह मार पीटकर घायल कर दिए। साथ ही गलत नियत से देखने एवं कान का झुमका छिनने का भी आरोप लगाया है। वहीं दूसरी प्राथमिकी जहांगीर खान ने दर्ज करवायी है जिसमें आरोप लगाया है कि महमूद खान, रुबी खातून और गुड़िया खातून एक राय कर मेरी मां को मारने लगे।

### शराब के नशे में हंगामा कर रहा युवक गिरफ्तार

गोपालगंज प्रातः किरण संवाददाता

जिले के भोरे थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि कल्याणपुर गांव निवासी तुलसी भगत द्वारा शराब पीकर राहगीरों के साथ गाली-गलौज की जा रही थी। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसकी मेडिकल जांच करायी। शराब पीने की पुष्टि होने पर पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया।

### मां को खिचड़ी का महाभोग अर्पित कर बांटे गए प्रसाद

गोपालगंज। न्यास समिति की ओर से खिचड़ी व अन्य व्यंजनों का महाभोग लगाया गया। मां दुर्गा मंदिर न्यास समिति के सदस्य डॉ. शशि शेखर ने बताया कि मां को भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद बांटे गए। शाम आठ बजे पूजा आरती के बाद मंदिर के मुख्य पुजारी सुरेश पाण्डेय ने महाभोग चढ़ाया गया। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। महाभोग में खिचड़ी, बूंदी,फल,मिठाई,पूड़ी आदि व्यंजन को शामिल किया गया था।

### 182 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ पटना तस्कर गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के कटेया थाने की पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक तिपहिया खुला रिक्सा से 182 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर पटना जिला अंतर्गत राजीव नगर थाना क्षेत्र के शंकर कॉलोनी वार्ड 5 निवासी हरदेव चैहान का 19 वर्षीय पुत्र बबलू कुमार बताया गया है। पुलिस गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ करने में जुटी हुयी है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी इसी दौरान एक जुगाड गाडी तेजी से आती दिखी। पुलिस द्वारा रोकने पर तस्कर जुगाड गाडी को लेकर भागने लगा। जिसके बाद पुलिस ने पिछा कर पकड लिया।

### मां थावे वाली के चरणों में शीश नवाने उमड़े श्रद्धालु

गोपालगंज। थावे दुर्गा मंदिर में नवरात्र की महाअष्टमी को श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। अहले सुबह प्रधान पूजा के बाद मां के मंदिर का पट खुलते ही पूजा के लिए भक्तों की कतार लग गई। दिन चढ़ने के साथ दुर्गा मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार दुर्गा मंदिर से गोलंबर चैक तक लग गई। श्रद्धालु कड़ी धूप में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। पूरा मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूंज रहा था। बेकाबू भीड़ के आगे पुलिस की व्यवस्था लाचार नजर आई। मंदिर में बार-बार भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही थी। कई श्रद्धालुओं को चोटें भी लगीं। पुलिस को बार-बार लाठियां भाजनी पड़ रही थी। व्यवस्था में लगाए गए स्काउड गाइड के छात्रों से श्रद्धालुओं की झड़प भी हो गई।

### पूर्व विधायक ने पूजा पंडालों का भ्रमण कर लोगो को दी बधाई

गोपालगंज। राजद के प्रदेश महासचिव व पूर्व विधायक रेयाजुल हक राजू ने शहर के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर लोगों को दुर्गापूजा की बधाई दी। श्री राजू ने सर्वधर्म समाज के लोगों से आपसी भाईचारे के साथ इस पर्व मनाने की अपील करते हुए कहा कि गोपालगंज ने हमेशा से भाईचारे का संदेश दिया है और ये आगे भी बरकरार रहेगा। इस अवसर पर राजद के प्रधान महासचिव इम्तेयाज अली भुट्टो, युवा राजद के प्रदेश महासचिव अरविंद कुमार पप्पू, संजीव सिंह, यादव पुत्र राहुल, गुफरान रशीद मिंटू, अनिल कुमार प्रजापति तथा आकाश यादव आदि मौजूद थे।

# माँ का खुला पट, श्रद्धालुओ एवं भक्तो की उमडी भीड़

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

या देवी सर्व भूतेषु मातृ रुपेण संस्थिता, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नमः, रविवार को मां से प्रार्थना और जयकारे की गूंज हर तरफ थी। गांव हो या शहर सबके कदम देवी स्थान और पूजा पंडालों की ओर था। मौका था माता के दिव्य स्वरुप के दीदार और चरण वंदना का। शारदीय नवरात्र के सप्तमी के मौके पर रविवार को पूरी श्रद्धा के साथ मां दुर्गा की कालरात्री रूप की पूजा एवं आराधना की गयी। पूजा पंडालों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां का पट खुला तो पूरा क्षेत्र जय माता दी की नारों से गूंज उठा। पट खुलने के साथ हीं मां भवानी के दर्शन और पूजन का सिलसिला शुरू हो गया। सप्तमी को लेकर सुबह से ही बाजारों में चहल पहल शुरू हो गयी थी। खासकर महिलाओं व बच्चों में काफी उत्सुकता देखी गयी। शाम को मां के दरबार में दर्शन को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे शहर में जाम जैसा नजारा दिखने लगा। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इधर ग्रामीण इलाकों में भी देवी पूजन और दर्शन को लेकर पंडाल और माई स्थानों पर भीड़ रही। भीड़ के कारण शहर के अंदर वाहनों के परिचालन पर पूरी तरह विराम सा लग गया।

हालांकि पुलिस प्रशासन की ओर से भी शहर के अंदर वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगाया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को जाम की समस्याओं का सामना नहीं करनी पड़े। पूरा शहर मां की वंदना व स्तुति से गुंजायमान हो रहा है। भक्ति के बीच मां की स्वागत में रंग बिरंगी रोशनियों से शहर को नहला दिया गया है। कदम-कदम पर लगाये गये आकर्षक लाइट डिजाइन वाले तोरण द्वार श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहे है। शहर में बनाये गये एक से बढ़कर एक आकर्षक पूजा पंडालों व मां दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए बच्चों से लेकर हर उम्र वर्ग की महिला व पुरुषों का जनसैलाब सा सड़क पर उमड़ पड़ा। विधि व्यवस्था को लेकर शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। जिला के वरीय से लेकर सभी तरह के पदाधिकारी दुर्गापूजा को सद्भाव पूर्वक संपन्न कराने में मुस्तैदी दिखा रहे हैं। मनचलों और असमाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिये सभी पुजा पंडालों के अलावा चैराहे पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। मां की अराधना और भक्ति परवान पर है। इस श्रद्धा और भक्ति को ऊंचाई देने के लिये पूजा समितियों ने भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। शहर में पंडालों को कहीं मंदिर तो कहीं महल का रुप दिया गया है। पंडालों में स्थापित मां की भव्य सजी प्रतिमायें सहसा हीं आगंतुकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही है। स्टेशन रोड स्थित राजा दल पंडाल मां दरबार सजा है, वहीं पंडाल का बाहरी हिस्सा अयोध्या के राम मंदिर की छटा बिखेर रहा है। आकर्षक बनावट को देखने के लिये आने वाले भक्त की कदम यहा रुक जा रही है। हजियापुर में रविवार की शाम श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मां के दर्शन के लिये उमड़ पड़ी। यहा दुबई के ब्रुज खलीफा के आकृति का बना आलिशान पंडाल अपनी छटा बिखेर रहा है। जगमगाती रोशनी के बीच मां की निराली रुप को देख भक्त भक्ति में डूब रहे हैं। देर रात को बंजारी चैक पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। शिल्पकारों ने बड़ी संजिदगी प्रतिमाओं को सवांरा है, मानों मां आने वाले सभी भक्तों को आशिर्वाद दे रही हैं।

# टीम इंडिया में दिखेगी गोपालगंज की रफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। गोपालगंज जिले के काकडकुण्ड गांव के रहने वाले तेज गेंदबाज मुकेश कुमार का साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाले वनडे सीरीज के लिए इंडिया टीम में चयन हुआ है। जिसकी घोषणा बाकयदा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई की तरफ से की गई है। मुकेश के सलेक्शन के साथ ही पूरे जिले में खुशी की लहर दौड गयी है। डीएम-एसपी समेत कई नेताओं ने मुकेश को बधाई दी है। टीम इंडिया के लिए मुकेश कुमार का पहला मैच 6 अक्टूबर को है।

3 मैचों की ये सीरीज 11 अक्टूबर तक चलेगी। बता दें कि दायें हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश ने शनिवार को ईरानी ट्राफी में शेष भारत की ओर से खेलते हुए सौराष्ट्र के खिलाफ बेहतरीन स्विंग गेंदबाजी का प्रदर्शन कर चार विकेट चटकाए थे। इसका इनाम उन्हें छह अक्टूबर से शुरू होने वाली तीन वनडे सीरीज में चयन के तौर पर मिला। मुकेश को पिछले माह न्यूजीलैंड ए खिलाफ भारत ए टीम में पहली बार मौका मिला था, जिसमें उन्होंने पदार्पण करते हुए चार दिवसीय टेस्ट मैच में पांच विकेट लिए और पूरी सीरीज में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बनकर टीम इंडिया के चयनकताओं को प्रभावित किया था। गोपालगंज के सदर प्रखंड के काकड़पुर गांव की गलियों में काठ के बल्ले और रबर की गेंद से क्रिकेट का पहला पाठ सीख राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने वाले मुकेश का जीवन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। एक सड़क दुर्घटना ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर दे दिया। वर्ष 2011 में वे भोजपुरवा की ओर जा रहे थे तो एक बाइक ने टक्कर मार दी। चाचा कृष्णा सिंह ने उपचार कराया। इसके बाद अच्छे इलाज के लिए पिता काशीनाथ सिंह के पास कोलकाता चले गए। वहां स्वस्थ होने के बाद वर्ष 2012 में बंगाल क्रिकेट क्लब में नामांकन कराया। पश्चिम बंगाल टीम में अंडर-19 व रणजी टीम में चुन लिए गए। अच्छा प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में चयन हो गया। मुकेश के पिता कोलकाता में आटो चलाते थे। आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि सिर्फ क्रिकेट के प्रशिक्षण के लिए कोलकाता बुला लेते। वह दुर्घटना थी तो विपत्ति, पर ईश्वर ने अवसर में बदल दिया।

# पुलिस को शराब की सूचना देने का आरोप लगा पति-पत्नी को पीटा

## पूछताछ करने गई पुलिस टीम के साथ आरोपितों ने की धक्का-मुक्की

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के श्यामपुर गांव में शराब तस्करी के आरोपितों द्वारा अपने पड़ोसी उमेश गोंड पर पुलिस को शराब लाने की सूचना देकर छापेमारी करवाने का आरोप लगाकर मारपीट कर जख्मी कर दिया गया। बीच-बचाव में आयी उसकी पत्नी मालती देवी की भी जमकर पिटाई की गई। घटना के दौरान आरोपितों द्वारा पीड़ितों के घर में घुसकर दरवाजे तोड़ दिए। वहीं, पथराव कर कई सामान को नुकसान पहुंचाया गया। दोनों घायलों का इलाज स्थानीय सरकारी अस्पताल में कराया गया। इसके अलावा मारपीट की सूचना के बाद वहां पहुंचे अवर निरीक्षक एजाज खान और पुलिस बल के साथ आरोपितों द्वारा धक्का-मुक्की की गई। वहीं हरिजन एक्ट केस में फंसाने की धमकी दी गई। घटना शनिवार की रात की बताई जा रही है। मामले को लेकर मारपीट में घायल उमेश गोंड के आवेदन पर रामनिहोरा मांझी, उनके बेटे भूषण मांझी, पत्नी उषा देवी और बेटी पूजा कुमारी के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। जबकि पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की और धमकी देने के मामले में पुलिस पदाधिकारी एजाज खान के आवेदन पर रामनिहोरा मांझी, उनके बेटे भूषण मांझी और पत्नी उषा देवी के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी कराई गई है। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह छापेमारी कर रही है।

# हकाम गांव के नवनिर्मित काली मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा यज्ञ आयोजित

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के बैकुंठपुर प्रखंड क्षेत्र के हकाम गांव के नवनिर्मित काली मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा यज्ञ आयोजित की गयी। बताया गया कि यहां पूर्व से काली मंदिर बना हुआ था जहां हकाम मझलीपट्टी सहित गांव के अन्य लोगों द्वारा पूजा-अर्चना की जा रही थी। कुछ दिनों से मंदिर काफी जर्जर स्थिति में पहुंच चुका था। जिसे देखकर ग्रामीणों को मंदिर में खासकर बरसात के दिनों में माता काली की पूजा अर्चना करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसे अति आवश्यक समझते हुए हकाम मझलीपट्टी गांव निवासी पारसनाथ सिंह, इंजीनियर संजय कुमार सिंह उर्फ अप्पू तथा डॉक्टर अभिषेक रंजन उर्फ झब्लू के द्वारा करीब पचास लाख की लागत से नया काली मंदिर का निर्माण कार्य करा दिया गया है। ताकि गांव के लोगों को पूजा अर्चना करने में किसी तरह की परेशानी ना हो सके। नवनिर्मित काली मंदिर में प्राचीन माता काली के बने पिंडी को विधिवत स्थानांतरित कर प्राणप्रतिष्ठा यज्ञ आयोजित की गयी। पूजा के मुख्य आचार्य अरेराज धाम से आये हरिनारायण तिवारी, योगेंद्र मिश्र तथा नर्वदेश्वर पांडे के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत प्राणप्रतिष्ठा यज्ञ सम्पन्न करायी गयी। यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार, आरती व माता जी के जयकारे से गांव भक्तिमय हो गूंज उठा। अपने पैतृक गांव पहुंचे यज्ञ में एमएलसी राजीव कुमार सिंह उर्फ गप्पू बाबू का भी बडा सहयोग रहा। मौके पर गांव के गणमान्य शिक्षक वशिष्ठ प्रसाद सिंह, सच्चिदानंद राय, समाजसेवी बालेश्वर सिंह, अनिरुद्ध सिंह, डब्लू सिंह, संजू सिंह, राजन सिंह, अरविंद सिंह, शीलू सिंह, हरेंद्र सिंह, अवधकिशोर सिंह, गोपालजी सिंह, बच्चा सिंह, रेवतिथ गांव निवासी रामप्रवेश सिंह तथा चंद्रभूषण सिंह आदि ने यज्ञ में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंदिर निर्माण कर किये गये नेक कार्य की क्षेत्र में खुब सराहना हो रही है।

# शहर के अरार मोड़ पर हुई चाकूबाजी में तीन युवक जख्मी, दो रेफर

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। शहर के अरार मोड़ पर रविवार की शाम तीन युवकों को चाकू मारकर जख्मी कर दिया गया। जख्मी युवकों में अरार मोड़ के अनुराग कुमार, अश्विन कुमार व मठिया गांव के विवेक गिरि शामिल हैं।

इलाज के लिए तीनों युवकों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज इमरजेंसी वार्ड में चल रहा है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि तीनों युवक कमला राय कॉलेज के समीप खड़े थे। इस बीच कॉलेज परिसर में क्रिकेट खेलने के लिए पहुंचे जंगलिया, पोस्ट ऑफिस चैक, दरगाह और साधु चैक मोहल्ले के काफी संख्या में युवक उनसे विवाद करने लगे। विरोध करने पर उन्हें चाकू मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से जख्मी हालत में तीनों को टेम्पो पर लादकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद नगर थाने के सब इंस्पेक्टर व एएसआई ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। वहीं जख्मी युवकों का बयान दर्ज कर आरोपित युवकों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। उधर ,सदर अस्पताल में अनुराग व अश्विन की हालत गंभीर देखकर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें गोरखपुर रेफर कर दिया। नगर इंस्पेक्टर ललन कुमार ने बताया कि इस मामले में जख्मी युवकों के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# स्वतंत्रता सेनानी के पौत्र ने गांधी जयंती पर राजघाट में किया श्रद्धा सुमन अर्पित

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

2 अक्टूबर को गांधी जयंती को धूमधाम से जिले के आला अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि व स्थानीय प्रखंड प्रशासन माना रहे थे । एक तरफ 2 अक्टूबर को गोपालगंज जिले का स्थापना दिवस भी मनाया गया इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम भी रही। वही संग्रामपुर रायमल निवासी व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा अंग्रेजो के खिलाफ चलाए गए सत्याग्रह आंदोलन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने वाले स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय रामदेनी साह के पौत्र व संग्रामपुर अस्पताल मीरगंज के प्रभारी डॉ संजय कुमार ये सब छोड़कर अपने दादा जी की यादों को ताजा करने गांधी जयंती के अवसर पर राजघाट में पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद कर उन्हें नमन किया। डॉ संजय कुमार ने बताया कि दादाजी हमेशा कहा करते थे कि वीर सपूतों के बलिदान और भारत को अंग्रेजो चंगुल से आजाद कराने वालों को हमें कभी भूलना नहीं चाहिए आने वाले युवा पीढ़ियों को इनके किस्से सुनने चाहिए ताकि युवा पीढ़ी उस मार्ग पर चले और उनके अंदर देशभक्ति का जुनून प्रकट हो। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम तो फिर मिल जाएंगे लेकिन ये यादें फिर कभी दोबारा नहीं मिलेगी।

# जिले का मनाया गया 50वां स्थापना दिवस

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में झुमते रहे श्रोता, विरासत से विकास की ओर स्मारिका का किया गया विमोचन

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले की 50वां स्थापना दिवस एवं गांधी जयंती एक साथ होने के कारण कई कार्यक्रमों का आयोजन संयुक्त रूप से किया गया।

शहर अंबेडकर भवन में 50वां स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उदघाटन सांसद आलोक कुमार सुमन, जिला पदाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चैधरी, विधायक रामप्रवेश राय, विधायक प्रेमशंकर यादव, पुलिस अधीक्षक आंनद कुमार, उपविकास आयुक्त अभिषेक रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रजवलित कर किया। स्कूली बच्चों व अन्य कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा विरासत से विकास की ओर स्मारिका का विमोचन किया गया। जिसमें गोपालगंज जिले के सभी विभागों के स्थापना वर्ष से अब तक 50 बर्षो की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा जिले की उपलब्धियों का वर्णन किया गया। वही सांसद डॉक्टर आलोक कुमार सुमन नें जिले की उपलब्धियां गिनायी। जिला पदाधिकारी द्वारा विकास मित्रों को जिले में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के अनतर्गत शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अभिषेक रंजन, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मोहम्मद इरफान आलम, उप निर्वाचन पदाधिकारी गोपालगंज शशि प्रकाश राय, जिला शिक्षा पदाधिकारी आदि पदाधिकारीगण और दर्शक मौजूद थे।

# गोपालगंज विधानसभा उपचुनाव में रोचक होगा मुकाबला

## भाजपा के गढ में दाव पर महागठबंधन की प्रतिष्ठा, विधानसभा उपचुनाव की तारीख का ऐलान होते ही बढी सरगर्मी

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

बिहार की दो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। मोकामा और गोपालगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 3 नवंबर को वोटिंग होगी और 6 तारीख को नतीजे आएंगे। बीजेपी और महागठबंधन में शामिल जेडीयू-आरजेडी समेत अन्य पार्टियों ने बिहार उपचुनाव के लिए कमर कस ली है। मौजूदा समीकरणों के मुताबिक गोपालगंज में बीजेपी मजबूत दिख रही है।

नीतीश कुमार के बीजेपी का साथ छोड़कर तेजस्वी यादव से हाथ मिलाने के बाद हो रहे उपचुनाव काफी रोचक होने वाले हैं। गोपालगंज सदर विधानसभा सीट पर भी उपचुनाव होना है। पूर्व मंत्री और बीजेपी नेता सुभाष सिंह के निधन के बाद यह सीट खाली हुई थी। सुभाष सिंह यहां से लगातार चार बार बीजेपी के टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। इस सीट को बीजेपी का गढ़ माना जाता है। बीजेपी दिवंगत सुभाष सिंह की पत्नी कुसुम देवी को टिकट दे सकती है। क्योंकि वे लगागातर क्षेत्र में जनसंपर्क करने में जुटी हुयी है। पार्टी को सहानुभूति लहर का फायदा मिलने की भी उम्मीद है। वहीं, दूसरी ओर महागठबंधन को बीजेपी के इस गढ़ में सेंध लगाने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ेगी। यहां अक्सर राजद और बीजेपी के बीच ही मुकाबला देखने को मिलता है। ऐसे में महागठबंधन की ओर से राजद के किसी नेता को संयुक्त उम्मीदवार बनाकर बीजेपी के खिलाफ उतारा जा सकता है।

गोपालगंज सदर विधानसभा सीट पर इसबार मुकाबला रोचक होने वाला है। क्योंकि सूबे में सत्ता परिवर्तन के बाद पहली बार चुनावी माहौल बन रहा है। एक तरफ नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव उपचुनाव को जीतने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाकर सरकार को मजबूती देंगे। वहीं आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में अपने दम पर बिहार जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही बीजेपी के लिए भी यह उपचुनाव अहम माना जा रहा है। बीजेपी की ओर से केंद्रीय स्तर के नेता उपचुनाव में प्रचार के लिए आ सकते हैं। वहीं, नीतीश-तेजस्वी समेत महागठबंधन नेताओं की संयुक्त रैलियां हो सकती है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी उपचुनाव कार्यक्रम के मुताबिक गोपालगंज विधानसभा सीट पर 3 नवंबर को मतदान होंगे। 6 नवंबर को वोटों की गिनती होगी और उसी दिन नतीजे आएंगे। उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया 7 अक्टूबर से शुरू हो जाएगी। नामांकन वापसी की तारीख 17 अक्टूबर है।

# चुनाव की घोषणा होते ही लागू हुआ आदर्श आचार संहिता

## सभी राजनैतिक दलों को 24 घंटे के अंदर बैनर पोस्टर हटाने का निर्देश

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

विधानसभा उप निर्वाचन गोपालगंज की डुगडुगी सोमवार को बज गयी। डुगडुगी बजने के साथ ही पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। जिसको लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नवल किशोर चैधरी के द्वारा प्रेसवार्ता के दौरान बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा 101 गोपालगंज विधानसभा उपचुनाव की घोषणा कर दी गयी है। जिसके तहत आयोग के निर्देश के अनुरुप तैयारियां शुरू कर दी गयी है। जिसके तहत सभी राजनैतिक दलों को 24 घंटे का अल्टीमेंटम दिया गया है कि वे सभी अपने पोस्टर बैनर को हटा ले।

नहीं हटाये जाने की स्थिति में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत आदर्श आचार संहिता का मामला दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी। वहीं अपराधिक प्रवृति के लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध धारा 107 के तहत कार्रवाई की जायेगी। साथ ही 116 के तहत कार्रवाई किया जायेगा, जबकि थानों से प्राप्त प्रस्ताव के तहत आइपीसी की धारा तीन के तहत जिला बदर की कार्रवाई की जायेगी। डीएम ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव इवीएम व वीवीपैट के माध्यम से कराया जायेगा। साथ ही विधानसभा उप चुनाव को लेकर निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ डॉ प्रदीप कुमार को चुनाव की सभी तैयारियां कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी शशि प्रकाश राय आदि मौजूद थे।

## चुनावी प्रचार- प्रसार में कोविड प्रोटोकॉल का होगा पालन

विधानसभा उपचुनाव को लेकर गोपालगंज में प्रचार- प्रसार को लेकर राज्य सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग के मानक के अनुरुप कोविड गाइड लाइन का पालन किया जायेगा। उल्लंघन करने पर निर्वाचन आयोग के द्वारा कार्रवाई की जाएगी। गोपालगंज विधानसभा में मतदान केंद्रों की संख्या 330 है। कुल मतदाताओं की संख्या 336824 है। जिसमें पुरुष मतदाता 170323, महिला मतदाता 166486 और अन्य वोटर 15 है। गोपालगंज उपचुनाव के कार्यक्रम इस प्रकार है। अधिसूचना जारी करने की तिथि-सात अक्तूबर 22। नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि सात से 14 अक्तूबर तक। नामांकन पत्रों की जांच 15 अक्तूबर को होगी। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 17 अक्तूबर निर्धारित की गयी है। मतदान तीन नवंबर को और मतगणना छह नवंबर को होगी।

# महाभारत काल से जुड़ा धरोहर राजा विराट गढ़ कई रहस्य के साथ झेल रहे उपेक्षा का दंश

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/कलुआही। वैसे तो मिथिलांचल को देव भूमि के रूप में जाना जाता है। हर एक गांव और कस्बा पौराणिक कहानी से जुड़ा हुआ है। ऐसा ही एक कहानी मधुबनी जिले के कलुआही प्रखंड अंतर्गत मलमल उत्तर पंचायत के राढ,विराटपुर गांव का है। जहां महाभारत काल से जुड़ा एक धरोहर आज भी अवस्थित है। राढ गांव के दक्षिण दिशा में एक टीलानुमा स्थान है। जो विराट गढ़ के रूप में विख्यात है। यह किला दो भागों में विभक्त है। जहां भगवान भोलेनाथ का विशाल शिवलिंग भी अवस्थित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार यह टीला महाभारत काल से जुड़ा हुआ है। जहां राजा विराट का साला सेनापति किचक द्रोपदी के साथ दुर्व्यवहार करने पर भीम के द्वारा कीचक का बध किया गया था। क्रोधित होकर भीम ने किचक को घसीटने पर यह टीला दो भाग में बंट गया था और बीच से एक नदी निकला। वही पश्चिम भाग में अष्टकोणीय विशाल अदभुत शिवलिंग है। जहां आज भी इस शिवलिंग पर चढ़ाया हुआ जल अंदर पाताल में चला जाता है। बताया जा रहा है कि एक दशक पूर्व एक नाग यहां देखा जाता था। जो सोना का नथुनी पहने हुई रहती थी। जब वो निकलते तो एक अलग ही सुगंध की महक मिलती थी। 1993 में इस स्थान का देखरेख संत हनुमान दास द्वारा किया जाने लगा। जिसके बाद स्थानीय लोगो के सहयोग से मंदिर का निर्माण कराया गया। संत हनुमान दास ने कहा कि मुगल काल में नदी और कुंआ को विलुप्त कर दिया गया। वैसे अज्ञात वास के दौरान पांडव और द्रोपदी यहां रही थी। इस स्थल को विकास की दरकार है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और सरकार से इस स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु पहल की मांग की है। वही उप प्रमुख चंदन प्रकाश यादव ने कहा की लगातार स्थानीय लोगों की सहयोग से हर वर्ष शिवरात्रि, दुर्गा पूजा, कृष्ण अष्टमी, जैसे सभी पूजा का आयोजन किया जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### आमसभा आयोजन कर विभिन्न योजना के दी गई जानकारी ग्रामीण भी रखी अपनी समस्याएं

करपी। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बम्भई में मुखिया मंटू कुमार के द्वारा किया गया ग्राम सभा का आयोजन, जिसमें सभी वार्ड सदस्य व ग्रामीण जनता मौजूद रहे, इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया ने बताया की पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्ड में किए जा रहे हैं कार्य के बारे में लोगों को जानकारी दी और सभी योजनाओं के बारे में बताया, साथी उपस्थित लोगों के समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली, तो वही उपस्थित ग्रामीणों ने सभी अपने समस्याएं मुखिया के समक्ष रखा, *(तेलपा पंचायत सरकार भवन पर मुखिया पति ने की आम सभा का आयोजन)* करपी प्रखंड के ग्राम पंचायत शहर तेलपा में पंचायत सरकार भवन पर मुखिया प्रतिनिधि सुरंजन यादव के द्वारा किया गया ग्राम सभा का आयोजन, सभी वार्ड सदस्य व पंचायत सचिव एवं ग्रामीण जनता उपस्थित रहे,इस दौरान आरटीपीएस, इंदिरा आवास योजना, मनरेगा के द्वारा किए गए कार्य, जॉब कार्ड के अलावा अन्य मुद्दों पर किए गए चर्चा।

### दुर्गा पूजा पर सभी सरकारी कर्मी अपने ड्यूटी पर तैनात रहकर बेहतर रूप से दायित्व का निर्वहन करेंगे: डीएम

मुंगेर व्यूरो। दुर्गा पूजा को लेकर शनिवार को संग्रहालय सभागार में विधि व्यवस्था के संदर्भ में सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की संयुक्त विभिन्न जिला अधिकारी नवीन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक रघुनाथ जलाल रेडी के द्वारा की गई इस अवसर पर अपर समाहर्ता उप विकास आयुक्त अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं तारापुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर एवं तारापुर पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय सिविल सर्जन सहित अन्य सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला अधिकारी ने कहा कि विगत वर्ष भी विधि व्यवस्था के लिए आप सभी प्राप्त अपने-अपने दायित्वों का बेहतर रूप से निर्वाह करेंगे मुंगेर के लिए दसारा का पर्व एवं विसर्जन काफी संवेदनशील रहा है छोटी से छोटी चीजों को नजरअंदाज नहीं करना है जहां ड्यूटी लगी है वहां मुस्तैद रहना है सजग और सतर्कता के साथ सभी अपने जिम्मेदारियों को निर्वहन करेंगे इसी तरह की समस्या होने पर तत्काल अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी को सूचित करेंगे एसपी ने कहा कि क्युआरटी की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है वह भ्रमण सिंह रहकर अवांछित तत्वों पर नजर रखेंगे सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस कर्मी अलर्ट रहे वरीय पदाधिकारियों से अपेक्षा रहेगी कि वे नियमित रूप से सभी प्रतिनियुक्त स्थलों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की उपस्थिति की जांच करें समय पर सभी अपने-अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर उपस्थित रहेंगे यदि कोई अनुपस्थित पाया गया तो उनके विरूद्ध रिपोर्ट करें उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पीड़ित परिवार से मिलकर दी संताना रामाज्ञा यादव

अरवल। कुर्था थाना क्षेत्र के शाहगंज गांव निवासी यदु यादव की बीते 2 दिन पूर्व में आकस्मिक निधन हो गया, निधन की खबर सुनते ही लोजपा रामविलास के वरिष्ठ नेता किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामाज्ञा यादव ने पीड़ित परिवार से मिलकर दिया संताना, इस दौरान शोकाकुल परिवार से मिलते हुए रामाज्ञा यादव ने यदु यादव की आत्मा को शांति प्रदान के लिए ईश्वर से प्रार्थना की साथि उन्होंने पीड़ित परिवार के हर संभव मदद करने का भरोसा अश्वासन दिया, इसके अलावा जमुना प्रसाद यादव,विजय पासवान, साधु यादव,अवधेश राजवंशी,मनीष कुमार, समेत अन्य लोगों ने शोकाकुल से मिले

### मां दुर्गा के खुले पट, पंडाल व प्रतिमा बना आकर्षण केंद्र

रक्सौल। डोली आने के उपरांत कालरात्रि के पूजन के साथ ही मां दुर्गा का पट खुल गया। पट खुलते ही मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा शहर मां अम्बे के जयकारे से गुंजयमान हो गया। पूजा पंडालों से निकल रही भक्ति संगीत से पूरा शहर भक्तिमय हो गया। सभी लोग मां की भक्ति में लीन हो गए। पट खुलने के उपरांत श्रद्धालु विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना किये। वहीं शहर में बने कई पूजा-पंडाल आकर्षण के दृश्य बने हुए हैं। खास करके नागा रोड स्थित नागा रोड दुर्गा पूजा में स्थापित मां की मूर्ति के साथ बने अन्य देवता एवं राक्षस राज की प्रतिमा देखने योग्य है। जबकि यहां पूजा पंडाल पूरे शहर के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पंडाल के बाहर लगे झरना भी काफी आकर्षक है।

# आरण्य देवी के दर्शन के लिए उमड़ी आस्था की भीड़

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। शारदीय नवरात्र के सातवें दिन रविवार को देवी दुर्गा के सप्तम स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई। सप्तमी तिथि को पूजन करने के लिए पूजा पंडालों एवं मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी रही। आरा शहर की अधिष्ठात्री देवी मां आरण्य देवी के मंदिर में पूजन एवं दर्शन को लेकर रविवार की अहले सुबह से ही महिला-पुरुष श्रद्धालु भक्तों का जनसैलाब उमड़ पडा। इसके पूर्व मां के मंदिर में कोलकाता के सुप्रसिद्ध फूल श्रृंगार के कारीगर द्वारा सजावट एवं माता का श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात रविवार की सुबह 4 बजे मंगला आरती हुई, जिसमें मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के पदाधिकारी, सदस्य एवं मारवाड़ी समाज के लोग सहित सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए। मंगला आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ। मां अरण्य देवी की मूर्ति एवं मंदिर परिसर को आकर्षक ढ़ंग से फूलों द्वारा सजाया गया था। दर्शन के लिए महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग कतारे बनाई गई थी। मां की दर्शन के लिए भैरव बाबा के मंदिर से भक्तों को प्रवेश कराया जा रहा था। दर्शन के उपरांत भक्तों को मुख्य द्वार से निकाला जा रहा था। पुलिस-प्रशासन की टीम, मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के पदाधिकारी, स्थानीय वोलिंटियर लोगों को कतारबद्व कराकर मां आरण्य देवी के दर्शन करा रहे थे। मां के भक्ति गीतों से पूरा माहौल गुंजायमान हो गया। भक्त आरण्य देवी मैया की जय, सच्चे दरबार की जय के जयकारे लगा रहे थे। मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मीडिया प्रबंधक कृष्ण कुमार ने बताया कि अष्टमी, नवमी तिथि को मां के मंदिर में भक्तों एवं श्रद्धालुओं का प्रवेश भैरव बाबा मंदिर के रास्ते होगा। जबकि निकाश मुख्य द्वार से होगा। भीड़ को देखते हुए मंदिर में महिला-पुरुष भक्तों को दिया एवं अगरबत्ती जलाने की सख्त मनाही है। नारियल हवन कुंड के पास फोडा जा रहा है।

**श्रद्वाल-भक्तों के बीच हुआ प्रसाद का वितरण:** मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट एवं मारवाड़ी समाज द्वारा संयुक्त रूप से सप्तमी तिथि को प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान भक्तो के बीच बुंदिया का वितरण किया गया। इस मौके पर मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक भीम सिंह 'भवेश', सचिव अरविंद पांडेय, कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार जलान, जीतू चंद्रवशी, पुजारी मनोज बाबा, संतोष कुमार सिंह, मीडिया प्रबंधक कृष्ण कुमार, लल्लू भाई, रितेश चौरसिया, नारायण सर्राफ, अमित कुमार, अंकित कुमार, जेपी यादव आदि कई थे।

**द्वापर युग में पांडवों ने किया था देवी का दर्शन किया:** मां आरण्य देवी आरा की अधिष्ठात्री देवी है। ऐसा कहा जाता है कि द्वापर युग में यहां पांडवों ने देवी का दर्शन किया था। उस समय आरा शहर आरण्य वन के नाम से मशहूर था। इस मंदिर सालों भर श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ी रहती है। चैत्र तथा शारदीय नवरात्र में यहां तिल रखने की जगह नहीं होती है। इस मंदिर की सबसे बड़ी खासियत है कि यहां पशु बलि नहीं दी जाती है। बल्कि मां को नारियल चढ़ाया जाता है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा एवं शांति के प्रतीक थे: सत्येन्द्र रंजन

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला मुख्यालय के अमृत होटल के सभागार भवन में अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधान मंत्री भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंति उनकी तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंति श्रद्धा पूर्वक धूमधाम से मनाई गई। जयंति समारोह की अध्यक्षता अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया। जयंति समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा एवं शांति के प्रतीक थे। अहिंसा परमो धर्म के सिद्धांत को नीव बनाकर विभिन्न आन्दोलनों के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश की गुलामी के जंजीर से मुक्त कराया। महात्मा गांधी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे, उनके द्वारा प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम पति तपावन सीता राम सभी देशवासी आदर और सम्मान के साथ गाते है।भारतीय शिक्षा के क्षेत्र में महात्मा गांधी का विशेष योगदान रहा है,उनका सोच था कि हर भारतीय शिक्षित बने। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की उनकी सादगी, राष्ट्रभक्त, ईमानदारी और विनम्रता के लिए आज पूरा देश श्रद्धा पूर्वक याद कर रहा है, उन्होंने वर्ष 1965 के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान जय जवान जय किसान नारा दिया। मूल्यों और सिद्धांतों पर आधारित लाल बहादुर शास्त्री का जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। जयंति समारोह में किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामाज्ञा यादव, जिला संगठन मंत्री रमेश रजक, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, रूप से शामिल हुए।

# पट्ट खुलते माई मुस्काइली, दर्शन को उमड़े श्रद्धालुओं

## गड़हनी में खुला माँ दुर्गा के पट्ट,लोगो का लगा रहा तांता

प्रात : किरण संवाददाता

गड़हनी।सर्वज्ञ सर्व वरदे सर्व दुष्ट भयंकरी सर्व पाप हरो देवी नारायणी नमोस्तुते से शुरू हुआ प्रखण्ड क्षेत्र के गडहनी गोला बाजार स्थित माँ दुर्गा मंदिर, पुरानी बाजार शिव मंदिर, बिजली पट्टी,गडहनी सहँगी रोड सहित आरा सासाराम मुख्य मार्ग स्थित महाबीर मंदिर लभुआनी, काउप गाँव मे काली मंदिर मे माँ भगवती की पूजा आराधना माँ के भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा।सप्तमी को माँ का पट विधि विधान के अनुसार दर्शन के लिए पट्ट खुलते ही भक्तों की भीड उमड पडी।इस अवसर पर भक्तों मे काफी उल्लास उमंग देखा जा रहा है।पूजा पंडाले सज धज कर तैयार हो चुकी है।पूर्व प्रमुख सुनय परमार उर्फ बब्लू सिंह बताते है कि गड़हनी प्रखण्ड में सभी जगह बर्षो से माँ की मूर्ति पूजन होता आ रहा है।नवरात्र का नौ दिन विधि विधान के अनुसार पूजा अर्चना की जाती है।वही प्रखंड व नगर पंचायत के विभिन्न पंडाल में माँ का पट्ट खुलते ही दर्शन को ले श्रद्धालुओं का तांता लग गया।वही गड़हनी बिचली पट्टी में लाइट एण्ड साउंड पर आधारित पंडाल बना एक अलग मिशाल कायम हुआ हैं,इस पंडाल का लोगो के बीच जम कर चर्चा हैं साथ ही बुद्धजीवीयो ने भी सराहना किया।वही प्रखंड के विभिन्न पंचायत में अलग अलग रूप में माँ का दर्शन लोगों ने पंडाल में जा कर कर रहे हैं।वही गड़हनी पुरानी बाजार में 32 वी नाट्यप्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया हैं।दुर्गा पूजा समिति पुरानी बाजार अध्यक्ष सुमन चौरसिया ने बताया कि प्रत्येक वर्ष हमारे यहाँ नाट्यप्रतियोगिता होते आया हैं इस साल भी पाँच टीम भाग लिया हैं कि हर साल की भांति इस साल भी दुर्गा पूजा शांति पूर्वक सम्पन्न होगा साथ ही नाट्यप्रतियोगिता में जो टीम भाग लिया हैं उन्हें शील्ड भी प्रदान किया जाएगा। बलिगांव पंचायत के मुखिया सुनील पाल ने बताया कि बलिगांव व लालगंज में माँ के आराधना में लोग जुट गए हैं,लोगो से बैठक कर समस्या जानकर उसे समाधान कर दिया गया हैं ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।वही गड़हनी के सहँगी रोड में भी महाराष्ट्र के काली मंदिर का पंडाल के रूप दिया गया हैं जिसमे माँ दुर्गा विराजमान हैं।वही नगर पंचायत के गोला बाजार में भी विशाल पंडाल बनाया गया हैं जिसमे माँ दुर्गा का प्रतिमा विराजमान हैं लोग दर्शन को उमड़ रहे हैं।

# जिले के 419 महत्वपूर्ण एवं सवेदनशील स्थानो पर कुल 838 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी पूरी तरह से सजग

## भीड़-भाड़ वाले स्थानो पर सादे लिबास में पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरे से भी नजर

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय दूरभाष संख्या 06276 झ224425 पर दे सकते है सूचना। दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाने एवम इस अवसर पर विधिव्यवस्था संधारण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा हर स्तर पर पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही पूजा का आयोजन शांतिपूर्ण हो इस बाबत चुस्त प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ पूजा में व्यवधान करने वाले, सामाजिक माहौल को दूषित करने वाले एवं अफवाह फैलाने वाले तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। जिले के 419 महत्वपूर्ण एवम संवेदनशील स्थानों पर कुल 838 दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियो की प्रतिनियुक्ति की गई है। भीड़-भाड़ वाले स्थानो पर सादे लिबास में ही पुलिस बल की तैनाती की गई है इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जा रही है।अफवाह फैलाने वाले की खैर नही जेल भेजने की पूरी तैयारी।यदि कोई मिथ्या अफवाह फैला कर सामाजिक ताने-बाने को डिस्टर्ब करने का प्रयास करता है भ्रामक एवं विवादित पोस्ट करता है तो ऐसे लोगों तत्वों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 153झ ए एवं 505 के अंतर्गत अविलंब कार्रवाई की जाएगी। जिला साइबर सेल एवम सूचना एवम जनसम्पर्क की सोशल मीडिया टीम द्वारा 24 घण्टे सोशल मीडिया वाट्सअप ग्रुप वेब न्यूज फेस बुक यूट्यूब चैनल पर विशेष नजर रखी जा रही है।दशहराझ2022 जिला नियंत्रण कक्ष 1 अक्टूबर 2022 के 6:00 बजे पूर्वाह्न से समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में कार्य करना शुरू कर दिया है। किसी भी प्रकार की सूचना नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06276 झ224425 पर दी जा सकती है। 24 घंटा चलने वाला नियंत्रण कक्ष तीन पारियों में चल रहा है। नियंत्रण कक्ष में 24 पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ प्रत्येक पाली में दो दफ्ठ की टीम एवं उनके लिए बेस्ट फोर्स तथा सशस्त्र बल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त किसी भी परिस्थिति से निपटने को लेकर सुरक्षित दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है साथ ही एम्बुलेंस अग्निशाम एवम वज्र वाहन को भी तैयार रखा गया है। डीएम अरविन्द कुमार वर्मा एवम एसपी सुशील कुमार स्वयं पल-पल की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है।

# महाअष्टमी पर आरण्य देवी के दर्शन के लिए भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शारदीय नवरात्र के आठवें दिन सोमवार को देवी दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी की पूजा-अर्चना की गई। अष्टमी तिथि को पूजन करने के लिए पूजा पंडालों एवं मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी रही। आरा शहर की अधिष्ठात्री देवी मां आरण्य देवी के मंदिर में पूजन एवं दर्शन को लेकर बुधवार की अहले सुबह से ही महिला-पुरुष श्रद्धालु भक्तों का जनसैलाब उमड़ पडा। लोगों को देवी दर्शन के लिए घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ा। मां अरण्य देवी की मूर्ति एवं मंदिर परिसर को आकर्षक ढ़ंग से फूलों द्वारा सजाया गया था। भीड का आलम यह था कि महिला-पुरुष भक्तो की लाइन आरण्य देवी, व्यापार मंडल, परानी अदालत तक पहुंच गई। यह सिलसिला करीब डेढ़ बजे तक चला। दोपहर ढाई बजे तक भक्त एवं श्रद्धालुओं की भीड़ कुछ कम हुई। लेकिन पुनः 3 के बाद मंदिर में दर्शन करने वाले एवं दीप जलाने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट एवं पुलिस- प्रशासन द्वारा श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए को दीप जलाने एवं नारियल फोड़ने की सख्त मनाही की गई थी। पुलिस-प्रशासन की टीम, आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के पदाधिकारी, सदस्य, सेवक एवं स्थानीय वोलिंटियर लोगों को कतारबद्व कराकर मां आरण्य देवी के दर्शन करा रहे थे। भक्त आरण्य देवी मैया की जय के जयकारे लगा रहे थे। पुलिस अधीक्षक संजय कुमार सिंह, हेडक्वाटर विनोद कुमार सिंह, नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, यातायात प्रभारी प्रदीप सरकार करीब दर्जन भर महिला-पुरुष सब इंस्पेक्टर वह भारी संख्या में महिला-पुरुष जवान अपने कर्तव्य को निभाते रहें। इसकी अलावे दंडाधिकारी भी मंदिर परिसर में अपने कर्तव्य ड्यूटी निभाते दिखे। इसके अलावे मंदिर परिसर में मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक भीम सिंह 'भवेश', सचिव अरविंद पांडेय, कोषाध्यक्ष श्रवण जालान, ट्रस्टी लल्लू भाई, जितू चंद्रवंशी, गजेंद्र सिंह, संतोष कुमार सिंह, नवीन प्रकाश, मीडिया प्रबंधक कृष्ण कुमार, रितेश चौरसिया, पुजारी मनोज बाबा, रंगनाथ मिश्रा, नरेश कुमार, रवि राज सक्रीय थे। वही अमित कुमार, अंकित कुमार जेपी यादव समेत अन्य वोलेंटियर भी सक्रिय दिखे।

**ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं को पिलाया गया शीतल पेयजल:** शारदीय नवरात्र के अष्टमी तिथि के दिन मां आरण्य देवी मंदिर में भक्तों के जनसैलाब को देखते हुए मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के तत्वाधान में उमस भरी गर्मी से निजात हेतू भक्त-श्रद्धालुओं के बीच शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। इस दौरान मां आरण्य देवी मोहल्ले के वोलेंटियर एवं शक्ति कला मंदिर आरण्य देवी पूजा समिति से जुड़े सदस्यगण काफी सक्रिय दिखे। इस दौरान हजारो श्रद्धालुओं को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया गया। वही ट्रस्ट द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी एवं जवानों को बोतल बंद पानी उपलब्ध कराया गया।

**पूजा समिति ने अपने वरीय सदस्यों को किया सम्मानित:** श्री-श्री बड़ी देवी दुर्गा पूजा समिति नवयुवक संघ व्यवसायिक संघ देवीस्थान के सदस्यों के द्वारा रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस मौके पर पूजा समिति द्वारा पूजा समिति के वरिष्ठ के सदस्यों को चुनरी एवं मां का फोटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मान से गदगद वरीय सदस्यों ने अपने वक्तव्य में वार्ड नंबर-7 की समस्त जनता और वर्तमान सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। पूजा समिति से जुड़े वर्तमान सदस्यों ने कहा कि वरीय सदस्यों की प्रेरणा से ही हम इस कार्य को पिछले कई वर्षों से करते आ रहे हैं। आरण्य देवी मंदिर मोड़ पर स्थापित पूजा पंडाल में स्थापित मां की प्रतिमा का पूरे शहर में अपना एक अलग स्थान रखती है। इस मौके पर बड़ी देवी दुर्गा पूजा समिति नवयुवक संघ व्यवसायिक संघ देवी स्थान के राजकुमार, अवधेश जी, नरेश कुमार, रवि राज, विजय समेत अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण : नेहरू युवा केंद्र

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। अरवल नेहरू युवा केंद्र कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वधान में गांधी पुस्तकालय वासीलपुरर अरवल के सभागार में गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन युवा नेता नीतीश कुमार आजाद युवा क्लब के अध्यक्ष विकास कुमार के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

इस दौरान युवा नेता नीतीश कुमार ने बताया कि महात्मा गांधी की 153वीं जयंती का तात्पर्य उस महान व्यक्ति पर गर्व करने और इतिहास का स्मरण करने से कहीं ज्यादा है गांधी जी खुद भी यही चाहते थे कि हम इस अवसर पर देश और विदेश में न्याय पूर्ण ईमानदार और निष्पक्ष समाज के निर्माण के लक्ष्य के प्रतिबद्धता नए सिरे से दृढ करें महात्मा गांधी हमारे अतीत हैं वह हमारे वर्तमान हैं और हमारे भविष्य भी हैं उन्होंने बहुत से विषय और विचार हमारे सामने रखें और लिखे हैं महात्मा गांधी केवल भारत के ही नहीं मानव मात्र के लिए वे भारत की महानतम देन है और उनका नाम सभी महाद्वीपों में गूंज रहा है साथ ही आजाद युवा क्लब के सदस्यों के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर गांधी पुस्तकालय की साफ-सफाई कराई गई एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया तथा युवाओं ने शपथ लिया कि हम लोग प्लास्टिक मुक्त बिहार बनाने में अपना सहयोग करेंगे तथा आम लोगों से भी प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए प्रेरित करूंगा तथा आज से हम लोग प्लास्टिक के थैले थाली गिलास इत्यादि सामानों का उपयोग नहीं करेंगे और दूसरों लोगों को भी आग्रह करेंगे कि प्लास्टिक का उपयोग अब आप नहीं करेंगे यह कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र से जुड़े हुए सभी युवा मंडलों द्वारा ग्राम स्तर पर भी आयोजित किया जाएगा तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा इस अवसर पर आजाद युवा क्लब के सचिव ,आरिफ हुसैन, कुंदन कुमार , राहुल कुमार, नीतिश कुमार, सुरज कुमार, अतुल कुमार, गोलू कुमार, मिथलेश कुमार भी सदस्य सदस्यों का सराहनीय प्रयास रहा ।

# रावण ने किया सीता हरण, विलाप देखकर रो पड़े श्रद्धालु

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। नगर रामलीला समिति के तत्वावधान में रामलीला के सातवें दिन महंथ रामकिंकर जी महाराज रोहित सिंह प्रमोद मुखिया बब्लू जी शैलेंद्र कुमार राहुल चौरसिया पवन सत्यार्थी व रामलीला समिति के पदाधिकारियों के कर कमलों से दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया।उद्घाटन के पश्चात अध्यक्ष प्रेमपंकज ललन जी ने व अन्य पदाधिकारियो ने आगत अतिथियो का स्वागत अंग वस्त्र से किया। आज पुनः वृंदावन के रामलीला मंडली द्वारा मायावी रावण साधू के भेष में आकर छल से माँ सीता का हरण किया वही लक्ष्मण को हिरण लाने हेतु लाख मना करने के बावजूद जंगल में भेजा जिसका लाभ उठा रावण ने जबदस्ती सीता का हरण कर पुष्पक विमान से लंका ले जाने में सफल हुआ रास्ते में राम भक्त जटायु ने माता सीता को बचाने हेतु बहुत प्रयास किया अंतत रावण से सामना करते हुए अपनी प्राण गवा दिया इसके साथ ही सेवरी मिलन व सुग्रीव मित्रता का आनंदमय मंचन के साथ समापन हुआ।

इस दृश्य में एक महल छोड। मंच संचालन उपाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता ने किया। संरक्षक मेजर राणाप्रताप सिंह जी अध्यक्ष प्रेमपंकज ललन जी कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद महासचिव शंभु नाथ प्रसाद ,सह सचिव विष्णु शंकर, उपाध्यक्ष शंभूनाथ केशरी ,सन्नी शाहबादी, राहुल बदलानी,उदय आनंद, गौतम कुमार राजा विशाल कुमार गुप्ता आशीष कुमार राजेश केशरी आलोक अंजन राजीव रंजन अभिजित आनंद नीरज सोनी अविनाश प्रसाद विशाल कुमार अस्मित राज दीपक पांडेय मुन्ना सोनी बुटाई जी सोनू तिवारी उमाशंकर सिंह मिठाई लाल मंगलम सहित बड़ी संख्या में रामभक्त उपस्थित थे।

### बिजली विभाग के मिलीभगत से विद्युत की हो रही है चोरी

हवेली खड़गपुर संवाददाता प्रातः किरण। विद्युत विभाग के पदाधिकारी और कर्मचारी के मिलीभगत से विद्युत की चोरी हवेली खड़गपुर में हो रहा है एक तरफ उर्जा की खपत कम करने के लिए बड़े-बड़े विज्ञापन देकर आम जनता के बीच प्रचार प्रसार किया जाता है वहीं दूसरी तरफ दिन-रात ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में यह देखा जाता है कि विद्युत पोलो पर लटकने वाले बल्ब 24 घंटे जलते हुए नजर आते हैं दूसरी ओर खड़गपुर अनुमंडल तारापुर असरगंज संग्रामपुर जमालपुर यारपुर मुंगेर सदर धरहरा आदि प्रखंडों के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पूजा पंडालों में बिजली की चोरी से सजावट किए गए हैं जिसे देखने और कार्यवाही करने वाला विद्युत विभाग के अवर प्रमंडल पदाधिकारी कनीय अभियंता कार्यपालक अभियंता अधीक्षण अभियंता और विभाग के कर्मचारियों को विद्युत चोरी रोकने की फुर्सत नहीं है विभाग के अनुसार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली चोरी पकड़कर फाइन और प्राथमिकी दर्ज किया जाता है वही जो व्यक्ति विभागीय पदाधिकारी और कर्मचारी को जिसमें लाइनमैन भी शामिल है को नजराना देकर अवैध रूप से बिजली जलाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मधुबनी जिला के साहरघाट में आस्था के आगे भीषण गर्मी भी फीकी पड़ गई गोदभराई को लेकर मंदिर में महिलाओं की उमड़ी भीड़

मधुबनी/मधवापुर। मधवापुर साहरघाट में शारदीय नवरात्र के महाअष्टमी की अहले सुबह से ही पूजा पंडाल में माता की गोदभराई के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। माता की एक झलक पाने को श्रद्धालुओं लगा रहे थे माता का जयकारा। सोमवार की सुबह 3 बजे से ही श्रद्धालु खासकर महिलाएं सोलह शृंगार कर हाथों में पूजन सामग्री से सजी थाल को लेकर सुबह से ही मंदिर में पहुंचने लगी। साहरघाट के वैष्णवी माता की गोद भराई के लिए महिलाओं की काफी भीड़ देखी गई। पूजा समिति द्वारा बास-बल्ली लगाकर श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कर मंदिर में प्रवेश करा रहे थे। आस्था के आगे भीषण गर्मी भी फीकी पड़ गई। बदन को झुलसाने वाली धूप होने के बावजूद श्रद्धालु लंबी कतार में पूजा के लिए अपनी बारी का इंतजार करते देखी गई। कई श्रद्धालुओं ने बताया की माता के आगे भीषण गर्मी कम है।

### मुख्य पार्षद मीना देवी चला रही है जनसंपर्क अभियान कार्य के अधार पर मांग रही है वोट

मखदुमपुर नगर पंचायत चुनाव की सरगर्मी काफी तेज हो गई है। इसी कड़ी में वर्तमान मुख्य पार्षद मीना देवी भी अपने समर्थकों के साथ घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चला रही है। मीना देवी का कहना है कि पांच साल तक नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में मेरे द्वारा विकास योजनाओं को क्रियान्वित किया गया है। ऐसे में हम अपने काम की मजदूरी जनता से मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का काफिला जब मखदुमपुर से होकर जा रहा था तो वे हमारे कार्य से प्रभावित होकर खुद गाड़ी से उतर कर कार्य का अवलोकन किया था। उन्होंने कहा कि इस बार यदि जनता फिर मौका देती है तो जो भी बचे हुए कार्य हैं, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा करूंगी। इधर इनके समर्थन में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं निवर्तमान उप मुख्य पार्षद रितेश कुमार उर्फ चुन्नू शर्मा ने कहा कि इस बार यदि मीना देवी मुख्य पार्षद बनती है तो प्राथमिकता के आधार पर सभी वार्डों में दो-दो लाइब्रेरी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता का इस बार फिर अपार समर्थन मिल रहा है। मीना देवी द्वारा किए गए कार्य की प्रशंसा आम आवाम कर रहे हैं। ऐसे में इस चुनाव में जीत लगभग सुनिश्चित है।

### वार्ड 11 से ज्योति रानी मैदान में चला रहे जनसंपर्क

मखदुमपुर नगर पंचायत के चुनाव में वार्ड पार्षद के प्रत्याशियों के बीच घमासान मचा हुआ है। इसी कड़ी में वार्ड 11 से ज्योति रानी चुनाव मैदान में विकास के दावे और वादे के साथ जनता के बीच जा रही है। अपने द्वारा पूर्व में किए गए कार्य के आधार पर वह जनता से समर्थन मांग रही है। ज्योति रानी का दावा है कि यदि क्षेत्र की जनता इस बार भी मौका देती है तो पूरे क्षेत्र में विकास की ऐसी बयार बहाई जाएगी जो अब तक कहीं नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा सर्वजनिक कार्य में मुखर होकर सेवा भाव से जुटी रही हूं। उन्होंने कहा कि मेरे पति सुमित कुमार भी समाज के सभी लोगों के सुख-दुख में खड़े रहते हैं। ऐसे में जनता एक सेवक के तौर पर मुझे कार्य करने की मौका देती है। इस बार भी मैं सेवा करने के उद्देश्य से जनता के बीच आई हूं हमें पूरा भरोसा है की वार्ड 11 की जनता फिर मुझे अपना सेवक चुनेगी।

### हाजत का रड तोड़ बाल कैदी फरार

नाथनगर (भागलपुर)। थाना पर रात्रि में ड्यूटी में तैनात संतरी सो रहा था कि इसी बीच हाजत का रोड तोड़कर चोरी के आरोपी एक बाल कैदी फरार होने में सफल हो गया। हाजत से कैदी फरार होने की भनक जब पुलिस को लगी तो पूरे थाना के पुलिस में हड़कंप मच गयी। फरार कैदी की तलाश में पुलिस की प्रयास विफल साबित हो रही है। बताया जा रहा है कि फरार कैदी के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज था। विगत शुक्रवार को स्थानीय कपड़े के रंग व्यापारी रविंद्र साहनी द्वारा अपने कपड़े की दुकान में चोरी की शिकायत दर्ज कराई गयी थी। जिसमें उक्त चोर को विगत शनिवार दुकानदार मालिक रविन्द्र ने नाथनगर चौक स्थित एक निजी होटल में खाना खाने के दौरान पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। सबसे बड़ा सवाल है कि हाजत की सुरक्षा व्यवस्था कैसी थी बाल कैदी हाजत का रड तोड़ कर फरार होने में सफल हो गया और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। ज्ञात हो कि नाथनगर थाना के प्रभारी मो.सज्जाद हुसैन की ड्यूटी में लापरवाही के मामले में निलंबिन की कार्रवाई हो चुकी है बावजूद इसके इस तरह की घटना का होना अपने आप में बड़ा सवाल पैदा करता है।

# सदर प्रखंड के श्रीमत पुर में डीएम ने कचरा प्रबंधन अभियान का किया शुभारंभ

## श्रीमतपुर पंचायत निधि से पंचायत के मैट्रिक प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को डीएम ने दिए दो-दो हजार रुपये

मुंगेर सदर प्रात : किरण

शिक्षा पानी और हवा की तरह है बिना शिक्षा का कभी समाज का कल्याण नहीं हो सकता इसलिए सरकार की ओर से अक्षर आंचल योजना चलाया जा रहा है जिसमें वैसे महिलाओं को शिक्षित किया जा रहा है जो पूरी तरह निरक्षर है यह बातें रविवार को सदर प्रखंड अंतर्गत श्रीमत पुर पंचायत में गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत कचरा प्रबंधन कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए डीएम नवीन कुमार ने कही।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि स्वच्छता जीवन का सबसे उत्तम चीज है, इसे अपनाकर हम स्वच्छ और स्वस्थ रह सकते हैं। हम लोगों ने पूर्व में भी कचरा प्रबंधन कार्यक्रम चलाया जिसका प्रतिफल है कि समाज में लोग सफाई के प्रति जागरूक हुए हैं। तो वहीं जल जीवन हरियाली के तहत आप लोगों ने जो सोख्ता बनाया उससे भूगर्भीय जल संतुलित है. उन्होंने सफाई अभियान में भी शामिल होकर लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया डीएम अपने हाथों श्रीमतपुर पंचायत निधि फंड से पंचायत के प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को दो-दो हजार रुपया देकर सम्मानित किया .इसके पूर्व मुखिया राबिया इमाम, दुर्गा पूजा समिति के सचिव सुनील चौधरी , गौतम यादव महफूज आलम आदि ने डीएम को बुके तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया .कार्यक्रम का संचालन पूर्व मुखिया महफूज आलम कर रहे थे . उन्होंने कहा कि 2008 में भी मुंगेर नगर क्षेत्र में सफाई कर्मियों के हड़ताल के बाद हमारे यहां के मजदूरों ने वहां जाकर साफ सफाई की।

उन्होंने बताया कि 3 महीने के अंदर पंचायत को पूरी तरह स्वच्छ बना दिया जाएगा इस अवसर पर कला जत्था के द्वारा भी लोगों को स्वच्छता के प्रतिजागरूक किया गया.। कला जत्था के सदस्यों ने स्वच्छता के उद्देश पर विस्तार से जानकारी दी .वहीं मुखिया राबिया इमाम की अध्यक्षता में आयोजित विशेष ग्राम सभा में पूर्व के योजनाओं को सभा में मौजूद लोगों ने हाथ उठाकर पारित किया तथा नए योजनाओं पर चर्चा की गई ग्राम सभा में आपदा प्रबंधन मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं पर सदस्यों ने चर्चा किए तथा अपनी सहमति जताई इस अवसर पर डीडीसी संजय कुमार ,एसडीएम यतेंद्र नाथ पाल, डीआरडीए निदेशक, बीडीओ विकास कुमार, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के जिला समन्वयक सुजीत कुमार, पीओ संजीव दास, पंचायत सचिव शंभू सिंह अकरम प्रवेज, पीआरएस आलोक कुमार सुमैया सहित आईटीसी के तहत वीड्स संस्था के अधिकारी मौजूद थे।

उधर नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत में मुखिया प्रमिला देवी, बांक पंचायत में मुखिया डेजी कुमारी, पाटम पूर्वी में मुकेश कुमार की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया .जिसमें पूर्व के योजनाओं को हाथ उठाकर पारित किया गया तथा नए योजनाओं पर चर्चा की गई।

# परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा में मुंगेर जिला एक बार फिर से हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि

मुंगेर सदर प्रात : किरण

मुंगेर। राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार के द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार मिशन परिवार विकास अभियान के तहत 12 से 24 सितंबर तक राज्य भर में चले परिवार नियोजन सेवा पखवारा के दौरान महिला बंध्याकरण के मामले में एक बार फिर से मुंगेर जिला ने निर्धारित 600 की तुलना में लक्ष्य से अधिक 869 का आंकड़ा प्राप्त करते हुए 144.8% सफलता के साथ पूरे बिहार में पहला स्थान हासिल किया है। इस मामले में पूरे बिहार में दूसरे स्थान पर रहे औरंगाबाद जिला ने निर्धारित 740 की तुलना में लक्ष्य से अधिक 946 का आंकड़ा प्राप्त करते हुए 114.7% सफलता प्राप्त करते हुए पूरे बिहार में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

वहीं आईयू सीडी (कॉपर टी) के मामले में निर्धारित लक्ष्य 1650 की तुलना में 1044 का आंकड़ा प्राप्त करते हुए 63.3 % सफलता हासिल कर पूरे बिहार में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस मामले में कटिहार जिला ने निर्धारित 3215 की तुलना में 2394 का आंकड़ा प्राप्त करते हुए 74.5 % सफलता हासिल कर पूरे बिहार में पहले पायदान पर है। इसी तरह पुरुष नसबंदी के मामले में भी मुंगेर जिला ने एक बार फिर से निर्धारित लक्ष्य 55 कि तुलना में लक्ष्य से अधिक 76 का आंकड़ा प्राप्त करते हुए 138.2 % सफलता हासिल करते हुए पूरे बिहार में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस मामले में मुंगेर प्रमंडल का ही शेखपुरा जिला ने निर्धारित लक्ष्य 35 कि तुलना में लक्ष्य से अधिक 83 का आंकड़ा प्राप्त करते हुए 237.1% सफलता के साथ पूरे बिहार में पहला स्थान प्राप्त किया है।

सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव जिला स्वास्थ्य समिति मुंगेर ने बताया कि मुंगेर के जिलाधिकारी और जिला स्वास्थ्य समिति मुंगेर के अध्यक्ष नवीन कुमार के कुशल नेतृत्व महिला बंध्याकरण में मुंगेर जिला का लगातार दूसरी बार पूरे बिहार में टॉप करना और पुरुष नसबंदी और आईयूसीडी में लगातार दूसरे स्थान रहना जिला स्वास्थ्य समिति मुंगेर के डीपीएम नसीम रजी एवं डीसीएम निखिल राज के नेतृत्व में मुंगेर के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सहित शहरी क्षेत्र में जाकर महिलाओं सहित अन्य लोगों को परिवार नियोजन के लिए जागरूक करने का ही परिणाम है। उक्त कार्यक्रम के दौरान आशा कार्यकताओं एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

# दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था को ले किया फ्लैग मार्च

## नाथनगर, मधुसुदनपुर क्षेत्र सहित अन्य जगहों पर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

प्रात : किरण संवाददाता।

नाथनगर (भागलपुर)। दुर्गा पूजा को लेकर क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनी रहे इसके लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मधुसुदनपुर ओपी पुलिस ने दुर्गा पूजा को शांति माहौल में संपन्न कराने व विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस पदाधिकारी के अलावा अन्य पुलिस बल भी शामिल रहे। इस दौरान इलाके के कई जगह पर रुक रुक कर जमघट लगाने वाले लोगों को जमकर फटकार लगाई। इस दौरान मधुसुदनपुर ओपी अध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस है और देर शाम इलाके में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। दुर्गा पूजा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने की दिशा में लोगों से शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने की अपील की गई। दुर्गा पूजा को लेकर इलाके के असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है।

वहीं स्थानीय पुलिस ने नशेड़ियों व नशे के कारोबार करने वाले सहित अपराध में संलिप्त लोगों को चेतावनी भी दी गयी। फ्लैग मार्च के दौरान रामपुर खुर्द पंचायत, मडवा नाथ मंदिर, ठाकुरबारी, कव्वाली, मुसहरी, लक्ष्मण बाग, बाबरपुर, भदोरिया, गोला, न्यू मनोहरपुर, विकीचक, गनोड़ा, माधोपुर आदि इलाकों में छापेमारी अभियान भी चलाया गया है। इस दौरान पुलिस ने नशा करने वाले गंजेड़ी को कड़ी फटकार भी लगाई है।

# दुर्गा पूजा को ले जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने लिया संवेदनशील क्षेत्रों का जायजा

## दुर्गा प्रतिमा विसर्जन व रावण दहन को लेकर जिलाधिकारी व एसएसपी ने किया चंपा नदी घाट व सीटीएस मेला मैदान का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर (नाथनगर)। डीएम सुब्रत कुमार सेन व एसएससी बाबूराम ने सीटीएस मेला मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम के तहत क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, एसएसपी बाबू राम व सिटी एसपी स्वर्ण प्रभात ने मेला मैदान में आयोजित कार्यक्रम रावण दहन और क्षेत्र में स्थापित मां दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन किये जाने को लेकर चंपा नदी घाट का निरीक्षण किया।

दोनों अधिकारियों ने मेला मैदान में होने वाले रावण दहन को लेकर तैयारी और मेला कार्यक्रम आयोजन को लेकर स्थानीय समिति सदस्यों से विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मेला मैदान में रखे बालू, गिट्टी को अविलंब मैदान से हटाने और प्रवेश द्वार को बनाने व उक्त सड़क मार्ग की मरम्मत कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। इस क्रम में उन्होंने कहा कि विगत दो साल बाद इस बार रावण दहन कार्यक्रम में काफी भीड़ जुटने की उम्मीद है। जिसके लिए मेला मैदान के तीनों प्रवेश व निकास द्वार को खोल दिया जाएगा। वहीं एसएसपी ने कहा कि दशहरा मेले में होने वाले भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रबंधन किए गए हैं। इसके लिए स्थानीय पुलिस को इलाके में गश्ती बढ़ाने को लेकर भी निर्देश दिया गया। विसर्जन घाटों की साफ-सफाई और उक्त स्थलों पर लाइट की व्यवस्था के साथ एसडीआरएफ की टीम भी तैनात करने की बात कही। इस दौरान सदर एसडीएम धनंजय कुमार, नगर आयुक्त डॉ. योगेश सागर, सिटी एसपी स्वर्ण प्रभात, सिटी एएसपी शुभम आर्य, और नाथनगर थाना अध्यक्ष खलीक उजमा के अलावा नाथनगर सर्वजनिक पूजा समिति के अध्यक्ष पप्पू यादव, भावेश यादव, देवासी बनर्जी, अशोक राय, हरिप्रसाद भागवत, दिलीप भगत आदि मौजूद थे।

# सारण पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

## लूट की योजना बना रहे 4 अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर (नाथनगर)। डीएम सुब्रत कुमार सेन व एसएससी बाबूराम ने सीटीएस मेला मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम के तहत क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, एसएसपी बाबू राम व सिटी एसपी स्वर्ण प्रभात ने मेला मैदान में आयोजित कार्यक्रम रावण दहन और क्षेत्र में स्थापित मां दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन किये जाने को लेकर चंपा नदी घाट का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने मेला मैदान में होने वाले रावण दहन को लेकर तैयारी और मेला कार्यक्रम आयोजन को लेकर स्थानीय समिति सदस्यों से विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मेला मैदान में रखे बालू, गिट्टी को अविलंब मैदान से हटाने और प्रवेश द्वार को बनाने व उक्त सड़क मार्ग की मरम्मत कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। इस क्रम में उन्होंने कहा कि विगत दो साल बाद इस बार रावण दहन कार्यक्रम में काफी भीड़ जुटने की उम्मीद है। जिसके लिए मेला मैदान के तीनों प्रवेश व निकास द्वार को खोल दिया जाएगा। वहीं एसएसपी ने कहा कि दशहरा मेले में होने वाले भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रबंधन किए गए हैं। इसके लिए स्थानीय पुलिस को इलाके में गश्ती बढ़ाने को लेकर भी निर्देश दिया गया। विसर्जन घाटों की साफ-सफाई और उक्त स्थलों पर लाइट की व्यवस्था के साथ एसडीआरएफ की टीम भी तैनात करने की बात कही। इस दौरान सदर एसडीएम धनंजय कुमार, नगर आयुक्त डॉ. योगेश सागर, सिटी एसपी स्वर्ण प्रभात, सिटी एएसपी शुभम आर्य, और नाथनगर थाना अध्यक्ष खलीक उजमा के अलावा नाथनगर सर्वजनिक पूजा समिति के अध्यक्ष पप्पू यादव, भावेश यादव, देवासी बनर्जी, अशोक राय, हरिप्रसाद भागवत, दिलीप भगत आदि मौजूद थे।

छपरा। सारण जिला के अवतार नगर थानान्तर्गत विगत 2 अक्टूबर को ग्राम रहिमपुर चैके के आस-पास कुछ व्यक्तियों के द्वारा सुधा दूध डायरी के वाहन चालक से दुर्गा पूजा के चंदा के नाम रंगदारी की मांग की गयी। वाहन चालक द्वारा इसका विरोध करने पर उक्त व्यक्तियों के वाहन चालक को मारपीट कर वाहन चालक से कैश एवं मोबाइल लूट लिया। जिस संबंध में अवतार नगर थाना कांड संख्या- 219/22, दिनांक 02.10.2022 धारा- 341/ 323/ 427/ 504/ 34 भादवि दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर तथा थानाध्यक्ष, अवतार नगर थाना को कांड के अनुसंधान एवं त्वरित कार्रवाई करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया। जिसके आलोक में अवतार नगर थाना द्वारा कांड का त्वरित अनुसंधान एवं कार्रवाई करने हेतु अपने क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी क्रम में अवतार नगर पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि रहिमपुर चैक के आस पास कुछ अपराधियों के द्वारा लूट की योजना बनाया जा रहा है तथा आने जाने वाले वाहनों चालकों से रंगदारी की मांग की जा रही है। तत्पश्चात अवतार नगर थाना पुलिस टीम द्वारा सूचना का तत्क्षण संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करने हेतु उपरोक्त स्थान पर पहुंची तो पुलिस वाहन को देखकर कुछ व्यक्तियों द्वारा भागने का प्रयास किया गया जिन्हें गश्ती दल में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व बल की सहायता से पकड़ लिया गया। पूछताछ एवं तलाशी के क्रम में पकड़े गये व्यक्तियों की पहचान धीरज कुमार उर्फ गोपी, पिता विजय राम, संतोष राय पिता अशोक राय, सूरज राय पिता रमेश राय के रूप में हुई, तीनों भगवानपुर, थाना अवतार नगर, विपिन पांडेय पिता शिव पूजन पांडेय, सुल्तानपुर, थाना डेरनी निवासी है। इनके पास से 2 देशी कट्टा, 3 जिंदा कारतूस, 1 मोबाइल, 3 मोटरसाइकिल, 3350 नगर राशि बरामद कर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों पर अवतार नगर थाना कांड संख्या 220/22, दिनांक 02.10.2022 धाराक- 395/401/402 भादवि एवं 25 (1-बी) आर्म्स एक्ट दर्ज अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। अनुसंधान एवं पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों के द्वारा सुधा डायरी के वाहन चालक से कैश एवं मोबाइल लूटने की बात स्वीकार की गयी तथा उक्त कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही के आधार पर उक्त कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के गिरफ्तारी तथा बरामदगी हेतु लगातार छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है।

# कालाजार चैंपियन बनकर गांव की किशोरियों और महिलाओं को जागरूक कर रही है निक्की

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। कालाजार उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है। इसको लेकर सामुदायिक स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। अब कालाजार के खिलाफ मुहिम में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विभाग के प्रयास का परिणाम भी देखने को मिल रहा है। कालाजार चैंपियन बनकर गांव के लोगों, किशोरियों और महिलाओं को जागरूक करने के लिए एक किशोरी सामने आयी है। हम बात कर रहे हैं सारण जिले के गड़खा प्रखंड के सरगटी गांव की रहने वाली निक्की कुमारी की। निक्की 12वीं कक्षा की छात्रा है। 2014 में निक्की को कालाजार (वीएल) हुआ था। फिर 2016 में पीकेडीएल हुआ था। जिसका इलाज सरकारी अस्पताल में हुआ और अब वह पूरी तरह से ठीक है। कालाजार से ठीक होने के बाद निक्की ने यह संकल्प लिया कि वह जिस पीड़ा को झेल चुकी है। उसे गांव के अन्य लोगों को नहीं झेलने देगी। इसको लेकर वह काफी सकारात्मक प्रयास कर रही है। वह किशोरियों और महिलाओं की बैठक कर कालाजार से बचाव, लक्षण तथा उपचार के बारे जानकारी देकर जागरूक कर रही है। सरगटी गांव की निक्की अपने आस-पास के दर्जनों किशोरियों और महिलाओं की ग्रुप बनाकर समय-समय पर बैठक कर जागरूक कर रही है। बैठक में कालाजार से बचाव के लिए विभाग के द्वारा चलाये जाने वाले छिड़काव कार्य में सहयोग करने का संकल्प सभी किशोरियों के द्वारा लिया गया है।

**पेशेंट सपोर्ट ग्रुप से मिली प्रेरणा:** सीफार के जिला समन्वयक रितेश राय ने बताया कि गड़खा प्रखंड के सरगटी गांव में स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के द्वारा कालाजार रोगी सहायता समूह बनाया गया है। जिसका नाम सरगटी रोगी सहायता समूह रखा गया है। निक्की को उस ग्रुप का लीडर बनाया गया है। निक्की कुमारी ग्रुप में काफी सक्रिय होकर काम कर रही है। इस समूह के माध्यम से कालाजार मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और उनके अधिकार के बारे में जानकारी दी जाती है। हर माह बैठक कर मरीजों के साथ कालाजार के खात्मा को लेकर चर्चा की जाती है। मरीजों को कालाजार के लक्षण और, उपचार और बचाव के बारे में जानकारी दी जाती है।

8 से 10 तक सरगटी गांव में होगा छिड़काव

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कालजार बीमारी से बचाव के लिए गड़खा प्रखंड के सरगटी गांव में सिंथैटिक पैराथैराइड का छिड़काव किया जायेगा। इसको लेकर तैयारी की गयी है। इस छिड़काव कार्य में रोगी सहायता समूह के सभी सदस्यों से सहयोग लिया जाएगा ।

प्रत्येक घर में छिड़काव कर्मियों के द्वारा छिड़काव किया जायेगा। इसके लिए आशा कार्यकर्ता और रोगी सहायता समूह के सदस्य लोगों को छिड़काव पूर्व जानकारी देंगे और सहयोग की अपील करेंगे।

# दुर्गा पूजा के पंडालों में भी गूंजी महिला सशक्तिकरण की आवाज

प्रात : किरण संवादाता

बोचहा।जीविका एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के संयुक्त तत्वाधान में जेंडर एकीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत बोचहां प्रखंड के संकुल संघ केंद्रों की दीदियों ने पूजा पंडालों में बालिका शिक्षा, बाल विवाह एवं बालिकाओं के प्रति होने वाले भेदभाव पर जागरूकता लाने के लिए पूजा पंडालों में बैनर लगाया है, जिससे पंडालों की खूबसूरती और निखरी हुई प्रतीत हो रही। हाल ही में जीविका दीदियों को इन मुद्दों पर प्रशिक्षण मिला था, जिससे प्रेरित हो उन्होंने संदेश दिया कि जन जागरुकता से ही रुक सकता है भेदभाव। प्रखंड परियोजना कार्यान्वयन इकाई, बोचहां के मार्गदर्शन में जीविका की टीम ने पहली बार जागरूकता लाने का ऐसा अनोखा तरीका अपनाया, जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों ने भी सहयोग किया। जीविका में कार्यरत पंचायत के कर्मियों ने कहा कि महिलाओं के प्रति होने वाले हिंसाओ को रोकने हेतु हम सभी को प्रयास करनी चाहिए और इसकी ओर ये हमारी एक पहल हैं। जीविका दीदियों ने कहा कि एक ओर हम दुर्गा मां की दशों दिन उपासना करते हैं, और दूसरे और लड़कियों और महिलाओं के प्रति भेदभाव भी करते हैं, जिससे समाज का विकास अवरूद्ध होता है। अतः इसको मिटाने हेतु हम सभी ने मिल कर यह प्रयास पहली बार किया हैं।

# अपराध नियंत्रण को ले समीक्षा बैठक का आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो भागलपुर।

भागलपुर। पुलिस लाइन में एसएसपी बाबू राम ने शहर के सभी थाना अध्यक्षों के साथ अपराध नियंत्रण हेतु समीक्षा बैठक की। बैठक में थाना स्तर पर मोहल्ला, गांव वार अपराधियों की सूची की समीक्षा की। इस दौरान अपराधी सूची को 3 दिन के अंदर अद्यतन करने का निर्देश दिया गया।

मुख्यतः आदतन अपराधियों यथा मर्डर, रंगदारी, लूट, डकैती, चोरी, साम्प्रदायिक दंगा भड़काने वाले, बम फेंकने वाले, सार्वजनिक स्थान पर गोली फायर करने वाले, गुंडागर्दी करने वाले अपराधियों के नाम सूची में जोड़ने का निर्देश दिया।

जिन मोहल्लों या गांव में शून्य अपराधी है, इसका भी सूचीबद्ध उल्लेख करने का निर्देश दिया है। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों से कहा है कि शून्य अपराधी वाले मोहल्लों व गांव की थानावार सूची मीडिया प्रतिनिधि को दी जाएगी ताकि आम लोगों के जानकारी हेतु सहायक हो सके ताकि अगर थाना की सूची में कोई नाम छूटा हो तो उसको भी शामिल किया जा सके। वहीं उन्होंने कहा कि उक्त अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने तथा आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाई करना संबंधित थाना की जिम्मेवारी होगी। अगर किसी थाना क्षेत्र का अपराधी कहीं भी अपराध करता है तो अपराधी के निवास स्थान वाले थाना स्तर से की गई कार्यवाही की भी समीक्षा की जाएगी। लापरवाही पाए जाने पर सम्बंधित पदाधिकारी के विरुद्ध जिम्मेदारी तयकर कार्यवाही की जाएगी।

# अष्टमी को लेकर अंबिका भवानी मंदिर में जुटी हजारों श्रद्धालुओं की भीड़

दरियापुर। शारदीय नवरात्र के आठवें दिन मां अंबिका भवानी मंदिर आमी में हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। अष्टमी का विशेष महत्व होने के कारण अहले सुबह से लेकर देर शाम तक महिला एवम पुरुष श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर दर्शन करते नजर आए। मंदिर में पुजारी गणेश तिवारी ने बताया कि माता के मंदिर में वैसे तो नवरात्र के दौरान प्रतिदिन काफी भीड़ होती है,परंतु अष्टमी से लेकर दशमी तक पूजा का विशेष महत्व होने के कारण सुबह से लेकर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ होती है। उन्होंने बताया कि अष्टमी को सुबह 3 बजे मंदिर का पट खुलते ही काफी लंबी कतार लग गई थी जो शाम तक चल रही है। ऐसे में अनुमान है की सोमवार को लगभग 1 लाख श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन किया है। इस दिन सिर्फ सारण ही नहीं बल्कि पटना, भोजपुर, वैशाली, सिवान एवं गोपालगंज समेत कई अन्य जिलों से भी भक्त आकर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते है। वहीं कई राजनीतिज्ञ तथा प्रशासनिक अधिकारी भी दरबार में हाजिरी लगाते है। पटना से पहुंची मधु सिंह, आरा निवासी मालती देवी, सोनपुर निवासी मोहन सिंह, शीतलपुर डीह निवासी ममता सिंह, सलोनी कुमारी समेत कई श्रद्धालुओं ने बताया कि माता के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूरी होती है, यही कारण है की हमलोग पूरा परिवार हर साल दरबार में हाजिरी लगाते है। वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा भी काफी चुस्त सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। जिससे अत्यधिक भीड़ होने के बावजूद नियंत्रित थी।दर्जनों महिला तथा पुरुष पुलिसकर्मी सक्रिय थे। विदित हो की दुर्गासप्तशती से लेकर कई अन्य धर्मग्रंथों में भी मां अंबिका भवानी की महिमा का गुणगान किया गया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com | @Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें

### सड़क परियोजनाओं के लिए बाजार से 2,500 करोड़ रुपये जुटाएगी सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार तीन सड़क परियोजनाओं के लिए करीब 2,500 करोड़ रुपये का वित्त जुटाने के लिए इस महीने पूंजी बाजार का रुख करेगी। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह राशि अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) के जरिये जुटाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस राशि का इस्तेमाल तीन सड़क परियोजनाओं के वित्तपोषण में किया जाएगा। इनविट्स के जरिये निवेशक ढांचागत क्षेत्र की परियोजनाओं में लगने वाले ट्रस्ट में भागीदारी करते हैं।

### सितंबर में बजाज ऑटो की बिक्री दो प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** वाहन विनिमार्ता बजाज ऑटो ने सोमवार को कहा कि सितंबर के महीने में उसकी कुल बिक्री एक साल पहले की तुलना में दो प्रतिशत गिरकर 3,94,747 इकाइयों की रही। कंपनी ने शेयर बाजारों की दी गई सूचना में कहा कि सितंबर 2021 में उसने कुल 4,02,021 वाहनों की बिक्री की थी। सितंबर 2022 में बजाज ऑटो की कुल दोपहिया वाहन बिक्री चार प्रतिशत गिरकर 3,48,355 इकाई रही जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 3,61,036 इकाई का था। इसके उलट वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

### सुजलान ने राइट्स इश्यू कार्यक्रम को जारी रखने की घोषणा की

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी सुजलान एनर्जी ने अपने संस्थापक चेयरमैन तुलसी तांती के निधन के बाद सोमवार को कहा कि वह 11 अक्टूबर से खुलने वाले 1,200 करोड़ रुपये के अपने राइट्स इश्यू की पेशकश पर कायम है। कंपनी ने शेयर बाजारों को इसकी सूचना देते हुए कहा कि कंपनी के प्रवर्तकों ने राइट्स इश्यू में अपनी भागीदारी बनाए रखने की पुष्टि की है। सुजलान एनर्जी ने अपनी सूचना में कहा, ह्यप्रवर्तकों और प्रवर्तक समूह ने प्रस्तावित राइट्स इश्यू में अपनी भागीदारी की फिर से पुष्टि की है और इसे पूरा करने की मंशा जताई है।ह्न इसका मतलब है कि कंपनी राइट्स इश्यू के बारे में 28 सितंबर को जारी पेशकश पत्र (एलओएफ) में दर्ज समयसीमा का पालन करेगा।

### टेस्ला ने तीसरी तिमाही में रिकॉर्ड 343,830 वाहनों की डिलीवरी की, मस्क उत्साहित

**सैन फ्रांसिस्को।** इलेक्ट्रिक कार निमार्ता टेस्ला ने विशेष रूप से चीन में कोविड लॉकडाउन के कारण दूसरी तिमाही में कमजोर प्रदर्शन के बाद तीसरी तिमाही में रिकॉर्ड 343,830 वाहनों की डिलीवरी की। कंपनी ने कहा कि उसने 365,000 से अधिक वाहनों का उत्पादन किया और 343,000 से अधिक वाहनों की डिलीवरी की।

एलन मस्क द्वारा संचालित कंपनी ने रविवार देर रात एक बयान में कहा, ऐतिहासिक रूप से कारों के क्षेत्रीय बैच निर्माण के कारण हमारी डिलीवरी की मात्रा प्रत्येक तिमाही के अंत में बढ़ रही है। जैसे-जैसे हमारे उत्पादन की मात्रा बढ़ती जा रही है, वाहन परिवहन क्षमता को सुरक्षित करना और इन चरम रसद सप्ताहों के दौरान उचित लागत पर सुरक्षित करना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। इसमें कहा गया है कि तीसरी तिमाही में हमने प्रत्येक सप्ताह वाहन निर्माण के अधिक क्षेत्रीय मिश्रण में ट्रांसिशनिंग करना शुरू किया, जिसके कारण तिमाही के अंत में कारों में पारगमन में वृद्धि हुई। टेस्ला के अनुसार, कारों का ऑर्डर दिया गया है और ग्राहकों को उनके गंतव्य पर पहुंचने पर डिलीवर किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि मॉडल एस और एक्स ने अपनी त्रैमासिक डिलीवरी में से 18,672 का निर्माण किया, जबकि मॉडल 3 और वाई ने 325,158 का हिसाब दिया।

# लावा ने पेश किया अपना पहला 5जी फोन

**व्यापार प्रमुख सुनील रैना ने एक बयान में कहा, हमारी हमेशा से यह इच्छा रही।**

नई दिल्ली,एजेंसी।

घरेलू स्मार्टफोन ब्रांड लावा इंटरनेशनल ने सोमवार को देश में अपने उपभोक्ता के लिए अपना पहला 5जी स्मार्टफोन लावा ब्लेज 5जी लॉन्च किया, जिसकी कीमत करीब 10,000 रुपये होने की संभावना है। 5जी स्मार्टफोन की प्री-बुकिंग, जिसका अनावरण इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2022 में किया गया था, इस साल दिवाली के आसपास शुरू होगी।

लावा इंटरनेशनल लिमिटेड के अध्यक्ष और व्यापार प्रमुख सुनील रैना ने एक बयान में कहा, हमारी हमेशा से यह इच्छा रही है कि हम भारत में बने एक सुलभ 5जी स्मार्टफोन को विकसित करें। यह प्रोडक्ट भारतीयों को सस्ती कीमत पर अगली पीढ़ी की 5जी तकनीक उपलब्ध कराने के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है। रैना ने कहा, लावा ब्लेज 5जी हर भारतीय स्मार्टफोन उपयोगकर्ता को समर्पित है, जो अपने देश को अगली तकनीकी महाशक्ति के रूप में उभरने का सपना देखता है। इस स्मार्टफोन के लॉन्च के साथ हम 5जी तकनीक की शक्ति को सभी के लिए सुलभ बना रहे हैं। बेहतर फोटोग्राफी अनुभव और सेल्फी के लिए स्मार्टफोन में 50 एमपी का एआई ट्रिपल रियर कैमरा और 8 एमपी का फ्रंट कैमरा है। स्मार्टफोन मीडियाटेक डाइमेंशन 700 द्वारा संचालित है और इसमें हाई एंड और लेग फ्री यूजर एक्सपीरियंस और 128 जीबी आंतरिक स्टोर के लिए 4 जीबी प्लस 3 जीबी वर्चुअल रैम है। इसमें 5,000 एमएएच की बड़ी बैटरी है। मीडियाटेक इंडिया के प्रबंध निदेशक अंकू जैन ने कहा, नए 5जी स्मार्टफोन का लक्ष्य अत्याधुनिक तकनीक को सभी के लिए सुलभ बनाना है। यह सहयोग भारत में सरकार के डिजाइन को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। लावा ब्लेज 5जी में 6.5 इंच का बड़ा एचडी प्लस आईपीएस डिस्प्ले है जिसमें वाइडवाइन एल1 सपोर्ट और 90 हट्र्ज रिफ्रेश रेट है। इसमें साइड माउंटेड अल्ट्रा-फास्ट फिंगरप्रिंट अनलॉक के साथ लेटेस्ट सुरक्षा विशेषताएं भी हैं।

- लावा इंटरनेशनल ने सोमवार को देश में अपने उपभोक्ता के लिए अपना पहला 5जी स्मार्टफोन लावा ब्लेज 5जी लॉन्च किया, जिसकी कीमत करीब 10,000 रुपये होने की संभावना है। 5जी स्मार्टफोन की प्री-बुकिंग, जिसका अनावरण इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2022 में किया गया था।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली,एजेंसी।

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में लगभग तीन सप्ताह से कच्चे तेल की कीमतों के दबाव में रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम सोमवार को भी स्थिर रहे। कच्चे तेल की कीमत 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे चल रही है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंदन ब्रेंट क्रूड आज 2.58 प्रतिशत बढ़कर 87.34 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड भी 2.70 प्रतिशत की बढ़ोतरी से 80.85 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में पिछले चार महीने से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

### घरों की बिक्री में आया उछाल,

# जनवरी से सितंबर के बीच 87 प्रतिशत बढ़ी सेल

नई दिल्ली,एजेंसी।

देश के सात प्रमुख शहरों में इस साल जनवरी-सितंबर के दौरान घरों की बिक्री 87 प्रतिशत बढ़कर 2,72,709 इकाई पर पहुंच गई। एनाराक की रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत मांग के साथ इस अवधि की आवासीय बिक्री कोरोना की शुरूआत से पहले वर्ष 2019 में हुई कुल बिक्री से अधिक है।

2021 की जनवरी-सितंबर की अवधि में आवास बिक्री 1,45,651 इकाई की रही थी। संपत्ति सलाहकार एनाराक प्रमुख आवास ब्रोकरेज कंपनियों में से एक है। कंपनी देश के सात प्रमुख शहरों यानी दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर), चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे की प्राथमिक बिक्री की निगरानी करती है।

### जनवरी-सितंबर का आंकड़ा

आंकड़ों के अनुसार, इन सात शहरों में आवास बिक्री इस साल जनवरी-सितंबर के दौरान बढ़कर 2,72,709 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 1,45,651 इकाई थी। इस कैलेंडर वर्ष में जनवरी-सितंबर का आंकड़ा पूरे 2019 के दौरान बेची गई 2,61,358 इकाइयों से अधिक है। वहीं, लाकडाउन की वजह से वर्ष 2020 में आवास बिक्री घटकर 1,38,344 इकाई रह गई थी। दिल्ली-एनसीआर में घरों की बिक्री जनवरी-सितंबर में दोगुने से अधिक होकर 49,138 इकाई हो गई। एक साल पहले की इसी अवधि में यह 22,478 इकाई थी। इसके अलावा एमएमआर में बिक्री 48,716 इकाइयों से 67 प्रतिशत बढ़कर 81,315 इकाई हो गई।

# शेयर बाजार बिकवाली के दबाव में

**शुरूआती 1 घंटे के कारोबार में शेयर बाजार 433 अंक तक लुढ़का**

नई दिल्ली,एजेंसी।

कमजोर ग्लोबल संकेतों के कारण सप्ताह के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार ने फिर गिरावट की दौड़ लगा दी। शेयर बाजार में कारोबार की शुरूआत सपाट स्तर पर हुई पर शुरूआती 10 मिनट के कारोबार के बाद ही बाजार पर बिकवाल हावी हो गए, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गोता लगाकर लाल निशान में पहुंच गए। शुरूआती 1 घंटे के कारोबार में ही शेयर बाजार में 0.75 प्रतिशत तक की गिरावट आ चुकी थी।

शुरूआती 1 घंटे के कारोबार में शेयर बाजार में कुल 1,898 शेयरों में एक्टिव ट्रेनिंग हो रही थी। इन शेयरों में से 918 शेयर खरीदारी के सपोर्ट से हरे निशान में और 980 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों की बात करें, तो सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से सिर्फ 8 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में थे, जबकि 22 शेयर नुकसान उठाते हुए लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 16 शेयर हरे निशान में और 34 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ओएनजीसी, एनटीपीसी, डिवीज लेबोरेट्रीज, कोल इंडिया और अपोलो हॉस्पिटल के शेयरों में मजबूती का रुझान बना हुआ था। वहीं हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, नेस्ले और लार्सन एंड टूब्रो में बिकवाली के दबाव की वजह से गिरावट नजर आ रही थी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 23 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 57,403.92 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती 10 मिनट के कारोबार में बाजार में खरीदारी का हल्का रुझान नजर आया।

खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स उछलकर 57,454.84 अंक तक पहुंचा, लेकिन उसके बाद बाजार में चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई। हालांकि बीच-बीच में बाजार में मामूली खरीदारी का रुख भी बनता नजर आया, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना ज्यादा था कि सेंसेक्स संभल नहीं सका और लगातार नीचे गिरता चला गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे के कारोबार के बाद सेंसेक्स 433.86 अंक की गिरावट के साथ 56,993.06 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी आज सपाट स्तर पर कारोबार की शुरूआत की। निफ्टी 7.75 अंक की मामूली मजबूती के साथ 17,102.10 अंक के स्तर पर खुला। शुरूआती मिनट में हुई खरीदारी के कारण ये सूचकांक उछलकर 17,114.65 अंक तक पहुंचा, लेकिन उसके बाद बाजार में तेज बिकवाली शुरू हो गई। शुरूआती आधे घंटे के कारोबार के बाद घरेलू संस्थागत निवेशकों ने खरीदारी कर के बाजार को संभालने की कोशिश भी की, लेकिन विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की बिकवाली के दबाव के कारण निफ्टी कुछ देर तक संभलने के बाद दोबारा गिरने लगा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 124.30 अंक टूट कर 16,970.05 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। कमजोर ग्लोबल संकेतों की वजह से घरेलू शेयर बाजार ने आज प्री ओपनिंग सेशन में भी मामूली कमजोरी के साथ कारोबार की शुरूआत की थी। इस सेशन में बीएसई का सेंसेक्स 106.82 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 59,320.10 अंक के स्तर पर था। वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 12.10 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,082.20 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था। इसके पहले पिछले कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन यानी शुक्रवार को सेंसेक्स 1,016.96 अंक यानी 1.80 प्रतिशत की उछाल के साथ 57,426.92 अंक के स्तर पर बंद हुआ था।

- शुरूआती 1 घंटे के कारोबार में शेयर बाजार में कुल 1,898 शेयरों में एक्टिव ट्रेनिंग हो रही थी। इन शेयरों में से 918 शेयर खरीदारी के सपोर्ट से हरे निशान में और 980 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों की बात करें, तो सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से सिर्फ 8 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में थे।

# बीएसई से शेयर बाजार की तरह खरीद सकेंगे सोना, दीपावली तक शुरू हो सकती है ट्रेडिंग

नई दिल्ली,एजेंसी।

बांबे स्टाक एक्सचेंज (बीएसई) से अब सिर्फ शेयर ही नहीं, सोने की भी खरीदारी की जा सकेगी। इस साल दिवाली तक बीएसई के प्लेटफार्म से सोने की खरीद-फरोख्त की सुविधा शुरू हो सकती है। हाल ही में बाजार नियामक सेबी ने बीएसई को सोने की ट्रेडिंग की मंजूरी दी है और उसके बाद से बीएसई प्लेटफार्म पर सोने के कारोबार की शुरूआत की प्रक्रिया तेज हो गई है।

यह खरीद-फरोख्त इलेक्ट्रानिक गोल्ड रिसीट (ईजीआर) के रूप में होगी, लेकिन निवेशक अपने सोने को फिजिकल फार्म में लेना चाहे तो इसकी सुविधा भी दी जाएगी। सोने के सिक्के और बार के आकार में फिजिकल सोना दिया जाएगा। वैसे ही, घर में रखे सोने को भी बीएसई पर बेचा जा सकेगा। बीएसई प्लेटफार्म पर सोने की खरीदारी बिल्कुल शेयर की खरीदारी की तरह होगी। अलग से कोई खाता नहीं खुलवाना होगा।निवेशक के पास सिर्फ डीमैट अकाउंट होना चाहिए। अभी किसी कंपनी के शेयर को खरीदने के लिए डीमैट अकाउंट के जरिये बीएसई के प्लेटफार्म पर जाते हैं और उस कंपनी के उस दिन के शेयर भाव को सर्च कर उसकी खरीद-बिक्री करते हैं। वैसे ही, बीएसई पर उस दिन का सोने का भाव दिखेगा और निवेशक अपनी इच्छानुसार सोने की खरीदारी कर सकेंगे।

अगर निवेशक ने 50 ग्राम सोना खरीदा है तो शेयर की तरह सोने का निवेश भी उसके डीमैट में दिखता रहेगा। मान लीजिए एक माह बाद निवेशक सोना बेचना चाहता है तो वह सिर्फ बीएसई पर जाकर सोना की बिक्री के लिए सेल का बटन दबाएगा और उस दिन की सोने की दर के हिसाब से उसके खाते में पैसा आ जाएगा। अगर वह निवेशक अपने खाते में जमा सोने को फिजिकल रूप में लेना चाहता है तो उसे बीएसई के डिलीवरी सेंटर में जाना होगा। फिजिकल रूप में निवेशक को सोना देने या उनसे लेने के लिए दो कंपनियां ब्रिक्स इंडिया और सिक्वेल लाजिस्टिक के साथ समझौता किया गया है। जो ग्राहक फिजिकल रूप में सोना देना या लेना चाहते हैं, वे इन दोनों कंपनियों की अधिकृत शाखा में जाकर ऐसा कर सकेंगे। अगर कोई निवेशक घर में रखे सोना को ईजीआर के रूप में अपने डीमैट में रखना चाहता है तो उसे इन दोनों कंपनियों की शाखा में जाकर फिजिकल रूप से सोना जमा करना होगा और वह जानकारी उनके डीमैट खाते में चढ़ जाएगी। सोने की इस ट्रेडिंग के लिए बीएसई आयातक, बैंक जैसे माध्यम से सोने की खरीदारी भी करेगा।

- अगर निवेशक ने 50 ग्राम सोना खरीदा है तो शेयर की तरह सोने का निवेश भी उसके डीमैट में दिखता रहेगा। मान लीजिए एक माह बाद निवेशक सोना बेचना चाहता है तो वह सिर्फ बीएसई पर जाकर सोना की बिक्री के लिए सेल का बटन दबाएगा और उस दिन की सोने की दर के हिसाब से उसके खाते में पैसा आ जाएगा।

# पुडुचेरी में बिजली संकट, सरकार ने केंद्र से हड़ताल खत्म कराने का अनुरोध किया

पुडुचेरी, एजेंसी।

पुडुचेरी सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश में के बिजली क्षेत्र में संकट से निपटने के लिए केंद्र से पावर ग्रिड अधिकारियों की मांगें मानकर उनकी सेवाएं मुहैया कराने का अनुरोध किया है। केंद्र शासित प्रदेश में बिजली विभाग के कर्मचारी 28 सितंबर से बेमियादी हड़ताल पर हैं। वे बिजली वितरण के निजीकरण के लिए टेंडर जारी करने के सरकार के कदम का विरोध कर रहे हैं। कुछ बिजली कर्मचारियों द्वारा फ्यूज वायर हटाए जाने के बाद कई शहरों में अंधेरा छा गया।

उपराज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने आंदोलनकारी कर्मचारियों को उनके खिलाफ आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम (ईएसएमए) के तहत कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। शनिवार की रात राज्य के कुछ हिस्सों में पांच से सात घंटे तक बिजली गुल रही और कुछ जगहों पर रविवार तक बिजली कटौती की गई। विलियानूर और अरियापलायम में लोगों ने सड़कों को जाम कर दिया। राज्य के गृहमंत्री ए. नमस्सिवयम, जिनके पास बिजली विभाग भी है, ने पुलिस अधिकारियों की एक तत्काल बैठक बुलाई और सीआरपीएफ की एक अतिरिक्त कंपनी भेजने का अनुरोध किया। सेड्रापेट और मेडागाडीपेट के ग्रामीण इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने रविवार को घंटों तक सड़क जाम कर दिया, जिसके बाद स्थानीय विधायकों ने गृहमंत्री के समक्ष इस मामले को उठाया। नमाशिवयम ने रविवार देर रात शीर्ष पुलिस आला अधिकारियों और राज्य के मुख्य सचिव राजीव वर्मा के साथ आपात बैठक की। इसमें पुलिस महानिदेशक मनोज कुमार लाल भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा, हम किसी को भी कानून अपने हाथ में नहीं लेने देंगे। सब-स्टेशनों में फ्यूज कैरियर्स ले जाने की अनुमति कभी नहीं दी जाएगी। हमने केंद्र सरकार से स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पावर ग्रिड ऑफ इंडिया के अधिकारियों की सेवाएं बहाल करने के साथ-साथ क्षेत्र में बिजली स्टेशनों की सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बल की दो कंपनियों को तैनात करने का अनुरोध किया है।

- बिजली क्षेत्र में संकट से निपटने के लिए केंद्र से पावर ग्रिड अधिकारियों की मांगें मानकर उनकी सेवाएं मुहैया कराने का अनुरोध किया है। केंद्र शासित प्रदेश में बिजली विभाग के कर्मचारी 28 सितंबर से बेमियादी हड़ताल पर हैं। वे बिजली वितरण के निजीकरण के लिए टेंडर जारी करने के सरकार के कदम का विरोध कर रहे हैं।

# ब्रिटेन में उच्च आय पर कर कटौती का फैसला वापस लेने की घोषणा

लंदन, एजेंसी।

ब्रिटेन की सरकार ने विवाद गहराने के बाद पिछले महीने घोषित कर कटौती पैकेज के उस प्रावधान को वापस लेने की घोषणा की है जिसमें उच्च आय वर्ग पर कर की ऊंची दर में कटौती की बात कही गई थी।

वित्त मंत्री क्वासी क्वार्टेंग ने सोमवार को एक बयान में कहा कि वह 1.5 लाख पौंड से अधिक आय पर 45 फीसदी की दर से आयकर लगने के प्रावधान को नहीं हटाएंगे। उन्होंने कहा, हमने इस बारे में उठ रही आवाजों को सुन लिया है। दरअसल उच्च आय वाले तबके को आयकर की ऊंची दर से राहत देने की 10 दिनों पहले की गई घोषणा का व्यापक स्तर पर विरोध हो रहा था। इससे सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के संसद सदस्य भी खुश नहीं थे और वे सरकार पर इसे वापस लेने का लगातार दबाव डाल रहे थे। प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने एक दिन पहले ही अपनी सरकार की तरफ से घोषित कर कटौती योजना का पुरजोर बचाव करते हुए कहा था कि उनकी सरकार इस योजना पर आगे बढ़ना जारी रखेगी।

हालांकि उन्होंने यह माना था कि इस फैसले के पहले थोड़ी जमीन तैयार कर लेनी चाहिए थी। ट्रस की सरकार ने गत 23 सितंबर को एक राहत पैकेज की घोषणा की थी जिसमें 45 अरब पौंड की कर कटौतियां भी शामिल थीं। इस घोषणा के बाद न सिर्फ ब्रिटिश बाजार में गिरावट देखी गई बल्कि डॉलर के मुकाबले पौंड की कीमत में भी खासी गिरावट आई है।

**बैठक** कच्चा तेल 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब, देश के चार महानगरों में पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

# कच्चा तेल 88 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

नई दिल्ली,एजेंसी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में फिर उछाल देखने को मिल रहा है। तेल के उत्पादन में कटौती को लेकर इसके उत्पादक देशों के संगठन ओपेक प्लस की बैठक से पहले कच्चा तेल का भाव 88 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने घरेलू बाजार में प्रेटोल-डीजल के दाम में भी कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। इसी तरह मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये प्रति लीटर और डीजल का भाव 92.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में करीब 3 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। दरअसल कच्चे तेल के उत्पादन में रोजाना 10 लाख बैरल की कटौती को लेकर ओपेक प्लस देशों की 5 अक्टूबर को बैठक होने वाली है। इसके कारण कच्चे तेल की कीमत में तेजी आई है। ब्रेंट क्रूड 2.18 डॉलर यानी 2.56 फीसदी की तेजी के साथ 87.32 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह यूएस वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 2.15 फीसदी यानी 2.70 डॉलर की उछाल के साथ 81.64 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। ओपेक प्लस देशों ने पिछले महीने भी कच्चे तेल के उत्पादन में रोजाना एक लाख बैरल की कटौती की थी।

- उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में करीब 3 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। दरअसल कच्चे तेल के उत्पादन में रोजाना 10 लाख बैरल की कटौती को लेकर ओपेक प्लस देशों की 5 अक्टूबर को बैठक होने वाली है। इसके कारण कच्चे तेल की कीमत में तेजी आई है। ब्रेंट क्रूड 2.18 डॉलर यानी 2.56 फीसदी की तेजी के साथ 87.32 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### बेंजेमा पेनल्टी पर गोल करने से चूके, मैड्रिड की जीत का क्रम टूटा

मैड्रिड।चोट के बाद वापसी कर रहे करीम बेंजेमा रविवार को यहां पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए जिससे रीयाल मैड्रिड को 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे ओसासुना के साथ 1-1 के ड्रॉ से अंक बांटने को मजबूर होना पड़ा।फ्रांस के स्ट्राइकर बेंजेमा दूसरे हाफ में पेनल्टी किक पर गोल से चूक गए जिससे मैड्रिड का मौजूदा सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में लगातार नौ जीत का सिलसिला भी रुक गया। इस ड्रॉ के साथ मैड्रिड ने ला लीग में अपना शीर्ष स्थान भी बासीलौना को गंवा दिया जिसने शनिवार को मालोर्का को 1-0 से हराया था।दोनों टीम के समान 19 अंक हैं लेकिन बासीलौना की टीम बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष पर है। अंतरराष्ट्रीय ब्रेक से पहले दाहिने पैर में चोट के कारण लगातार तीन मैच नहीं खेलने वाले बेंजेमा के पास 79वें मिनट में मैड्रिड को बढ़त दिलाने का मौका था लेकिन पेनल्टी पर उनके शॉट को ओसासुना के गोलकीपर सर्जियो हरेरा ने बचा लिया।यह ओसासुना के गोलकीपर के खिलाफ बेंजेमा ने लगातार तीसरी बार पेनल्टी पर गोल करने का मौका गंवाया।हरेरा ने अप्रैल में मैड्रिड की जीत के दौरान भी दो पेनल्टी बचाई थी।विनीसियस जूनियर ने 42वें मिनट में गोल दागकर रीयाल मैड्रिड को बढ़त दिलाई थी लेकिन ओसासुना ने 50वें मिनट में किके गार्सिया के हेडर पर दागे गोल से बराबरी हासिल कर ली।डेविड गार्सिया को बेंजेमा के खिलाफ फाउल करने पर मैच से बाहर कर दिया गया जिस पर मेजबान टीम को पेनल्टी मिली।शनिवार की रात इंडोनेशिया के एक फुटबॉल स्टेडियम में भगदढ़ के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए स्पेनिश लीग के प्रत्येक मैच से पहले एक मिनट का मौन रखा गया था।वेलेंसिया दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के छठे मिनट में एस्पानयोल के गोलकीपर की गलती का फायदा उठाकर मुकाबला 2-2 से ड्रॉ कराने में सफल रहा।एस्पानयोल के गोलकीपर अलवारो फर्नांडिज ने सोचा कि एरे कॉमर्ट का शॉट गोल से बाहर जा रहा है और गेंद को जाने दिया लेकिन यह गोल के अंदर चली गई।

### चिंता की कोई बात नहीं, ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप से पहले संघर्ष के बावजूद खिताब जीता था: मिलर

गुवाहाटी, एजेंसी दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज डेविड मिलर का दृढ़ विश्वास है कि भारत के खिलाफ श्रृंखला में हार आगामी टी20 विश्व कप से पहले उनकी टीम को कमजोर नहीं बनाएगी।उन्होंने पिछले सत्र में ऑस्ट्रेलिया की खिताबी जीत का हवाला दिया जो इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से पहले लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जूझ रहा था।दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बुरी तरह से जूझ रहे हैं जबकि रविवार को दूसरे टी20 में उनके गेंदबाज भी लय में नहीं दिखे जिससे भारत ने यहां 16 रन की जीत के साथ श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली।मिलर ने कहा कि हार से उन्हें अधिक नुकसान नहीं होगा क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने भी 2021 में काफी संघर्ष किया था लेकिन आखिरकार वे विश्व चैंपियन बन गए। ऑस्ट्रेलिया की टीम टी20 प्रारूप में लगातार पांच श्रृंखला गंवाने के बाद विश्व कप में उतरी थी।मिलर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ह्यह्यअतीत में कई उदाहरण हैं जिनमें से एक ऑस्ट्रेलिया का है कि वे विश्व कप से पहले बहुत अच्छा नहीं कर रहे थे और फिर वे विश्व चैंपियन बनने में सफल रहे।इसलिए मुझे नहीं लगता कि इसके बारे में अधिक चिंता करने की जरूरत है।उन्होंने कहा, ह्यह्यहमने पिछले डेढ़ साल में एक बहुत अच्छी टीम बनाई है।हम एकजुट होकर काफी अच्छा प्रदर्शन करते हैं।हमारे बीच अच्छी साझेदारियां हैं, हमने पिछले साल बहुत सारी श्रृंखला जीतीं।इस आक्रामक बल्लेबाज ने कहा, ह्यह्यआज रात श्रृंखला हारना बेशक निराशाजनक था लेकिन अतीत में हमने वास्तव में अच्छी प्रतिस्पर्धा की है लेकिन फिर भी श्रृंखला हारना निराशाजनक है।

# 7 साल बाद देश में अफ्रीका से सीरीज जीता भारत

## दूसरे टी-20 में साउथ अफ्रीका को 16 रन से हराया, काम नहीं आई मिलर की सेंचुरी

नई दिल्ली,एजेंसी

टीम इंडिया ने एक हाई स्कोरिंग मैच में साउथ अफ्रीका को 16 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम पहली बार साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत में कोई टी-20 सीरीज जीतने में कामयाब हुई है। दोनों के बीच पहली भारत में पहली टी-20 सीरीज 2015 में खेली गई थी। टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 237 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका ने भी पूरा जोर लगाया, लेकिन टीम 3 विकेट पर 221 रन ही बना पाई। इस मैच में बल्लेबाजों का बोलबाला रहा। भारत की ओर से केएल राहुल (57), रोहित शर्मा (43), सूर्यकुमार यादव (61) और विराट कोहली (49) ने शानदार बल्लेबाजी की। वहीं, साउथ अफ्रीका के लिए डेविड मिलर ने शानदार शतक जमाया और नाबाद 106 रन बनाए। क्विंटन डिकॉक भी 69 रन बनाकर नाबाद रहे।

### 7 साल से नहीं जीत पा रही थी टीम इंडिया

इस जीत के साथ भारतीय टीम को पहली बार अपने घर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज में जीत मिली है। दोनों टीमों के बीच 2015 में पहली बार क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट की सीरीज खेली गई थी और इसमें टीम इंडिया को 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद 2019 में हुई टी-20 सीरीज 1-1 से बराबरी पर रही थी। वहीं, इस साल जून में भी सीरीज खेली गई थी और ये सीरीज भी 2-2 से बराबर रही। यानी पिछले 7 साल में भारत में दोनों टीमों के बीच 3 टी-20 सीरीज हुई और एक बार भी टीम इंडिया को जीत नहीं मिली। साउथ अफ्रीका की टीम में एक बदलाव के साथ उतरी थी। स्पिनर तबरेज शम्सी दूसरा मुकाबला नहीं खेले। उनकी जगह लुंगी एनगिडी आए। वहीं, टीम इंडिया ने प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं किया। मैच के दौरान एक बड़ी घटना भी देखने को मिली। भारतीय पारी के सातवां ओवर जैसे खत्म हुआ, मैदान पर सांप निकल आया। जिसके कारण मैच को 10 मिनट तक रोकना पड़ा। कुछ देर बाद ग्राउंड स्टाफ ने सांप को हटाया फिर मुकाबला शुरू हुआ। भारतीय पारी के दौरान वेन पर्नेल की गेंद पर स्कूप शॉट खेलने की कोशिश में रोहित शर्मा को उंगली पर चोट लग गई। हालांकि, फीजियो से ट्रीटमेंट लेने के बाद उन्होंने दोबारा बल्लेबाजी शुरू कर दी। यह रोहित का 400वां टी-20 मैच रहा। इसमें इंटरनेशनल और लीग मुकाबले दोनों शामिल हैं। रोहित 400 टी-20 खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने हैं। पहला मैच 8 विकेट से जीता था भारत पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 8 विकेट से हार मिली थी। तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने साउथ अफ्रीका की पारी को 20 ओवर में आठ विकेट पर 106 रन के स्कोर पर ही सीमित कर दिया था।

## फॉक्स ने डनहिल लिंक्स चैंपियनशिप जीतने के बाद वार्न श्रद्धांजलि दी

सेंट एंड्रयूज (स्कॉटलैंड),एजेंसी

रेयान फॉक्स ने रविवार को यहां अल्फ्रेड डनहिल लिंक्स गोल्फ चैंपियनशिप में एक शॉट से खिताब जीतने के बाद अपने पूर्व एमेच्योर साथी और दिग्गज क्रिकेटर रहे शेन वार्न को श्रद्धांजलि दी। न्यूजीलैंड के फॉक्स पिछले साल स्कॉटलैंड में टीम स्पर्धा में ऑस्ट्रेलिया के वार्न के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। वार्न की इस साल की शुरूआत में मृत्यु हो गई थी। फॉक्स ने सेंट एंड्रयूज के ओल्ड कोर्स में चौथे दौर में सात बर्डी और तीन बोगी करके अपना तीसरा यूरोपीय टूर खिताब जीता। फॉक्स ने खिताब जीतने के बाद कहा, ह्यह्यईमानदारी से कहूं तो इस समय मैं जिस एकमात्र व्यक्ति के बारे में सोच सकता हूं वह वार्न है। उन्होंने कहा, ह्यह्यवह मेरे लिए और इस प्रतियोगिता के लिए बहुत मायने रखता था और एक शानदार साथी था। यह बेहद निराशाजनक है कि वह यहां नहीं है। फॉक्स ने अंतिम दौर में 68 के स्कोर से कुल 15 अंडर का स्कोर बनाया।

## टी-20 क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में 50 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने सूर्यकुमार यादव

गुवाहटी, एजेंसी

भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टी-20 क्रिकेट में एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है। सूर्या क्रिकेट के इतिहास में एक कैलेंडर वर्ष में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में 50 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। वह गुवाहाटी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान इस मुकाम तक पहुंचे। मैच में सूर्या ने सिर्फ 22 गेंदों में शानदार 61 रन बनाए। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने पांच चौके और पांच छक्के लगाया। अब सूर्यकुमार के नाम 2022 कैलेंडर ईयर में कुल 50 छक्के हैं। वहीं, पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान 42 छक्कों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के अनुभवी सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल 2021 कैलेंडर वर्ष के दौरान 41 छक्कों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट पर 237 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारत के लिए सूर्यकुमार यादव और केएल राहुल ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए क्रमशः 61 और 57 रन बनाए। इन दोनों के अलावा विराट कोहली ने नाबाद 49, कप्तान रोहित शर्मा ने 43 और दिनेश कार्तिक ने नाबाद 17 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से केशव महाराज ने 2 विकेट लिए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 221 रन बनाए। डेविड मिलर ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए नाबाद 106 रन बनाए, जबकि क्विंटन डी कॉक ने नाबाद 69 रन बनाए। वहीं, एडेन मार्करम ने 33 रनों की पारी खेली।

## फुटबॉल मैच के दौरान 174 की मौत:फैंस मैदान में घुसे और फिर शुरू हुआ तांडव

जकार्ता ,एजेंसी

इंडोनेशिया में एक फुटबॉल मैच के दौरान 174 लोग मारे गए, जबकि 180 घायल हो गए। बीआरआई लीग-1 में दो टीमों के बीच मैच चल रहा था। एक टीम के हारने के बाद उसके फैंस मैदान में घुस गए। इस घटना के बाद ही पुलिस ने एक्शन लिया और मौत का तांडव मचा। इसकी तस्वीरें आप नीचे देखिए...लेकिन उससे पहले जरा सोचिए कि ऐसी घटना तो कहीं भी हो सकती है। पुलिस ने बताया कि घटना में 174 लोगों की मौत हो गई है, इनमें से दो पुलिस अधिकारी हैं। स्टेडियम के अंदर मौके पर ही 34 लोगों की मौत हो गई और बाकी की अस्पताल में हुई है। घटना के वीडियो भी सामने आए हैं, इनमें फैंस सुरक्षाकर्मियों पर सामान फेंकते दिख रहे हैं। भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसूगैस के गोले छोड़े। इंडोनेशिया के फुटबॉल संघ (PSSI) ने बयान जारी कर घटना पर दुख जताया है। ढरकने कहा कि खेल के बाद जो हुआ, उसकी जांच की जाएगी और इसके लिए एक टीम मलंग के लिए रवाना हो गई है। पीटी लीगा इंडोनेशिया बारू (LIB) के अध्यक्ष अखमद हदियन लुकिता ने कहा कि हमें इस घटना का गहरा दुख है। उम्मीद है कि यह हम सभी के लिए एक सबक होगा।

## पारी की जरूरत थी अधिक स्ट्राइक रेट : राहुल

गुवाहाटी,एजेंसी धीमे स्ट्राइक रेट के लिए आलोचनाओं के बीच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 में रविवार को यहां आक्रामक अर्धशतक जड़ने के बाद भारत के सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल ने अपने आलोचकों पर पलटवार करते हुए कहा कि वह ह्यापारी की मांगह्न के अनुसार बल्लेबाजी करते हैं। राहुल ने रविवार को अपने आलोचकों को चुप कराते हुए भारत की 16 रन की जीत के दौरान 28 गेंद में 57 रन की पारी खेली। संयुक्त अरब अमीरात में एशिया कप और फिर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तिरुवनंतपुरम में श्रृंखला के पहले मैच में 56 गेंद में 51 रन की पारी के दौरान भारतीय उप कप्तान के स्ट्राइक रेट को लेकर सवाल उठे थे। राहुल ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ह्यह्यहां, ज्यादा स्ट्राइक रेट से रन बनाना इस पारी की मांग थी। जब आप पहले बल्लेबाजी कर रहे होते हैं तो आप स्पष्ट रूप से परिस्थितियों का आकलन करने के लिए खुद को कुछ ओवर देना चाहते हैं। यह देखने के लिए कि आप कौन से शॉट खेल सकते हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्याआप अपने साथी से बात करते हैं। अपने आप को एक लक्ष्य देते हैं और फिर आप कोशिश करते हैं और उसके अनुसार खेलते हैं। हम हमेशा अधिक आक्रामक होने का प्रयास करते हैं, बहुत सारे जोखिम उठाते हैं। आज मेरे से इसी तरह की पारी की जरूरत थी और मुझे खुशी है कि मैंने यह पारी खेली। राहुल ने अपनी शानदार कलाई के सहारे फाइन स्क्वायर लेग पर बेहद आसानी से कुछ छक्के जड़े। उन्होंने कहा, हां, हम सभी के पास कोई निश्चित उपहार होता है और इसलिए हम देश के लिए खेल रहे हैं। हम यहां तक पहुंचे हैं क्योंकि स्वाभाविक रूप से कुछ प्रतिभाएं हैं। राहुल ने कहा, ह्यह्यएक टी20 क्रिकेट है। आपको छक्के मारने की कोशिश करने की स्थिति में आना होगा। जब गेंद 145 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आती है, तो आपके पास गेंद को देखने और प्रतिक्रिया करने के लिए ज्यादा समय नहीं होता है, आप सहजता से हिट करते हैं। यह वर्षों के अभ्यास से होता है।ह्नह्न राहुल भारत के उन तेज गेंदबाजों के बचाव में भी आए जिन्होंने रविवार को यहां एक बार फिर खराब प्रदर्शन किया। भारत ने 237 रन के लक्ष्य का बचाव करते हुए दक्षिण अफ्रीका का स्कोर तीन विकेट पर 47 रन कर दिया था लेकिन मेजबान टीम डेविड मिलर और क्विंटन डिकॉक के बीच 174 रन की साझेदारी को तोड़ने में असमर्थ रही और ये दोनों टीम को यादगार जीत के करीब ले गए थे। राहुल ने कहा, ह्यह्याअगर यह (गेंदबाजी) इतनी बड़ी चिंता होती तो मुझे नहीं लगता कि हम इतने मैच जीत पाते। हम हमेशा एक टीम के रूप में बेहतर होते रहना चाहते हैं। आज का दिन उन दिनों में से एक था जब हमारे गेंदबाज 10 में से सात गेंद सही नहीं डाल सकते थे लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ऐसा होता रहेगा। यह कुछ ऐसा है जिससे हमें सीखने की जरूरत है और बेहतर होना होगा।ह्नह्न उन्होंने कहा, ह्यह्यपिछले मैच में उन्होंने विरोधी टीम को 106 रन पर रोक दिया था और आज उन्होंने काफी रन दिए। आपको परिस्थितियों, पिच को भी ध्यान में रखना होगा। अपने पहले ओवर में तेम्बा बावुमा और रिली रोसेयु को तीन गेंद के भीतर आउट करने वाले अर्शदीप सिंह ने चार ओवर में 62 रन लुटाए जबकि हर्षल पटेल ने चार ओवर में 45 रन खर्च किए और उन्हें कोई सफलता नहीं मिली।

## डेथ ओवरों में गेंदबाजी और बल्लेबाजी करना बेहद कठिन लेकिन हमें सुधार करना होगा : रोहित

गुवाहाटी, एजेंसी

रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि टी20 मुकाबलों का नतीजा अधिकतर डेथ ओवरों के दौरान ही निकलता है और भारतीय कप्तान चाहते हैं कि टीम के उनके साथी योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करें। वह हालांकि मैच के महत्वपूर्ण चरण में अपनी टीम के लगातार संघर्ष को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हैं। बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद भारत ने रविवार को दूसरे टी20 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन विकेट पर 237 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। मेहमान टीम ने अंत तक हार नहीं मानी लेकिन भारत ने अंततः 16 रन की जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ स्वदेश में पहली टी20 श्रृंखला जीत ली। रोहित ने मैच के बाद कहा, टीम एक निश्चित तरीके से बल्लेबाजी और गेंदबाजी करना चाहती है और हम उन्हें वह आत्मविश्वास देना चाहते हैं। हां, हमने पिछले पांच या छह मैच में डेथ ओवरों में अच्छी गेंदबाजी नहीं की है। हम विपक्षी टीम के साथ भी ऐसा ही कर रहे हैं। उन्होंने कहा, डेथ ओवरों में गेंदबाजी और बल्लेबाजी करना बहुत कठिन होता है। यहीं खेल का फैसला होता है। यह चिंताजनक नहीं है लेकिन हमें सुधार करना होगा और एकजुट होकर खेलना होगा। भारत के शीर्ष चार बल्लेबाजों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया और रोहित ने कहा कि वे अपने अति-आक्रामक दृष्टिकोण को जारी रखना चाहेंगे। रोहित ने कहा, मैंने पिछले आठ से 10 महीने में देखा है कि खिलाड़ी आगे बढ़कर जिम्मेदारी ले रहे हैं और टीम के लिए काम कर रहे हैं। बहुत अधिक अनुभव नहीं रखने वाले खिलाड़ियों ने भी ऐसा किया है। हार से निराश दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने दोष अपने गेंदबाजों पर मढ़ा। उन्होंने कहा, यह हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था, परिस्थितियां अलग थीं। हम अपनी योजनाओं को अंजाम नहीं दे सके। मुझे लगता है कि हम 220 के स्कोर को चुनौती दे सकते थे लेकिन 240 रन (237 रन) बहुत अधिक थे। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेविड मिलर ने ताबड़तोड बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंद में आठ चौकों और सात छक्कों की मदद से नाबाद 106 रन बनाकर बड़े शॉट खेलने की अपनी क्षमता का परिचय दिया।दक्षिण अफ्रीका के कप्तान ने कहा,मिलर अच्छे दिख रहे थे, उनके प्रदर्शन से काफी आत्मविश्वास मिलेगा। परिस्थितियां कठिन थीं, हमने गेंद को शुरूआत में स्विंग कराने की कोशिश की। लेकिन जब गेंद स्विंग नहीं हुई तो हमने देखा कि बल्लेबाजी कितनी आसान थी। दोनों टीम के बीच तीसरा और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच चार अक्टूबर को इंदौर में खेला जाएगा।

# मिलर की नाबाद शतकीय पारी पर सूर्यकुमार का अर्धशतक भारी, भारत ने टी20 श्रृंखला जीती

गुवाहाटी, एजेंसी

डेविड मिलर की 47 गेंद में नाबाद 106 रन की पारी पर सूर्यकुमार यादव की 22 गेंद में 61 रन की पारी भारी पड़ी जिससे भारत ने रनों के अंबार वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। भारत ने अपनी सरजमीं पर टी20 श्रृंखला में पहली बार दक्षिण अफ्रीका को हराया है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 237 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। डेविड मिलर और क्विंटन डिकॉक (नाबाद 69) के बीच चौथे विकेट के लिए 90 गेंद में 174 रन की अटूट साझेदारी के बाद भी दक्षिण अफ्रीका की टीम तीन विकेट पर 221 रन बना सकी। मिलर ने अपनी नाबाद पारी में आठ चौके और सात छक्के लगाये। टी20 अंतरराष्ट्रीय उन्होंने दूसरी बार सैकड़ा जड़ा। डिकॉक ने 48 गेंद की पारी में तीन चौके और चार छक्के जड़े। यह मुकाबला पूरी तरह से बल्लेबाजों के नाम रहा जहां मैच में कुल 458 रन बने और सिर्फ छह विकेट गिरे। सूर्यकुमार ने 22 गेंद में 61 रन की पारी के दौरान पांच छक्के और इतने ही चौके जड़े। उन्होंने 18 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया जो भारत की ओर से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। उन्होंने इसके साथ ही विराट कोहली ( नाबाद 49) के साथ तीसरे विकेट के लिए 43 गेंद में 102 रन की साझेदारी की। कोहली ने 28 गेंद की नाबाद पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने इस दौरान टी20 करियर (घरेलू और अंतरराष्ट्रीय) में 11000 रन पूरे किये। उनके नाम अब 11030 रन है। इससे पहले लोकेश राहुल ने 28 गेंद की पारी में पांच चौके और चार छक्के की मदद से 57 रन बनाने के साथ शुरूआती विकेट के लिए कप्तान रोहित शर्मा (37 गेंद में 43 रन) के साथ 10 ओवर के अंदर 96 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरूआत दिलायी। आखिरी ओवर में दिनेश कार्तिक (सात गेंद में नाबाद 17 रन) ने कगिसो रबाडा के खिलाफ चौका और फिर दो छक्के जड़कर टीम के स्कोर को 237 तक पहुंचाया। भारतीय टीम ने अपनी पारी में 25 चौके और 13 छक्के लगाये। दक्षिण अफ्रीका के लिए केशव महाराज ने चार ओवर में महज 23 रन दिये और दो विकेट चटकाये। रबाडा, वेन पार्नेल और लुंगी एनगिडी ने चार-चार ओवर के अपने कोटे में क्रमशः 57, 54 और 49 रन लुटाये। एनरिच नोर्खिया ने तीन ओवर में 41 रन दिये। दीपक चाहर (चार ओवर में 24 रन) के अलावा भारतीय गेंदबाजों ने भी जमकर रन लुटाये। अर्शदीप सिंह ने चार ओवर में 62 रन देकर दो विकेट लिये तो वही अक्षर पटेल ने चार ओवर में 53 रन देकर एक विकेट लिया। रविचंद्रन अश्विन ने चार ओवर में 37 तो वहीं हर्षल पटेल ने 45 रन खर्च किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को पारी के दूसरे ओवर में दो झटके लगे। अर्शदीप ने कप्तान तेम्बा बावुमा और राइली रूसो को खाता खोले बगैर पवेलियन भेजा। पिछले मैच में लय में दिखे एडन मार्क राम ने एक बार फिर 19 गेंद में 33 रन की उपयोगी पारी खेली। वह चार चौके और एक छक्का जड़ने के बाद अक्षर पटेल की गेंद पर बोल्ड हुए। इसके बाद डेविड मिलर ने एक छोर से आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे तो वहीं दूसरे छोर से सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक संघर्ष कर रहे थे। दक्षिण अफ्रीका की टीम 10 ओवर में तीन विकेट पर 70 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी लेकिन मिलर ने 11वें ओवर में हर्षल पटेल के खिलाफ दो चौके और अगले ओवर में रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ दो छक्के लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिये। उन्होंने 14वें ओवर में अर्शदीप के खिलाफ छक्का लगाकर 24 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

अब तक संघर्ष कर रहे डिकॉक ने 15वें ओवर में अक्षर के खिलाफ दो छक्के और चौका लगाकर मैच का रोमांच बढ़ाया। दक्षिण अफ्रीका ने इस ओवर से 18 रन बटोरे। मिलर ने इसके बाद 19वें ओवर में अर्शदीप के खिलाफ 26 रन बटोरे जिससे दक्षिण अफ्रीका को आखिरी ओवर में जीत के लिए 37 रन चाहिये थे। अक्षर ने शुरूआती गेंद पर एक रन देकर भारत की जीत पर मुहर लगा दी। मिलर ने हालांकि इसके बाद लगातार दो छक्के लगाकर 46 गेंद में अपना शतक पूरा किया। इससे पहले टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पिछले कुछ मैचों में धीमी पारी के लिए आलोचना झेलने वाले राहुल ने पहली गेंद पर ही रबाडा के खिलाफ चौका जड़ा। श्रृंखला के पहले मैच में खाता खोलने में नाकाम रहे रोहित ने तीसरे ओवर में गेंदबाजी के लिए आये एनगिडी के खिलाफ टीम का पहला छक्का जड़ा। दोनों ने इसके बाद पार्नेल, रबाडा और केशव महाराज के अगले तीन ओवरों में आक्रामक रूख अख्तियार कर पावरप्ले में टीम का स्कोर बिना किसी नुकसान के 57 रन कर दिया। पावरप्ले के बाद भी राहुल की आक्रामक बल्लेबाजी जारी रही। उन्होंने सातवें और नौवें ओवर में नोर्खिया के खिलाफ छक्का जड़ा। नौवें ओवर में नोर्खिया के खिलाफ दोनों 21 रन बटोरे जिसमें रोहित ने भी दो चौका लगाया। रोहित 10वें ओवर में महाराज की गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर ट्रिब्स्टन स्टब्स के द्वारा लपके गये। उन्होंने 37 गेंद की पारी में सात चौकों के साथ एक छक्का लगाया। राहुल ने अगले ओवर में एडेन मार्करम के खिलाफ छक्का जड़कर 24 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

## भारत के लिए पदार्पण करना मेरा सबसे बड़ा सपना : मोहम्मद राहील मौसीन

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग के नए सत्र के लिए अपनी तैयारी शुरू करते हुए आज राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में लौट आई। इस साल की शुरूआत में लुसाने में एफआईएच हॉकी फाइव ए साइड के लिए भारतीय टीम का हिस्सा बनने के बाद, मोहम्मद राहील मौसीन भारतीय पुरुष हॉकी कोर ग्रुप में एक नियमित खिलाड़ी बन गए हैं। राहील 33 सदस्यीय कोर ग्रुप में जगह बनाने पर उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, आप जानते हैं कि जब आप अपने सपने के करीब होते हैं, तो बेचैनी, उत्तेजना, भावनाओं का एक पूरा तूफान आपको मिलता है। मुझे लगा कि 33 के लिए चुने जाने का यह मेरा आखिरी मौका था और मैंने यह सुनिश्चित करने के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की कि मैं इस अवसर को अपने हाथों से न जाने दूं।ह्व हॉकी इंडिया सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद बेंगलुरु के खिलाड़ी को पहली बार जनवरी 2022 में सीनियर नेशनल कैंप में चुना गया था, जहां उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और हाईएस्ट गोल स्कोरर चुना गया था। जब उनसे भारतीय टीम के लिए पदार्पण करने के अवसरों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मैं सभी को यह दिखाने के लिए एक मौके का इंतजार कर रहा हूं कि मैं कैसे खेलता हूं और मैं अपने खेल पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं। पिछला एक साल मेरे लिए सीखने का बहुत अच्छा अनुभव रहा है और मैं निश्चित रूप से अपने प्रदर्शन को अगले स्तर तक ले जाने के लिए होड़ में हूं।

**शानदार** पाकिस्तानी क्षेत्ररक्षकों ने इन दोनों के तीन कैच टपकाए जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया।

# इंग्लैंड ने निर्णायक टी20 में पाकिस्तान को हराकर श्रृंखला 4-3 से जीती

लाहौर,एजेंसी

इंग्लैंड ने सातवें और निर्णायक टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में रविवार को यहां 67 रन की शानदार जीत के साथ 17 साल में पाकिस्तान के अपने पहले दौरे का अंत जीत के साथ किया और श्रृंखला 4-3 से अपने नाम की। डेविड मलान (47 गेंद में नाबाद 78) ने श्रृंखला का अपना पहला अर्धशतक बनाया और हैरी ब्रुक ने 29 गेंद में नाबाद 46 रन बनाते हुए टीम का स्कोर तीन विकेट पर 209 रन तक पहुंचाया। पाकिस्तानी क्षेत्ररक्षकों ने इन दोनों के तीन कैच टपकाए जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। मलान ने अपनी पारी में आठ चौके और तीन छक्के लगाए जबकि ब्रुक ने चार छक्के और एक चौका जड़ा। पाकिस्तान ने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरूआती दो ओवर में ही दोनों सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान (01) और कप्तान बाबर आजम (04) के विकेट गंवा दिए जिससे टीम कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी और अंततः आठ विकेट पर 142 रन ही बना सकी। मलान और ब्रुक दोनों के कैच टपकाने वाले बाबर ने क्रिस वोक्स (26 रन पर तीन विकेट) के पहले ही ओवर में कवर पर आसान कैच थमाया जबकि रीस टॉपली (34 रन पर एक विकेट) ने रिजवान बोल्ड किया। पाकिस्तान की ओर से तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए शान मसूद ने इंग्लैंड की अनुशासित गेंदबाजी के सामने 43 गेंद में 56 रन की उम्दा पारी खेली। लेकिन वोक्स के अलावा डेविड विली (22 रन पर दो विकेट), सैम कुरेन (27 रन पर एक विकेट) और टॉपली की धारदार गेंदबाजी के सामने पाकिस्तान के अन्य बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाए। इंग्लैंड के नियमित टी20 कप्तान जोस बटलर ने दौरे पर एक भी मैच नहीं खेला और पिंडली की चोट को लेकर अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखा। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे इंग्लैंड को फिल सॉल्ट (20) और एलेक्स हेल्स (18) की सलामी जोड़ी ने एक बार फिर 39 रन जोड़कर तेज शुरूआत दी। दोनों हालांकि पांचवें ओवर में तीन गेंद के भीतर पवेलियन लौट गए। हेल्स को मोहम्मद हसनैन (32 रन पर एक विकेट) ने पगबाधा किया जबकि सॉल्ट ने एक गेंद बाद शादाब खान के सटीक थ्रो पर अपना विकेट गंवाया। रिजवान द्वारा रन आउट होने किए जाने से पहले बेन डकेट ने 19 गेंद पर 30 रन बनाए। पाकिस्तान के खराब क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए मलान और ब्रुक ने 61 गेंद में 108 रन की अटूट साझेदारी की। बाबर ने दोनों बल्लेबाजों को 20 रन के स्कोर के पार पहुंचने के बाद जीवनदान दिया जबकि मलान के अर्धशतक पूरा करने के बाद मोहम्मद वसीम ने भी उनका कैच टपकाया। वसीम काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने चार ओवर में 61 रन लुटाए जो पाकिस्तान की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय में तीसरा सबसे महंगा गेंदबाजी स्पैल है।

## संक्षिप्त खबरें

### इराक में तुर्की के हवाई हमले में 23 कुर्द आतंकवादी मारे गए

**इस्तांबुल।** इराक में तुर्की के हवाई हमले में 23 कुर्द आतंकवादी मारे गए। तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार स्वायत्त कुर्दिस्तान क्षेत्रीय सरकार द्वारा नियंत्रित उत्तरी इराक के असोस क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई में हताहतों की संख्या बढने की आशंका है। मंत्रालय के ट्वीट के साथ एक वीडियो में एफ-16 लड़ाकू विमानों को उड़ान भरते और एक पर्वतीय इलाके में कई विस्फोट करते हुए दिखाया गया है।

# बलूचिस्तान में हिंदू समुदाय का विरोध प्रदर्शन,

# शव के अवशेषों से छेड़छाड़ का आरोप

कालत, एजेंसी।

बलूचिस्तान स्थित श्मशान घाट में हिंदू महिला का दाह संस्कार किया गया। इसके बाद अवशेषों को हिंदू रिवाज के अनुसार प्रवाहित किया जाना चाहिए, लेकिन वहां अज्ञात लोगों ने छेड़खानी की। इसे लेकर हिंदू समुदाय में क्रोध व नाराजगी है। समुदाय के हजारों लोगों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया।

बलूचिस्तान के कालत शहर में हजारों लोगों ने रैली निकाल विरोध प्रदर्शन किया। दरअसल यहां के श्मशान घाट पर एक हिंदू महिला की अंत्येष्टी की गई थी जिसके बाद अवशेष के साथ छेड़छाड़ की गई। समुदाय के व्यापारियों ने विरोध जताया और इस क्रम में अपनी दुकानें बंद कर दीं। सभी शाही बाजार एरिया में जमा हो गए और विरोध किया। इस विरोध प्रदर्शन की अगुवाई महाराज घनशाम, दीवान हरि चंद और डा. ननद लाल ने

की। हिंदू समुदाय के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए राजनीतिक पार्टियां भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गईं। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए गए। समुदाय के नेताओं ने रैली के दौरान घटना की कड़ी निंदा की। इन्होंने दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि इससे पूरे समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं। हाफिज कासिम लहरी मौलाना अतिकुर रहमान हाजी अजीज ने भी इस मौके पर बात की और हिंदू समुदाय की मांगों का समर्थन किया।

**समुदाय के प्रतिनिधि ने दिया बयान-**

हिंदू समुदाय के एक प्रतिनिधि ने बताया कि हाल में ही महिला की मौत हुई थी। इसके बाद उनके रिश्तेदारों ने श्मशान घाट पर दाह संस्कार किया था। इसके अवशेष अब तक वहीं थे, जिसे बीती रात कुछ अज्ञात लोगों ने जला दिया। डान में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिनिधि ने आरोप लगाया कि इन अवशेषों का अपमान किया गया। उन्होंने बताया कि इससे पहले श्मशान घाट का गेट भी चोरी हो गया था। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन से शिकायत की थी। हालांकि प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने आगे बताया कि इसके लिए उन्होंने प्रदर्शन किया था। इसके बाद स्थानीय प्रशासन की ओर से एक्शन लिया गया था। यदि इस मामले में भी दोषियों को नहीं पकड़ा गया तो वे फिर से आंदोलन करेंगे।

- इस विरोध प्रदर्शन की अगुवाई महाराज घनशाम, दीवान हरि चंद और डा. ननद लाल ने की। हिंदू समुदाय के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए राजनीतिक पार्टियां भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गईं। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए गए। समुदाय के नेताओं ने रैली के दौरान घटना की कड़ी निंदा की। इन्होंने दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि इससे पूरे समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं।

## तुर्की के राष्ट्रपति की स्वीडन और फिनलैंड को धमकी

**निकोसिया, एजेंसी।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने एक बार फिर स्वीडन और फिनलैंड को धमकी दी है। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने कहा कि अगर वे अंकारा से किए गए अपने वादे पूरे नहीं करते हैं तो वे नाटो गठबंधन में शामिल होने के उनके प्रयासों को रोक देंगे। तुर्की की संसद में बोलते हुए राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा है कि तुर्की ने बारीकी से निगरानी की है कि क्या स्वीडन और फिनलैंड द्वारा किए गए वादों को पूरा किया गया था। उन्होंने कहा कि जब तक हमारे देश से किए गए वादे पूरे नहीं किए जाते, तब तक हम अपनी सैद्धांतिक स्थिति को बनाए रखेंगे। अंतिम निर्णय हमारी संसद द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी 30 सदस्य देशों द्वारा नाटो सदस्यता आवेदनों को मंजूरी दी जानी चाहिए। बता दें कि अब तक हंगरी और तुर्की को छोड़कर सभी नाटो सदस्य देशों ने स्वीडन और फिनलैंड की सदस्यता को मंजूरी दे दी है। इससे पहले मई माह में तुर्की ने घोषणा की थी कि वह नाटो में शामिल होने के लिए स्वीडन और फिनलैंड की मंजूरी को तब तक रोकेगा, जब तक कि ये दोनों देश अपने क्षेत्र में सक्रिय कुर्द आतंकवादी समूहों का समर्थन करना बंद नहीं कर देते।

## दक्षिण अफ्रीका में भारतीय, फ्रांसीसी मिशन ने अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया

**जोहानिसबर्ग।** महात्मा गांधी की जयंती पर मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के मौके पर यहां भारतीय और फ्रांसीसी वाणिज्य दूतावासों ने एक संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया। गांधी के शहर में रहने के दौरान उनके पहले आवास रहे 'सत्याग्रह हाउस' में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक कंपनी ने इस निवास स्थल को एक होटल में बदल दिया है जहां आगंतुक गांधी की जीवन शैली का अनुभव कर सकते हैं। 'सत्याग्रह हाउस' प्रबंधक एडना ओबरहोल्जर ने कहा, यह अब एक प्रांतीय संग्रहालय है और हम चाहते हैं कि यह एक राष्ट्रीय स्मारक बने। प्रबंधक ने कहा कि महात्मा गांधी और उनके निकट सहयोगियों ने इसे कार्य करने के अपने अड्डे के रूप में इस्तेमाल किया था। ओबरहोल्जर ने कहा, महात्मा गांधी की पहली आत्मकथा भी इसी घर में लिखी गई थी। फ्रांस के महावाणिज्य दूत एतियेन चैपोन ने कहा, जब मुझे सत्याग्रह हाउस का पता चला, तो मेरे और अंजू रंजन (जोहानिसबर्ग में भारत की महावाणिज्यदूत) के मन में संयुक्त कार्यक्रम आयोजित करने का विचार आया। रंजन ने कहा कि सत्याग्रह हाउस में कुछ खास बात है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555